संसेक्स 77,209.90 -269.03
डॉलर 83.568 -0.059
पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,640
01 किलो 89,420

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 3, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 24 जून 2024, वर्ष-30, अंक-246, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com





नीट पर बवाल के बीच शशि थरूर ने कसा उप्र...

RESIST! REDUCING SUBSTANCE INGESTION AND STOPPING TRAFFICKING

नशा से छुटकारे के लिए तुरंत संपर्क करें
रिनपास, रांची
केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान, रांची
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, देवघर
जिला अस्पताल के आईसीटीसी/एआरटीसी परामर्श केंद्र

टोल फ्री न॰ 112 (24x7) पर कॉल करें

मादक पदार्थों पर रोक के लिए पूर्णत: संकल्पित झारखण्ड सरकार...
आप, हम और झारखण्ड सरकार
मिलकर करेंगे
नशे पर वार



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR No. 327445 (IPRD) 2024-25

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## एक नजर



रांची प्रदेश कार्यालय में आसाम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा से भाजपा नेता उदय शुक्ला ने मुलाकात कर उनका स्वागत किया।

## आज कल




# बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में विस चुनाव लड़ेगी भाजपा

■ देश की सबसे भ्रष्ट और घटिया सरकार है झारखंड सरकार : शिवराज सिंह

■ पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं, सभी नेता-कार्यकर्ता उत्साहित : हिमंता विस्वा



ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री व झारखंड प्रदेश भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम व सह चुनाव प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने साफ कर दिया कि झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि संपन्न लोकसभा चुनाव में झारखंड भाजपा का प्रदर्शन बहुत शानदार रहा है और केंद्र में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में राज्य के लोगों का बहुत बड़ा सहयोग और समर्थन मिला है। विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार देश की सबसे भ्रष्ट, घटिया और खराब सरकार है। 2019 विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने जनता से जितने भी वादे किए, एक भी वादा नहीं निभाया। युवाओं को सरकारी नौकरियों देने का वादा किया गया, संविदा पर नौकरी करने वालों को स्थायी करने का वादा किया था। बेरोजगारों को भत्ता देने का वादा किया था। लेकिन सरकार बनने के बाद एक वादा पूरा नहीं किया, उल्टे पूरी सरकार और प्रशासन में बैठे लोग राज्य की संपत्ति लूटने में व्यस्त हो गए। आज झारखंड में हर तरफ लूट मची है। ऐसा लूट हमने ना तो देखा है और ना ही सूना है। इसलिए हमें कुशासन की सरकार हटाकर यहां सुशासन सरकार स्थापित करना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले साल में केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को ग्रामीण विकास विभाग में 21 हजार करोड़ से भी अधिक की राशि दी है, इस राशि का एक-एक पैसा का हिसाब जल्द लेंगे और सभी का काला चिट्ठा खोलेंगे।

असम के सीएम और सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने अपने ही अंदाज में कहा कि लोकसभा चुनाव झारखंड में 9 सीटों पर जीत हमारे लिए शानदार और जोरदार है, इसके लिए वे यहां की जनता के समक्ष नतमस्तक है, उनका धन्यवाद और आभार प्रकट करते हैं। कुछ सीटों पर हार-जीत होती रहती है, लेकिन यह जीत हमारे लिए मनोबल बढ़ाने वाला है। हिमंता ने स्वीकार करते हुए कहा कि 2019 शेष पृष्ठ 11 पर

# जनभावना के अनुरूप राज्य का कर रहे नवनिर्माण : चंपाई

● राज्य की जनता को हमारी सरकार कई नई सौगात देने जा रही है

● सूबे के बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगा

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची/ जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला स्थित मऊभंडार में आयोजित विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी के सहयोग और भागीदारी से झारखंड को अव्वल राज्य बनाएंगे। झारखंड को संवारना है। इस राज्य को नई दिशा देना है। समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे बढ़ाना है। इसी प्रतिबद्धता के साथ हमारी सरकार हर मोर्चे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता को हमारी सरकार कई नई सौगात देने जा रही है। अब बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगा। वहीं, 25



वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम उम्र की बहनों और बेटियों को सरकार आर्थिक सहायता देने जा रही है। किसानों के दो लाख रुपए तक का कृषि लोन माफ करने का भी निर्णय सरकार ने लिया है। इन योजनाओं के जरिए राज्य की जनता को आगे बढ़ाने और सशक्त बनाने का प्रयास हो रहा है।

**इस वित्तीय वर्ष 4.50 लाख अबुआ आवास की मिलेगी सौगात :** राज्य में अबुआ आवास योजना से इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.50 लाख आवास का आवंटन होगा। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के निर्देश पर ग्रामीण विकास विभाग जिलावार लक्ष्य तय करने में जुटा है। लाभुकों की संख्या में वृद्धि होने की वजह से सरकार ने यह लक्ष्य तय किया है। संभवतः अगले सप्ताह इसे फाइनल कर दिया जाये। सभी जिलों को मिलाकर करीब 4.50 लाख आवास का आवंटन किया जायेगा यानी इतने बेघरों के लिए तीन कमरों के आवास निर्माण की स्वीकृति दी जायेगी। जानकारी के अनुसार जिलों से रिपोर्ट मंगायी गयी है। इसकी समीक्षा की जा रही है। विभागीय सचिव ने आवास आवंटन में पूरी पारदर्शिता बरतने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दो लाख लाभुकों शेष पृष्ठ 11 पर

### 20 लाख गरीबों को देंगे पक्का मकान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपने दम पर अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख गरीबों और जरूरतमंदों को पक्का मकान उपलब्ध करा रही है। हमारी सरकार का संकल्प है कि इस राज्य में कोई भी व्यक्ति मिट्टी का कच्चा घर या झुग्गी झोपड़ी पर रहने को मजबूर नही रहे। सबके पास अपना पक्का मकान हो यह राज्य सरकार का लक्ष्य है।

# ग्रामीणों के साथ मिलकर पति ने कर दी पत्नी की हत्या

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के खंभा गांव में देर रात एक महिला संपति उरांव (40) की उसके पति ललितेश उरांव ग्रामीणों ने मिलकर टांगी से मार कर हत्या कर दी। घटना के दौरान बीच-बचाव करने आयी मृतका की मां समिया उरांव के साथ भी मारपीट की गई। घटना के पीछे जमीन विवाद बताया जा रहा है। इस बाबत मृतका के पिता पुनई उरांव ने रविवार को बताया कि शनिवार को सुबह गांव के लोगों और मृतका के पति के द्वारा बारी में रास्ता देने को लेकर विवाद हुआ था, जिस पर पुनई उरांव ने कहा कि अगर बगल जमीन का मालिक बंधु उरांव भी अपना जमीन देने को तैयार है तो मैं भी अपना कुछ हिस्सा जमीन रास्ता के लिए दे दूंगा। उसने बताया कि शाम होने पर सुधीर लोहरा अपना ट्रैक्टर लेकर आया और पुनई उरांव के बारी में तार से बने बाउंड्री को तहस-नहस कर तोड़ डाला। मृतका का 14 वर्षीय बेटा करीब नौ बजे बारी को देखने के लिए गया हुआ था। इस दौरान मृतका संपत्ति उराईन भी अपने बेटे को बुलाने बारी में चली गई। इधर ताक लगाए बैठे अपराधियों ने उसपर हमला कर दिया। हमलावरों में मृतका के पति ललितेश उरांव भी शामिल था। प्रत्यक्षदर्शी मृतक के बेटे रामचंद्र उरांव ने बताया कि सबसे पहले शेष पृष्ठ 11 पर

# फर्जी एलपीसी निर्गत करने के मामले में कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड अंतर्गत अंचल अधिकारी के आईडी पासवर्ड का प्रयोग कर रजिस्ट्रार को अग्रसारित करते हुए फर्जी एलपीसी निर्गत करने के आरोप में पाटन थाना क्षेत्र के सिक्की कला पंचायत अंतर्गत ग्रामझरीनिमिया के रहने वाले राम निहोरा सिंह के 32 वर्षीय पुत्र। नीलांबर पीतांबरपुर अंचल कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक कुमार सिंह को लेस्लीगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ज्ञात हो कि फर्जी एलपीसी निर्गत करने के



मामले में चैनपुर अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल के द्वारा तीन कंप्यूटर ऑपरेटर बाबूलाल,तथा शिव कुमार पर सीओ का फर्जी हस्ताक्षर कर एलपीसी निर्गत करने के मामले में प्राथमिक दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था।आवेदन पर कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त दीपक कुमार सिंह को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। हालांकि दीपक की गिरफ्तारी के बाद नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। साथ ही आरोप लगाया की तीनों कंप्यूटर ऑपरेटर पर मामला दर्ज कर उन्हें बलि का बकरा बनाया जा रहा है। इस घटना की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए, ताकि दोषी फंसे नहीं और निर्दोष बचे नहीं। शेष पृष्ठ 11 पर

# हरिवंश प्रभात को मिला झारखंड गौरव सम्मान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सह कवि हरिवंश प्रभात को वर्ष 2024 का झारखंड गौरव सम्मान रविवार को स्टार वॉर्स ग्लैमर इंडिया द्वारा रांची के स्वागतम बैंक्वेट हॉल में आयोजित ग्रैंड फिनाले में दिया गया। कांग्रेस नेता हुसैन खान ने उन्हें यह सम्मान दिया। हरिवंश प्रभात फिलहाल साहित्यिक संस्था परिमल प्रवाह के संरक्षक होने के साथ साथ ही दर्जनों पुस्तकों की रचना की है। बता दे कि पूर्व में भी वह शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय योगदान के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने सुप्रसिद्ध गीत 'रुक-रुक परदेसी पलामू जिला देख ले की रचना की थी। उन्हें झारखंड गौरव सम्मान मिलने पर शिक्षाविदों व साहित्यप्रेमियों में हर्ष का माहौल है।



## इंडिया



सुनील बादल

*इन विधेयकों को लोकसभा ने 20 दिसंबर को और राज्यसभा ने 21 दिसंबर को मंजूरी दे दी। राज्यसभा में विधेयकों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए जाने के बाद ध्वनि मत से पारित किया गया था।*

# ठग अब 420 नहीं 316 कहलाएंगे 101 से हत्यारों को सजा

अंग्रेजों के जमाने के आपराधिक कानूनों की जगह तीन नए कानून अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे, जो क्रमशः भारतीय दंड संहिता (1860), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (1898) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) का स्थान एक जुलाई से लेंगे। पहले भारतीय दंड संहिता में 511 धाराएं थीं, अब भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के बाद 20 नए अपराध शामिल भी किए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई है। 83 अपराधों में जुमार्ने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान है। छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को 12 दिसंबर 2023 को केंद्र सरकार ने अगस्त में पेश किए गए पिछले संस्करणों को वापस लेते हुए संसद के निचले



सदन में तीन संशोधित आपराधिक विधियकों को फिर से पेश किया था। इन विधेयकों को लोकसभा ने 20 दिसंबर को और राज्यसभा ने 21 दिसंबर को मंजूरी दे दी। राज्यसभा में विधेयकों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए जाने के बाद ध्वनि मत से पारित किया गया था। संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि अब सजा देने के बजाय न्याय देने पर फोकस है। आईपीसी की धारा 124 राजद्रोह से जुड़े मामलों में सजा का प्रावधान था नए कानूनों के तहत 'राजद्रोह' को एक नया शब्द 'देशद्रोह' मिला है यानी ब्रिटिश काल के शब्द को हटा दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता में अध्याय 7 में राज्य के विरुद्ध अपराधों कि श्रेणी में 'देशद्रोह' को रखा गया है। आईपीसी की धारा 144 घातक हथियार से लैस होकर गैरकानूनी सभा में शामिल होना के बारे में थी। इस धारा को भारतीय न्याय संहिता के अध्याय 11 में सार्वजनिक शांति के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में रखा गया है। अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 187 गैरकानूनी सभा के बारे में है। पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 में आरोपी बनाया जाता था अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 से सजा मिलेगी। नए कानून के अनुसार, हत्या की धारा को अध्याय 6 में मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध कहा जाएगा। पहले हत्या करने के प्रयास में दोषी को आईपीसी की धारा 307 के तहत सजा मिलती थी। अब ऐसे दोषियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत सजा सुनाई जाएगी। इस धारा को भी अध्याय 6 में रखा गया है। दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को पहले आईपीसी की धारा 376 में परिभाषित किया गया था। भारतीय न्याय संहिता में इसे अध्याय 5 में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में जगह दी गई है। नए कानून में दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को धारा 63 में परिभाषित किया गया है। वहीं सामूहिक दुष्कर्म को आईपीसी की धारा 376 डी को नए कानून में धारा 70 में शामिल किया गया है।पहले मानहानि के मामले में आईपीसी की धारा 399 इस्तेमाल की जाती थी अब अध्याय 19 में आपराधिक धमकी, अपमान, मानहानि में इसे जगह दी गई है। मानहानि को भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 में रखा गया है। भारतीय न्याय संहिता में शेष पृष्ठ 11 पर

9.5 करोड़ की राशि से डैम का रेनोवेशन होगा

# वर्षो से उपेक्षित कचरवा डैम के दिन बहुरने की उम्मीद जगी

☞ शहरवासियों को जल्द मिलेगा, पिकनिक रिसोर्ट

☞ एक माह के अंदर काम शुरू हो जाएगा : नगर आयुक्त

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड से सटे नगर निगम क्षेत्र में कचरवा डैम को विकसित करने का काम अभी तक पूरा नहीं हो सका है। नगर निगम कई बार इस पर कार्य योजना तैयार कर मूर्त रूप देने का सब्ज बाग नगरवासियों को दिखलाया। लेकिन योजना के क्रियान्वयन की दिशा में कोई प्रगति नहीं हो सका है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में इस पर निर्णय लिया गया था। जिसमें कचरवा डैम को पिकनिक रिसोर्ट की तर्ज पर बनाने की परिकल्पना की गई। साथ ही डैम के सभी किनारों का भी सौदर्यीकरण करने पर सहमति बनी थी। जो आज तक अधूरा है। इसके अलावा डैम के आस-पास के इलाकों को सुंदर व स्वच्छ बनाने की योजना लंबित है।



### निविदा निकली, शीघ्र शुरू होगा काम

कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन के तहत 9.5 करोड़ की राशि से डैम का रेनोवेशन करने की योजना है। इस संबंध में नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने बताया कि एक माह के अंदर इस पर काम शुरू हो जाएगा। इसके तहत डैम की सफाई, आउट लेक समेत कई काम का किये जाने हैं। उन्होंने बताया कि इस काम का निविदा प्रकाशित हो चुका है। काम का आवंटन कर दिया गया है। अब इस पर काम शुरू होना है, जो बहुत जल्द शुरू हो जाएगा।

**अतिक्रमण मुक्त करने की मांग :** इधर कई संगठनों ने कचरवा डैम को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग जिला प्रशासन से की है। जिसमें कहा गया है कि डैम के सभी किनारों को अतिक्रमण मुक्त कर उसको सौदर्यीकरण किया जाय। इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित व संर्वधित किया जाना जाहिए है। ऐसा करने से शहर का विकास होगा। शेष पृष्ठ 11 पर




## एक नजर

### बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, 9 पर मामला दर्ज, 89 हजार फाइन लगा

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 9 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 9 लोगों के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 9 लोगों पर 89 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें विनय शर्मा, बैजनाथ शर्मा, रामजय शर्मा, राजू साव, हरिपुजन सिंह, दौलत सिंह, उमेश यादव, सुरेंद्र पासवान व अजीत कुमार शामिल हैं। सभी हैदरनगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। यह जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। छापामारी में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार व रंजीत कुमार शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जेबीवीएनएल के आदेश पर आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। बकाएदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी।

### पुलिस ने तस्करों से 10 गोवंशीय पशु को कराया मुक्त

# वाहन जब्त, चालक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** विश्रामपुर एसडीपीओ राकेश सिंह के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार के नेतृत्व में 10 गोवंशीय पशु के साथ टाटा 407 वाहन को जब्त किया गया है। वाहन से औरंगाबाद की ओर जा रही थी। नावाबाजार पुलिस द्वारा वाहन को गोवंशीय पशुओं के साथ जब्त कर थाना लाया गया। वहां सभी मवेशियों को पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच करते हुए इंजेक्शन लगाया गया। थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने 407 वाहन चालक सहित अन्य पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई। सभी पर झारखंड गोवंशीय पशु क्रूरता प्रतिषेध अधिनियम 2005 व 11 पशु के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 के तहत मामला दर्ज किया गया। नावाबाजार थाना क्षेत्र के नावा निवासी राहुल प्रसाद गुप्ता पिता राम प्रसाद गुप्ता को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। साथ हीं अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध छापेमारी अभियान की जा रही है।

# आप नेता ने पांकी विधायक पर लगाया कई आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पांकी विधायक दलित और आदिवासी समाज को केवल धोती और साड़ी देकर ठगने का काम कर रहे हैं। वह इस समाज को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत नहीं करना चाहते है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पांकी विधानसभा के नेता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वह सतबरवा के ग्राम एकता में ग्रामीणों से मिलने के दौरान कही। उन्होंने कहा की 5 सालों में विकास कार्य शून्य है। विधायक केवल अपना पेट भरने के लिए कोटा के राशि का बंदर बांट कर अनाप-शनाप तरीके से पैसा निकासी कर रहे है। इसकी जांच के लिए वे मांग उपयुक्त पलामू से करेंगे। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा में नया चेहरा के हाथों में विधानसभा का कमान सौपना होगा तब जाकर विधानसभा का कायाकल्प दूर होगा। मौके पर श्याम बिहारी सिंह, रविंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, मनोज कुमार, अखिलेश कुमार, अमरेश कुमार मेहता, जगन भुइयां, अरुण कुमार गुप्ता, अमित गुप्ता, राजेश गुप्ता, शंकर गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अरविंद साव सहित अन्य उपस्थित थे।


## न्यूज बॉक्स

### शिक्षकों ने बेहतर तरीके से शिक्षण सामग्री का निर्माण किया : डीईओ




**मेदिनीनगर।** टीएलएम समागम सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस प्लस टू विद्यालय कार्यशाला रविवार को समाप्त हो गया। चार दिवसीय शिक्षण सामग्री कार्यशाला समाप्ति के अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा ने कहा कि पलामू के सभी शिक्षकों ने बहुत ही बेहतर तरीके से शिक्षण सामग्री का निर्माण किया है। 25 जून को शहर के जिला स्कूल के प्रशाल में टीएलएम मेला में इसका प्रदर्शनी किया जाएगा। इसके बाद यहां से बेहतर करने वाले शिक्षक उनके शिक्षण सामग्री को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल कराने के लिए चार से 6 जुलाई को टाना भगत स्टेडियम खेलगांव रांची में भेजा जाएगा। राज्य स्तरीय निपुण समागम को लेकर राज्य साधन सेवी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि पलामू जिले से 100 शिक्षक-शिक्षिकाएं निपुण समागम में भाग लेंगी। जिसमें यहां से हिंदी, अंग्रेजी, गणित प्रत्येक विषय में तीन बेहतर शिक्षण सामग्रियों का प्रदर्शन राज्य स्तरीय निपुण समागम में किया जाएगा। बता दे कि कि 4 से 6 जुलाई तक रांची खेलगांव में आयोजित होने वाले निपुण समागम में झारखंड के सभी 24 जिले से चयनित शिक्षक व शिक्षिकाएं अपने शिक्षण सामग्री को लेकर प्रदर्शन में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्राइमरी शिक्षकों के प्रोत्साहन, उनके उन्मुखीकरण के लिए अन्य कार्यक्रम भी सम्मिलित हैं। उनमें मोटिवेशनल स्पीकर द्वारा इन शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जाना भी सम्मिलित है। यह निपुण समागम राज्य के प्राथमिक शिक्षकों के शिक्षण में उन्मुखीकरण आयोजित है। इसके माध्यम से राज्य में अध्यनरत प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों का शिक्षण गुणवत तरीके से दिया जाना संभव हो सकेगा। समापन समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा, एडीपीओ उदय कुमार सिंह, एपीओ जॉन मुथू, अशोक रजक, कार्यालय लिपिक महेंद्र सिंह समेत राज्य साधन सेवी दिनेश कुमार शुक्ल, नंदकिशोर कुमार, पूजा सिन्हा, अभिषेक राज, डायट संकाय सदस्य प्रेमलता कुमारी एवम जिले के सभी प्रखंडों से 100 शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### विधायक की पहल पर लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर



**पाटन।** प्रखंड के करर कला खुर्द गांव में कुछ दिन पूर्व लगा ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के जिला परिषद के विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह को दी। उमेश सिंह ने तत्काल इस पर पहल करते हुए पूर्व सांसद मनोज कुमार तथा पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी को जानकारी दिया। विधायक पुष्पा देवी के प्रयास से करर कला खुर्द गांव मे 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया गया। गांव के लोगों में विधायक के प्रति हर्ष है। इस संबंध में उमेश सिंह ने कहा कि विधायक पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के समस्या के समाधान के लिए हमेशा सजग है। 100 केवीए ट्रांसफार्मर के उद्घाटन के मौके पर समाज सेवी शैलेश मेहता, विकास साव, राजू माली, जितेंद्र सिंह, मनोज सिंह, सुरेश यादव, विजय महतो, धर्मदेव शाह, जीतवाहन सिंह, सुरेंद्र सिंह, परशुराम महतो, गुड्डू महतो, निहोरा पासवान, नीरज सिंह सहित काफी संख्या में लोगों उपस्थित थे।

### कार्य के दौरान कॉलेज का गेट गिरने से मजदूर घायल, रेफर

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के एके सिंह कॉलेज में शनिवार की देर शाम कार्य करने के दौरान एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर



पाटन थाना क्षेत्र के शोले गांव निवासी महेंद्र भुईयां का पूत्र द्वारिका कुमार बताया गया है। जानकारी के अनुसार एके सिंह कॉलेज परिसर में शनिवार शाम गेट पेंटिंग का कार्य हो रहा था, इसी दौरान अचानक गेट उसके शरीर पर गिर गया। जिससे वह दबकर घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल उसे इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, वहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिये एमएमसीएच रेफर कर दिया है।

# अर्हता रखने वाले लोगों को मिलेगा शहरी आवास : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के शहरी आवास योजना से वंचित 72 लाभुकों ने रविवार को प्रखंड कार्यालय पहुंच कर बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी कुमार अरविंद बेदिया से मुलाकात किया। पूर्व विधायक ने कार्यपालक पदाधिकारी को वंचितों के परेशानी से अवगत कराते हुए उन सभी को आवास योजना का लाभ देने की मांग की। वहीं बीडीओ ने आश्वासन दिया की जांचोंपरांत वंचित योग्य लाभुकों को शहरी आवास योजना का लाभ मिलेगा। मालूम हो कि शहरी आवास योजना के तहत 842 लाभुकों का चयन किया गया था। जिसमें विभिन्न आरोपों के कारण 212 लाभुकों का चयन निरस्त कर दिया गया था। इसे लेकर पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता सहित विभिन्न राजनीतिक दलों व प्रतिनिधियों द्वारा फिर जांच की मांग की गयी थी। बाद में नगर पंचायत कार्यालय द्वारा 140 लाभुकों को जांचों उपरांत स्वीकृत कर दिया गया। शेष 72 लाभुकों को अभी तक इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समस्याओं के लिए वे हर वक्त तत्पर हैं। मुलाकात करने वालों में कुंती देवी, विकास मेहता, मन्त्रा देवी, जगती देवी, रुक्मिणी देवी, चंद्रदीप महतो, सुमित्रा देवी, रामजी मेहता, रेशमी देवी, कविता देवी, सरिता देवी, मुन्नी देवी, शांतु मेहता, हिरदा कुंवर सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थें।



### शहीद युगंबर दीक्षित का 25वां शहादत दिवस मना

# देश की रक्षा करते हुए जो शहीद होता है वह अमर हो जाता है : देवेंद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के जगतपुरवा मोड़ के समीप कारगिल के शहीद युगंबर दीक्षित का 25 वां शहादत दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने शहीद के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर शहीद स्मारक समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों को फूल माला देकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि जो जवान अपनी मातृभूमि की सेवा करते हुए शहीद होता है। वह हमेशा के लिए अमर हो जाता है। एक साधारण परिवार में जन्मे युगंबर दीक्षित ने भी 1999 के कारगिल युद्ध में देश की सेवा करते हुए शहीद हो गए। आज का दिन पूरे देश के लिए गौरव का दिन है, क्योंकि आज ही के दिन युगंबर दीक्षित ने देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त किया था। उनकी सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके मूल्यों, आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि आज खासकर युवा वर्ग बड़ी तेजी से अपने रास्तों से भटक रहा है। आजादी के बावजूद देश कई तरह की आंतरिक समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में हम सभी को देश और समाज की रक्षा करने के लिए आगे आना होगा। कार्यक्रम में भोजपुरी के प्रसिद्ध व्यास प्रेम गिरि, राघव तिवारी व उदय तिवारी द्वारा गीत संगीत के माध्यम से लोगों में देशभक्ति की भावना जगाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंजय तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन हरतुआ मुखिया अरविंद शुक्ला ने किया। इस अवसर पर शंकर दयाल तिवारी, सुरेंद्र शुक्ला, उमेश तिवारी, अनिल शुक्ला, अजीत सिंह, गुड्डू सिंह, विनोद तिवारी, अरविंद डिसील्वा, मदन तिवारी, अशोक सिंह, रिंकू लाल, सुशील तिवारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## शिक्षा जगत

### मजदूर किसान महाविद्यालय में एक दिवसीय संगोष्ठी

# पौराणिक शिक्षा पद्धति को रेखांकित करने पर बल




**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** मजदूर किसान महाविद्यालय के सभागार में इतिहास विभाग द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप जला कर संगोष्ठी की शुरूआत की गई। संगोष्ठी का विषय व्यक्तित्व निर्माण में प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति का योगदान था। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि एसएमएस डिग्री कॉलेज तरहसी के प्राचार्य प्रोफेसर प्रभाकर ओझा थे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर दिलीप कुमार राम ने आधुनिक शिक्षा पद्धति, पौराणिक शिक्षा पद्धति को रेखांकित कर बेहतर शिक्षा के लिए सामंजस्य पर बल दिया गया। इतिहास विभाग के व्याख्याता प्रोफेसर पंकज कुमार ने वैश्विक काल से चली आ रही शिक्षा के वर्तमान शिक्षा पद्धति में उस समय के कला, विज्ञान, संस्कृतिक गतिविधियों के परिणाम को परिभाषित किया। साथ ही आधुनिक व्यवस्था में और बेहतर परिणाम के लिए लक्ष्य केंद्रित शिक्षा पद्धति अपनाने पर जोर दिया। पूर्व प्राचार्य डॉक्टर प्रेमचंद महतो ने कहा कि यदि पुरातन शिक्षा व्यवस्था आज की व्यवस्था से बेहतर परिणाम देने में सक्षम था। जिसका साख पूरे विश्व में भारत द्वारा होता था और भारत विश्व गुरु कहलाता था। लेकिन आज के आधुनिक चकाचौंध में अपने गौरव को भूलते जा रहे हैं। हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर बंशीधर सिंह ने कहा कि हमारे साहित्य जगत में ऐसी ऐसी रचनाएं महापुरुषों ने दी है,जो समाज के लिए सदियों से मार्गदर्शन बनी हुई है। गौरतलब यह है कि यह सभी महापुरुष पुरातन शिक्षा संस्कृति गुरुकुल से निकलकर छाए हुए हैं। उनका स्वयं का मानना है कि शिक्षा में जिस तरह विषयों का चुनाव होता है। इस तरह पद्धतियों पर भी विचार होना चाहिए, इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए सत्र 2022 -26 इतिहास विभाग के छात्र मोहम्मद आवेश राजा ने पौराणिक शिक्षा पद्धति को आधुनिकता से जोड़कर नैतिक शिक्षा से दूर होते हुए छात्रों का ध्यान आकृष्ट कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रभाकर ओझा ने कहा कि छात्र- छात्राओं को जीवन में प्रखरता लाने के लिए इस तरह के मंच के नितांत आवश्यकता है। जहां हमें विषय के विषयों के प्रति जिज्ञासा,जिज्ञासु बनकर जानने और बताने की उत्सुकता बनी रहती है। उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य, आईयूपीएसी समन्वयक एवं इतिहास विभाग को आज के संगोष्ठी के विषय के लिए प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वास्तव में मजदूर किसान महाविद्यालय संगोष्ठी के माध्यम से छात्रों को बेहतर उपलब्धि देने के लिए कदम बढ़ा चुका है,जो अन्य महाविद्यालय के लिए प्रेरणाप्रद है। आईक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर राजीव रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के प्राध्यापक डा. राजेश्वर चौधरी द्वारा किया गया। संगोष्ठी कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

# राधास्वामी संगठन वाहन योजना के तहत लाभुक को 40 प्रतिशत अनुदान पर मिला वाहन




**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** राधास्वामी संगठन के सगालिम स्थित जिला कार्यालय में रविवार की दोपहर संगठन से जुड़े लाभुक को वाहन योजना के तहत 40 प्रतिशत अनुदान पर वाहन प्रदान किया गया। इस अवसर पर संगठन द्वारा प्रदान किए गए नए चार पहिया वाहन का विधिवत पूजन हुआ। कार्यक्रम में संगठन के जिला प्रभारी आशीष कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, पांकी प्रखंड प्रभारी अरविंद कुमार समेत अन्य अतिथियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात लाभुक को चाभी सौंपते हुए उन्हें सम्मानित भी किया गया। मौके पर राधा स्वामी संगठन के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राधा स्वामी संगठन समाज के सभी वर्ग के लोगों की सेवा के लिए तत्पर है। संगठन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जाति धर्म संप्रदाय अमीरी गरीबी इत्यादि की पात्रता सिद्ध नहीं करनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि संगठन कन्यादान योजना के अंतर्गत लड़कियों की शादी के समय एक लाख नकद व तीन लाख का उपहार सामग्री प्रदान करती है। वाहन योजना के अंतर्गत नए वाहन की खरीदारी पर 40 प्रतिशत तक का अनुदान प्रदान करती है। साथ ही आवास योजना के अंतर्गत 80 प्रतिशत के अनुदान के साथ मकान बनाकर देती है। उन्होंने बताया कि संगठन के साथ जुड़, लाभकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने घर परिवार, समाज को खुशहाल बनाएं। मौके पर पंचायत प्रतिनिधि मंजू कुमारी, पंचायत प्रतिनिधि पूजा देवी, अल्ताफ अहमद, धनंजय कुमार महतो ,चंदन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।





## एक नजर

### मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक पहले भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। उसके पास से चोरी का एक मोटरसाइकिल पुलिस ने जब्त की है। बता दें कि बीते कुछ दिनों से लगातार मोटरसाइकिल चोरी की घटना शहर थाना क्षेत्र में हो रही थी। शुक्रवार दोपहर सदर अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय के सामने से चैनपुर के पूर्णा मंझीगावां के रहने वाले राजेंद्र मिस्त्री की मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। इससे कुछ दिनों पूर्व एक निजी अस्पताल, व चिकित्सक के क्लीनिक के सामने से भी मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी है। मोटरसाइकिल चोरी की बढ़ रही घटना पर रोक लगाने के लिए शहर थाना पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, पुत्र घायल




**मेदिनीनगर।** पांकी मुख्य पथ स्थित शाहद गांव में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के दारूडीह गांव निवासी सुदर्शन सिंह की पत्नी अस्तु देवी की मौत हो गई। दुर्घटना में उसका पुत्र भी घायल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया की लेस्लीगंज के दारुडीह गांव के शशिकांत कुमार अपनी मां के साथ लातेहार प्रखंड के बालूमाथ से अपने घर वापस आ रहा था। इसी क्रम में शाहद गांव के नजदीक शशिकांत को झपकी आ गई। इससे घबराकर ब्रेक लेने की वजह से उसकी मां मोटरसाइकिल से गिर गई। महिला को बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच भर्ती कराया गया। वहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। का दाह संस्कार दारूडीह में किया गया।

**सांसद ने राज्य व केंद्र की महत्वपूर्ण योजना की समीक्षा की**

# एनएच 75, 98 के फोरलेन सड़क निर्माण में तेजी लाएं: सांसद




### ■ लंबित कार्यों को शीघ्र ही पूरा करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने रविवार को जिला समाहरणालय सभागार में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की। सांसद ने मेदिनीनगर फेज टू पेयजलापूर्ति योजना, सोन, कोयल, ओरंगा पाइपलाइन सिंचाई योजना, भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत एनएच 75, 98 का फोरलेन सड़क व फोरलेन बाईपास निर्माण के कार्यों की जानकारी ली। सांसद ने क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर भी चर्चा की। साथ ही विभिन्न योजनाओं की धीमी गति के कारण सांसद ने पदाधिकारियों को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 75, 98 के फोरलेन सड़क के कुछ जगहों पर रुके हुए कार्यों को भी जल्द ही शुरू करा दिया जाएगा। कुछ स्थानों पर लोगों को मुआवजा मिल गया है व कुछ मुआवजे की राशि बाकी है, जिसके कारण कार्य बाधित है। उसे अविलंब मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया, जिससे निर्माण कार्य जल्द पूर्ण हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनन्द, नगर निगम के आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुन्दन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चापानल को चिन्हित कर यथाशीघ्र दुरुस्त कराने का निर्देश : वीडी राम

> लोगों को पीने का पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं किया जा सकता

पलामू सांसद ने नल जल योजना के तहत पलामू जिला अंतर्गत विभिन्न जगहों पर खराब पड़े जल मीनार, चापानल को चिन्हित कर यथाशीघ्र दुरुस्त कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को पीने का पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं किया जा सकता। नल जल योजना के तहत अपने प्रतिनिधियों, कार्यकताओं, मंडल अध्यक्षों से खराब पड़े जलमीनारों, चापानलों की मंगाई गई विस्तृत सूची को भी पदाधिकारियों को सौंपा।

**श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिसव के रूप में मनाया**

## मानवता के उपासक थे श्यामा प्रसाद : अभिमन्यु

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भाजपा ने रविवार को जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में जिले के सभी बूथों पर मनाई। नगर निगम क्षेत्र के बूथ संख्या 185 पर हुए कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं ने मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। वरिष्ठ भाजपा नेता अभिमन्यु तिवारी कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक व सिद्धान्तवादी थे। मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से सभी भारतीय एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वह विभाजन के कट्टर विरोधी थे। जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। साथ ही राष्ट्र व समाज सेवा में प्रत्येक व्यक्ति द्वारा ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी से प्रेरणा लेते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। मौके पर विजय ठाकुर, भागलपुरी यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जीयर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास व्रत शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारत के महान मनीषी तपोनिष्ठ पूज्य संत प्रातः स्मरणीय 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम कृपापात्र श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास व्रत (2024)का शुभारंभ हो गया है। विंध्य क्षेत्र अंतर्गत पलामू जिले के सिंगरा (मेदिनीनगनर) स्थित कोयल व अमानत नदी के पावन संगम स्थल पर 23 जून से शुरू होकर यह धार्मिक व आध्यत्मिक आयोजन 17 अक्टूबर 24 तक चलेगा। श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए सैकड़ों भक्त रात दिन लगे हैं। उन्होंने प्रवचन व धार्मिक आयोजन में शामिल होकर इसका भरपूर लाभ उठाने की अपील की है। अध्यक्ष ने कहा कि रविवार को शाम छह से आठ बजे तक प्रतिदिन प्रवचन होगा।

## न्यूज | बॉक्स

### स्थायी कुलपति की नियुक्ति की मांग को लेकर छात्र संघों ने पोस्टर चिपकाओ अभियान शुरू किया




**मेदिनीनगर।** अखिल झारखण्ड छात्र संघ ने स्थायी कुलपति की मांग को लेकर नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रसाशनिक भवन कई जगहों पर स्थाई कुलपति की नियुक्ति करो लिखकर पोस्टर चिपकाया। आजसू धीरे धीरे स्थाई कुलपति की नियुक्ति के लिए आंदोलन को तेज कर दिया है, जिससे विश्वविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता पर अंकुश लगाया जा सके और विश्वविद्यालय सुचारु रूप से छात्र हित में कार्य करें। स्थाई कुलपति नहीं होने के कारण किसी भी विभाग का कार्य सही तरीके नहीं हो पा रहा है। पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं। वर्तमान में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति व प्रतिकुलपति नहीं है। इसका पूरा फायदा अन्य पदाधिकारी उठा रहे हैं। आजसू छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा कि पिछले एक वर्ष से नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में कुलपति व प्रतिकुलपति का पद रिक्त है। मगर एक वर्ष बीत जाने के बाद भी कुलपति प्रतिकुलपति की नियुक्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। राजभवन व सरकार के बीच टकराव के चलते छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ उचित नहीं है। विपिन शुक्ला ने कहा कि जल्द से जल्द स्थाई कुलपति की नियुक्ति नहीं होने पर आजसू आंदोलन को और तेज करेगा।

### कांग्रेस ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में रविवार को नीट यूजी परीक्षा 2024 में हुई धांधली के खिलाफ स्थानीय छःमुहान पर एनडीए सरकार के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस भवन के मैदान से कांग्रेसियों ने जुलूस के रूप में शहर के विभिन्न चौक-चौराहों भ्रमण करते हुए स्थानीय छ मुहान पहुंचे। कांग्रेस नेताओं ने शिक्षा में व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा व केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है उस प्रदेश में नीट पेपर लीक का मामला सामने आया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। पिछले 5 वर्षों में 43 भर्ती परीक्षा पेपर लीक हुआ। युवाओं का देश कहा जाने वाला भारत में आज युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। केंद्र की एनडीए सरकार इन युवाओं को कुशल व सम्पूर्ण बनाने की जगह उन्हें कमजोर बनाने पर तुली है। पिछले 10 साल में युवाओं का भविष्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता रहा है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक का सबसे बड़ा कारण है भाजपा ने पूरे सिस्टम को कब्जा कर रखा है। भ्रष्टाचार तार भाजपा शासित राज्यों से जुड़े हुए हैं। जब तक पूरा सिस्टम दुरुस्त नहीं होगा तब तक पेपर लीक होता रहेगा। मौके पर प्रदेश सचिव पूर्णिमा पांडेय, पप्पू अजर, ईश्वरी प्रसाद सिंह, अरविंद पासवान, राजेंद्र अग्रवाल, अशोक तिवारी, गिरजा राम, रिजवान खान, नफीस खान, विजय अग्रवाल, सोनू खान, शिवनाथ प्रसाद गुप्ता, अजय साहू, जितेंद्र कमलापुरी,अरविंद अग्रवाल, नसीम खान, जीशान खान, सच्चिदानंद मिश्रा, देवांग शुक्ला, रविंद्र कुमार, अनिल सिंह, नंदकिशोर मिश्रा, मनोज अग्रवाल, मनोज कुमार, सीटू पाठक, शेर खान, महेंद्र दुबे, खुर्शीद आलम, रविंद्र तिवारी, उमेश यादव, मनोज चंद्रवंशी, आरिज आलम, सौरभ पांडेय, अभिषेक चौधरी लोग उपस्थित थे।

## द्रोणाचार्य तीरंदाजी अकादमी के खिलाड़ियों ने साधा अपना लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के असवर पर द्रोणाचार्य तीरंदाजी अकादमी में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों ने अपने हुनर का जौहर दिखाते हुए 30 मीटर इंडियन बो प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन दिखाया। मौके पर पलामू तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष सुमित बर्मन ने कहा की खिलाड़ियों का सपना होता है कि वह ओलंपिक में भाग ले सके। वह प्रयास कर रहे हैं कि पलामू के खिलाड़ियों का यह सपना साकार कर सकें। ओलंपिक लक्ष्य है। खेल के क्षेत्र में जो तपता है, वही ओलंपिक खिलाड़ी बनता है। पलामू के खिलाड़ी बहुत ही मेहनती हैं। द्रोणाचार्य तीरंदाजी अकादमी के कोच अमरेश मेहता ने कहा कि इस बार का ओलंपिक खेल पेरिस देश में आयोजित किया जा रहा है। 26 जुलाई से ऑनलाइन देखकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा सकते हैं। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों के नाम युवराज पांडेय स्वर्ण पदक, मितांशु कुमार सहित अन्य लोगों ने हासिल किए हैं।

### मेहनत करने वाले ही इतिहास रचते हैं : सुमित बर्मन



**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर द कराटे एकेडमी में इंटर क्लब जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पलामू जूडो खिलाड़ियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। पलामू जूडो संघ के सचिव सुमित बर्मन ने कहा कि हर खिलाड़ियों का सपना होता है कि वह ओलंपिक में भाग ले। प्रयास किया जा रहा है कि पलामू के खिलाड़ियों का यह सपना साकार हो। ओलंपिक लक्ष्य है। मौके पर धोनी क्रिकेट अकादमी के कोच सनत चटर्जी ने कहा कि खिलाड़ी अपने सूझ-बूझ व मेहनत के बदौलत ओलंपिक जैसे प्रतियोगिताओं में मेडल जीतता है। द्रोणाचार्य तीरंदाजी अकादमी के कोच अमरेश मेहता ने कहा कि इस बार का ओलंपिक खेल पेरिस देश में आयोजित की जा रही है, जिसे 26 जुलाई से ऑनलाइन देखकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा सकते हैं। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में विजेता खिलाड़ियों में अंडर 10 में तमन्ना कुमारी,अंडर 16 में काजल कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता। बालक वर्ग में अंडर 7 कैटेगरी में प्रशोंकित ने, अंडर 10 कैटेगरी में आयुष्मान ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर 12 में शौर्य शुक्ला,अंडर 14 में डी, अंडर 19 में अफजल आलम भी स्वर्ण पदक जीता।

### मारपीट में युवक घायल

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र के लहलहे पंचायत के नौवाधोड़ गांव निवासी कवलधारी यादव के 35 वर्षीय पुत्र अवधेश यादव को अज्ञात अपराधियों ने शनिवार की रात मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार अवधेश यादव शनिवार की रात अपने बाइक से पोखराहा सामान लेने जा रहा था। रास्ते में पोखराहा गांव के पास चार पांच की संख्या में अपराधी उसे घेर कर मारपीट करने लगे। इससे अवधेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने अवधेश को परिजनों को जानकारी दी। घटना परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया। रविवार की सुबह परिजनों ने घटना की जानकारी सतबरवा थाना पुलिस को दी। पुलिस घटना में शामिल तीन अपराधियों को पड़कर पूछताछ के लिए थाना ले गई है। पुलिस मारपीट की घटना का कारण जानने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में पुलिस घायल युवक से भी पूछ-ताछ कर चुकी है।

**परेशानी**

**लोकल खराबी, फ्यूज उड़ने से विभाग की बढ़ी परेशानी**

# पॉवर कट और लोड शेडिंग से जनता हलकान

### शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी परेशानी

### गर्मी व लोड के कारण एलटी केबल में आग लग रही

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में निर्धारित मात्रा से कम बिजली आपूर्ति होने जिले में अघोषित पॉवर कट की स्थिति बन गई है। 24 घंटा में दर्जनों बार बिजली ट्रिप कर रही है। लोड शेडिंग कर बिजली की आपूर्ति करने से शहरी क्षेत्र में 15 से 18 घंटा जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में आठ से 10 घंटा बिजली मिल रही है। विभाग द्वारा पीक ऑवर में बिजली की कटौती कर देने से परेशानी और अधिक बढ़ गई है। पलामू जिला वैसे भी गर्मी से झुलस रहा है। उपर से बिजली की कमी ने लोगों को अधिक परेशान कर दिया है। बिजली नहीं रहने के कारण किसान महंगे दाम पर डीजल खरीद कर पटवन कर रहे हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। बिजली विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की कटौती कर शहरी क्षेत्रों में बिजली दे रही है। शहरी क्षेत्रों में भी हालत बदतर है। बिजली आपूर्ति ठप रहने के कारण लोग गर्मी से परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती के कारण सबसे ज्यादा बुरा हाल किसानों के साथ ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। शहरी क्षेत्रों में भी बिजली की कटौती जारी है। शहरों में लोड सेडिंग कर बारी बारी से विभिन्न मोहल्ला में बिजली की आपूर्ति की जा रही है। मेदिनीनगर डिवीजन में दो लाख 26 हजार उपभोक्ता हैं। मेदिनीनगर डिवीजन को गर्मी में प्रतिदिन 70 मेगावाट बिजली की जरूरत पड़ती है। बिजली विभाग के अनुसार गर्मी से पहले मेदिनीनगर डिवीजन में प्रतिदिन 55 से 60 मेगावाट बिजली की जरूरत होती थी, लेकिन अत्याधिक गर्मी पड़ने के कारण 70 मेगावाट की जरूरत पड़ रही है। गर्मी के मौसम में लोकल खराबी, फ्यूज उड़ने, गर्मी के कारण जगह-जगह केबल में आग लगने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है। फीडर में भी खराबी आने के कारण बिजली बंद की जा रही है। पलामू में भीषण गर्मी व लोड के कारण एलटी केबल में आग लग रही है। जिसके कारण भी विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है। इस संबंध में बिजली विभाग के शहरी क्षेत्र के एसडीओ से मोबाइल पर संपर्क कर उनका पक्ष लेने का प्रयास किया गया, लेकिन रिंग जाने के बाद रिसीव नहीं किए।



> 'विभागीय अधिकारियों के अनुसार पलामू जिला में 100 से 125 मेगावाट की जगह 65 से 70 मेगावाट ही बिजली मिल रही है। जिले में बिजली संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति नहीं होने के कारण पटवन की समस्या किसानों को हो रही है।'


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊजोवान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### युवती ने किया कीटनाशक दवा खा कर आत्महत्या करने का प्रयास

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के खरसोता गांव निवासी अशोक पासवान की पुत्री कृति कुमारी 23 वर्ष कीटनाशक खा कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया की किसी बात को लेकर घर में फटकार पड़ा था। उसी बात को लेकर कृति ने कीटनाश्क दवा खा ली। घटना के बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### शहर में कोचिंग सेंटर का उद्घाटन



**श्री बंशीधर नगर गढ़वा।** नगर पंचायत क्षेत्र के अहिपुरवा मोड स्थित साधना पैथोलॉजी पतंजलि आरोग्य केंद्र के मकान में जिज्ञासा इंस्टीट्यूट नामक एक कोचिंग सेंटर रविवार को खोला गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव सह जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय, वरिष्ट समाजसेवी नंदलाल प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीताकाट कर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कमलेश्वर पांडेय ने कहा कि जिज्ञासा शिक्षण संस्थान खुलने से बच्चों की अच्छी शिक्षा मिलेगी।

### पुण्य तिथि पर याद किए गए डॉ श्यामा प्रसाद

**गढ़वा।** रविवार को भाजपा के जिला कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक और पार्टी के प्रेरणा स्रोत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि के अवसर पर बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक विधान एक प्रधान और एक संविधान के लिए अपने आप को बलिदान कर दिया और उनके बलिदान देश को एक करने में आज सार्थक हुआ। क्योंकि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू कश्मीर को लेकर अपना बलिदानी दिया।

### नाली भरने वालों पर कानूनी कार्रवाई की मांग

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार में नाली व सड़क पर जलजमाव को लेकर बयानबाजी शुरू हो गयी है। कांडी पंचायत मुखिया विजय राम ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि वह प्रशासन से मांग करते हैं कि बाजार का अतिक्रमण और नाली जाम करने वालों को चिन्हित कर प्रशासन कार्रवाई करे। मालूम हो कि सड़क पर जलजमाव के विरोध में सांकेतिक रूप से धान की रोपनी की गई थी। मुखिया ने कहा कि पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद मामले में राजनीति कर रहे हैं।

### पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ ने वर्तमान विधायक पर लगाए कई आरोप, कहा

# सड़क में कोई टूट-फूट नहीं फिर भी 22 करोड़ मरम्मत पर खर्च

**संवाददाता। चिनियां**



भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने चिनियां-खुथूवा मोड़ सड़क मरम्मती के कार्य पर सवाल उठाया है। उन्होंने बताया कि छह साल पहले ही उन्होंने अपने कार्यकाल में 33 किमी लंबी इस सड़क का निर्माण एक अरब रुपये की लागत से कराया था। उक्त सड़क की गुणवता सही होने के कारण आज भी यह सड़क पूरी तरह से दुरुस्त है। सड़क पर कहीं भी टूट फूट नहीं है। उसके बावजूद 22 करोड़ रुपये की लागत से सड़क की मरम्मती की जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मरम्मत के नाम पर सड़क पर पतला लेयर बिछाकर करोड़ों रुपये की लूट की जा रही है। उन्होंने बताया कि सड़क की मरम्मत विशुद्ध रूप से रुपये के बंदरबांट के लिए ही किया जा रहा है। उससे सरकार को 22 करोड़ रुपये की राशि का चूना लग रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क बनाने के बजाए इस राशि से ग्रामीणों के लिए पेयजल की व्यवस्था करा देनी चाहिए थी। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण पानी की समस्या झेल रहे हैं। गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। उक्त राशि से प्रत्येक गांव में कम से कम 10-10 चापाकल लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री, पथ निर्माण विभाग के सचिव और जिला प्रशासन को इस मामले में संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसकी उच्चस्तरीय जांच के लिए वह सीएम चंपई सोरेन को भी पत्र लिख कर जानकारी देंगे। पूर्व विधायक ने कहा कि इस सड़क की तरह कई ऐसी योजनाएं हैं जो अभी ठीक हालत में हैं। सिर्फ सरकारी राशि की बंदरबाट के लिए ऐसा कारनामा किया जा रहा है।

# जलजमाव को लेकर बयानबाजी तेज

**संवाददाता। कांडी**




बाजार स्थित नाली व सड़क पर जलजमाव को लेकर अब बयानबाजी तेज हो गयी है। कांडी पंचायत मुखिया विजय राम ने रविवार को एक प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा है कि पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद के ही कार्यकाल में नाली का निर्माण किया गया था। जिसे ना तो ठेकेदार द्वारा नाली का कार्य पूर्ण किया गया ना ही जनप्रतिनिधि द्वारा कोई ध्यान दिया गया।

जबकि दोनों तरफ नाली का निर्माण कराया जाना था। उनके द्वारा सड़क पर हुए जलजमाव में धान की रोपनी कर विरोध दर्ज कराना उनको शोभा नही देता। अगर पूर्व मुखिया सड़क व नाली निर्माण में थोड़ा भी ध्यान दिए होते तो आज यह नौबत नही आती। अब रही बात रोड पर पानी बहने का तो कुछ ग्रामीणों द्वारा नाली को भर दिया गया है। पूछे जाने पर उन्होने साफ जवाब दिया गया कि नाली पर पटिया डालिए नहीं तो हम भर देंगे। मैंने कहा आपके घर के सामने नाली है तो आप स्वयं साफ कर लीजिए और अपना पटिया डाल दीजिए तो उन्हें कहा कि मेरा काम नहीं है। मैं पटिया का सारा खर्च देने के लिए भी तैयार था। लेकिन अनवर खलीफा ने कहा कि मेरा काम पटिया डलवाना नहीं है मेरा काम नाली भरना है। आपको जो करना है करिए हम उसका जवाब दे देंगे। पूर्व मुखिया रोड पर पानी जमे हुए में धान रोपवा रहे हैं व फोटो खिंचवा रहे हैं इसका निराकरण नहीं कर रहे हैं। मैं पुनः एक बार सभी ग्रामीण जनता से अनुरोध करना चाहता हूं की सभी एक साथ होकर अंचल कार्यालय का घेराव किया जाए ताकि बाजार और नाली अतिक्रमण मुक्त हो सके। नाली को मैं अपना निजी खर्च से साफ करवा रहा था लेकिन जिनके द्वारा अतिक्रमण किया गया है उन्होंने नाली साफ करवाने से इनकार कर दिया। ऐसी स्थिति में मुखिया ने 22 जून को कुछ ग्रामीण से पूछा की नाली क्यों नहीं साफ होने दे रहे हैं तो सभी ने कहा कि दोनों तरफ नाली बनवाइए और पटिया डलवाइये तब नाली साफ होने देंगे नहीं तो नाली साफ नहीं होने देंगे। इससे स्पष्ट है ठेकेदार द्वारा एक ही नाली जब पूर्ण नहीं कराया गया तो दोनों तरफ बनने का तो बात ही नहीं है। मुखिया ने अंचलाधिकारी से अनुरोध कर कहा है कि कांडी बाजार को अतिक्रमण मुक्त और नाली जिनके द्वारा भरा गया है उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई करने की अपील की गयी है।

# अंधविश्वास और झाड़फूंक के कारण सर्पदंश पीड़ितों की हो रही मौत : डॉक्टर

**संवाददाता। गढ़वा**

अक्सर गर्मी और बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। गांव में सर्पदंश के मरीज को लेकर जागरूकता की कमी के कारण लोग ओझागुणी और झाड़फूंक कराने लगते हैं। समय पर इलाज नहीं होने के कारण ऐसे मरीजों की मौत हो जाती है। जिलांतर्गत विभिन्न गांवों में काफी संख्या में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। सर्पदंश के मरीजों का समय से अस्पताल जाकर इलाज न कराकर उनका झाड़फूंक कराया जाता है। स्थिति बिगड़ने पर अस्पताल लाया जाता है तबतक काफी देर हो जाती है। मरीज को जान गंवाकर उसका कीमत चुकानी पड़ती है। हाल ही में चिनिया के एक मरीज की सर्पदंश के बाद झाड़फूंक के चक्कर में जान चली गई। उसके परिजन ओझा गुनी के चक्कर में पड़े रहे। सदर अस्पताल पहुंचने के बाद भी फोन के माध्यम से झाड़ फूंक का सिलसिला चलता रहा। आखिरकार उक्त मरीज की मौत भी हो गई। गर्मी के बाद जब बारिश का मौसम आता है तो खेती बारी का काम भी तेज हो जाता है।



### मायर टोला में सर्प दंश से महिला की मौत

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव के मायर टोला निवासी सूर्यनाथ सिंह की पत्नी ललिता देवी (42) को शनिवार की देर रात्रि में जहरीले सांप को डसने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रात्रि में महिला आंगन में सो रही थी, मध्य रात्री में हल्की बुंदा बुंदी बारिश टपकने लगी। इसी बीच महिला घर में सोने के लिए गई थी। महिला को करैत सांप ने पैर में डस दिया। परिजन झाड़ फूंक करवाने उत्तर प्रदेश के कोन थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव ले गये थे। झाड़-फूंक कराने से जब स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ तो रॉबर्ट्सगंज के एक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज में लेट होने के कारण पूरे शरीर में विष फैल गई जिस कारण महिला की अस्पताल में ही मौत हो गई। इस घटना से गांव में मातम पसर गया है। परिजनों के रोने बिलखने की आवाज से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। मृतक का दो पुत्र हैं। शव का अंतिम संस्कार मुकुन्दपुर गांव के पंडा नदी तट पर किया गया।

# निबंधन के लिए विद्यालय नहीं कर रहे ऑनलाइन आवेदन

**संवाददाता। डंडाई**



हार्ड कॉपी जमा करने के अंतिम दिन शुक्रवार तक प्रखंड के महज दो निजी विद्यालय आर जी एस एम पब्लिक स्कूल और पैराडाइज पब्लिक स्कूल के द्वारा ही निवन्धन को लेकर डीएसई कार्यालय में ऑनलाइन आवेदन कर उसका हार्ड कॉपी जमा करने का काम किया गया है। जबकि दो मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के साथ-साथ कई यू डायसकोड प्राप्त किए विद्यालय प्रखंड क्षेत्र में संचालित हैं। लेकिन उनमें किसी के द्वारा निर्धारित अवधि तक मान्यता के लिए न तो आवेदन किया गया और न ही उसका हार्ड कॉपी ही डीएसई कार्यालय में जमा किया गया। और तो और लेकिन मान्यता प्राप्त स्कूल होली फेथ और सृजन पब्लिक स्कूल के द्वारा भी निबंध के लिए आवेदन नही करना कई सवालों को जन्म देने लगा है। जबकि डीएसई के द्वारा निबंधन को लेकर जारी किया गया चिट्ठी में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि पूर्व से मान्यता प्राप्त विद्यालय और यू डायस कोड वाले विद्यालय को भी आरटीई के तहत मान्यता के लिए निर्धारित समय तक ऑनलाइन आवेदन कर उसका हार्ड कॉपी डीएसई कार्यालय में जमा करना होगा। इतना ही नहीं उनके द्वारा पत्र के माध्यम सख्त चेतावनी भी दी गई थी कि वैसे विद्यालय जो पूर्व में यू डायस कोड प्राप्त कर लिए हैं। साथ ही जो सरकारी मान्यता भी ले लिए हैं निर्धारित तिथि तक अगर उक्त लोगों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन कर उसका हार्ड कॉपी डीएसई कार्यालय में जमा नही किया जाता है तो उन सभी का जहां यू डाइस कोड जप्त किया जाएगा वहीं मान्यता प्राप्त स्कूलों की मान्यता भी रद्द कर दी जाएगी। लेकिन डीएसई के निदेर्शों की अवहेलना करते हुए उक्त विद्यालयों में से किसी के भी द्वारा न तो ऑनलाइन आवेदन किया गया और न ही उसका हार्ड कॉपी ही उनके द्वारा डीएसई कार्यालय में जमा किया गया।

### धुरकी पुलिस ने किया दर्जनों वाहन जब्त

**गढ़वा।** धुरकी थाना पुलिस ने औचक वाहन चेकिंग लगाकर बिना हेलमेट वाले चालकों के दर्जनों दो पहिया वाहन को जब्त कर थाना ले गई। इस संबंध में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि आजकल दुर्घटना काफी बढ़ गई है। जिसकी रोकथाम के लिए एसपी के निदेर्शानुसार पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है।

## चिनिया रोड में रेस्टोरेंट का उदघाटन

**संवाददाता। गढ़वा**



चिनिया रोड स्थित होटल पद्मावती में कस्वी रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन कस्वी कुमारी, राघवेंद्र प्रताप सिंह डॉ मुरली प्रसाद, चंदन जायसवाल, प्रोपराइटर भू प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर डॉ मुरली प्रसाद ने कहा कि गढ़वा में इस तरह के रेस्टोरेंट खुलने से यहां के लोगों को कुछ समय अपने परिवार के साथ विभिन्न व्यंजनों के साथ लुफ्त उठाने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज गढ़वा में तेजी से विकास हो रहा है। कई होटल रेस्टोरेंट खुल रहे हैं। प्रोपराइटर भू प्रसाद ने कहा कि रेस्टोरेंट में गुणवत्ता पूर्ण विभिन्न तरह के व्यंजन उपलब्ध रहेंगे। वही अपने परिवार के साथ मस्ती कर सकेंगे।

# वेंडरों के खाते में भुगतान कर दी गई बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभुकों की राशि

» प्रखंड पदाधिकारीयों के आगे न तो राज्य सरकार का निर्देश काम आया और न ही जिले के उप विकास आयुक्त का

**संवाददाता। डंडाई**



प्रखंड में ना तो राज्य सरकार का निर्देश काम आया और न ही जिले के उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा का। मामले में प्रखंड पदाधिकारीयों का जो मन किया वहीं उनके द्वारा किया गया। इतना ही नहीं लाभुकों का हो हंगामा के साथ-साथ प्रखंड 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष की मांग भी उनके आगे पूरी तरह बेअसर रह गया।

बिरसा सिंचाई कूप योजना के 24 लाभुकों की राशि उनके खाता के बजाय प्रखंड के वेंडरों के खातों में हस्तांतरित कर दिया गया। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में शनिवार को आयोजित पंचायत समिति की बैठक में बीडीसी अरविंद पासवान के सवालों के बाद मामले का खुलासा हुआ। उनके द्वारा अपने संबोधन में बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभुकों की राशि 50000 रुपए को सीधे उनके खाते में हस्तांतरित करने की मुद्दा को प्रमुखता से उठाया गया था। उसके बाद सभी पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा मेज थपथपा उनके सवालों का समर्थन करने का काम किया गया था। उन्हीं के सवालों का उत्तर के दौरान वीडियो जागो महतो के द्वारा बताया गया कि यह संभव नहीं है। प्रखंड के 24 बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभुकों की राशि भिन्न-भिन्न वेंडरों के खातों में हस्तांतरित हो चुका है। यह सुनते ही उक्त बीडीसी के साथ-साथ बैठक में भाग लिए सभी लोग आश्चर्यचकित हो गए। इसी बीच मामले को लेकर लोगों के द्वारा बैठक में कहा सुनी शुरू कर दिया गया की ओर तो और लेकिन जिले के उपविकाश आयुक्त के द्वारा भी लाभुको के 50000 रुपये की राशि उनके खातों में ही हस्तांतरित करने की बात कही गई थी यह समाचार पत्रों में पढ़ने के दौरान हम लोगों को मिला था। उसके अलावा बिरसा सिंचाई कूप योजना के लाभुकों का चयन से लेकर उसका कार्यान्वयन को लेकर शुरूआती दौर में राज्य सरकार के द्वारा जो नियमावली बनाई गई थी उसमें भी लाभुकों को कुदाल, तगाड़ी, बेलचा, रस्सी इत्यादि सामग्रियों की खरीदारी के लिए 50000 रुपए की राशि उन्ही के खातों में ही हस्तांतरित करने जिक्र किया गया था। उन्होंने कहा कि पता नहीं की पदाधिकारियों के द्वारा कैसे लाभुकों के खाता के बजाय दूसरे के खातों में राशि हस्तांतरित कर दिया गया है। वहीं राशि भुगतान में भी पदाधिकारियों के द्वारा पंचायती राज नियमावली की बखूबी धज्जियां उड़ाने का काम किया गया है। गांव की सरकार में जनप्रतिनिधि बने लोगों के पति, पुत्र, भाई, भतीजा व अन्य उनके रिश्तेदारों के खातों में उक्त राशि हस्तांतरित करने का काम किया गया है।

# शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**संवाददाता। लोहरदगा**




पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अभिलाषा कक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ग्रीन स्कूल क्लीन स्कूल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 20020, स्कूल लीडरशीप, मेन्टल हेल्थ, पीएमश्री स्कूल का एक्शन प्लान, नवाचार, आत्मरक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रोजेक्ट इम्पेक्ट इत्यादि विषयों पर जानकारी दी गयी।

समापन समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विचार व्यक्त करते हुए जानकारी दी की पीएमश्री स्कूल के रूप में नामित होना हीं उपलब्धि है। सभी विद्यालय का प्रदर्शन बेहतर है। अब सभी विद्यालयों का दायित्व और भी ज्यादा हो गया है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करना होगा। इस अवसर पर एपीओ अशोक कुमार पांडेय, फील्ड मैनेजर आकाश कुमार, प्रशिक्षक अरुण राम, महबूब आलम, अमृता सिन्हा, श्यामबिहारी महतो, रविशंकर कुमार आदि ने विचार व्यक्त किया। प्रशिक्षण में राहुल कुमार, अलीरजा अंसारी, अजय कुमार, नेमहन्ति मिंज, रामकुमार साहू, रामप्रवेश गुप्ता, सुषमा मिंज, नीलम गुड़िया, पूनम कुमारी, सुषमा कुजूर, सकीना सबनम, शिखा रानी, अजय तिर्की, शंकर भगत, समीना खातून, सरिता टोप्पो, जलेश्वर उरांव, अमानुल्लाह खान, ललिता कुजूर सहित जिला के सभी पीएम श्री स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया ट्रेन से कूद गया, गंभीर चोटे आई, फिर पागल की तरह घूमता रहा, इसी क्रम में एक सज्जन व्यक्ति मुझे अपने घर में रखा, खिलाया पिलाया और मुझे गांव तक पहुंचाने का साधन भी जुटा दिया।गुमला जिला अंतर्गत स्थित जारी प्रखंड अन्तर्गत जारी गाँव निवासी रमेश्वर महतो जारी गाँव के ही एक व्यक्ति के साथ दिसम्बर 2023 मे अपने भाई के पास गोवा ट्रेन से जा रहे थे। लेकिन बीच रास्ते मे ही ट्रेन से गिर गया इसकी जानकारी साथ मे जा रहे व्यक्ति ने दी थी।

## समस्या

### मौसम की बेरुखी से खेती प्रभावित, किसानों को बारिश का इंतजार

# पानी की कमी से सब्जी और रबी की फसलें बर्बाद

**संवाददाता। गढ़वा**

धूप और गर्मी से सिर्फ आमजन ही परेशान नहीं है, इसका असर फसलों पर भी पड़ रहा है। मौसम की बेरुखी के कारण खेती प्रभावित हो रही है। वर्षा में देरी के चलते धान का बेहन डालने की गति सुस्त चल रही है। दूसरी ओर तेज धूप के कारण सब्जी की फसलें सबसे अधिक प्रभावित हो रही है। रबी की फसल को इस समय सबसे अधिक पानी की जरूरत है, लेकिन बिजली कटौती के कारण सिचाई नियमित अंतराल पर संभव नहीं हो पा रही है। सबसे अधिक नुकसान छोटे काश्तकारों को हो रही है, क्योंकि उनके पास सिचाई के निजी संसाधन भी नहीं है और पूंजी का अभाव है। लिहाजा वह पंपसेट का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। किसानों को वर्षा का इंतजार है। वर्षा में देरी होने के चलते कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। बेहन डालने के बाद इस तपिश में पर्याप्त पानी की उपलब्धता कायम रखना कठिन है। वर्षा शुरू होने के बाद ही कृषि कार्य में तेजी आएगी।



### बारिश का इंतजार कर रहे हैं किसान

गढ़वा जिले में पढ़ रहे अत्यधिक गर्मी के कारण किसान अभी तक बीज बुवाई के मूड में नहीं आए हैं। फिलहाल किस बारिश होने का इंतजार कर रहे हैं बारिश होने के बाद ही मक्का और धान की बुआई करेंगे.किसान मोतीलाल कुशवाहा ने बताया कि अभी अत्यधिक गर्मी पड़ रहा है अभी बुवाई होने के बाद बीज सूख जाएगा. उन्होंने बताया कि जब तक बारिश नहीं होगी तब तक बीज बुवाई करना ठीक नहीं है। किसान राजेश चौधरी ने बताया कि एक तरफ पानी की कमी के चलते सब्जी और रबी की फसलें प्रभावित हैं तो दूसरी ओर बिजली कटौती बड़ी समस्या बनी है।

जिला कृषि पदाधिकारी गढ़वा ने बताया की विभाग की ओर से किसानो के लिए बीज और खाद चार किस्म का धान 2400 क्विंटल, अरहर 100 क्विंटल, मूंगफली 100 क्विंटल, और मड़वा का बीज गढ़वा में अगले दो-तीन दिन में उपलब्ध हो जाएगा। एक सप्ताह के अंदर सभी किसानों को किफायती दर पर बीज उपलब्ध कराया जाएगा। किसान बारिश होते ही खेत को तैयार करें। इस बार किसानों को ससमय खाद और बीज उपलब्ध करा दिया जाएगा।

### मानदेय के लिए परेशान हैं सहायक अध्यापक

**गढ़वा।** गढ़वा के प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश कुमार कुशवाहा ने कहा है कि पूर्व शिक्षामंत्री जगरनाथ महतो को दिवंगत होते ही सहायक अध्यापक मानदेय के लिए तरस रहे हैं। जब तक जगरनाथ महतो (शिक्षा मंत्री) जीवित थे। हर महीने के पांच तारीख तक सभी को मानदेय मिल जाता था। लेकिन उनके दिवंगत होते ही यह सरकार कभी भी समय पर मानदेय नहीं देती है चाहे कोई पर्व त्योहार हो। अब जून समाप्त होने को है। लेकिन मई 2024 का मानदेय अब तक सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षक)को नहीं मिला। एक तरफ विधायक मंत्री एक साथ हाथ खड़ा कर अपने लिए 20 हजार की बढ़ोतरी कर लेते हैं।

# भाजपा ने बलिदान दिवस मनाया



**संवाददाता। कांडी**

प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में रविवार को जिला संगठन के निर्देशानूसार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित लोगों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलाला दूबे, सिताराम तिवारी, राजेन्द्र पांडेय, विनोद प्रसाद, रामलखन प्रसाद, भरत मेहता, कृष्णा सिंह,अमरेश चंद्र, भोला मेहता, रामलखन चंद्रवंशी, महामंत्री शशि रंजन दूबे सहित कई कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

## एक नजर

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

**हेरहंज।** रविवार को हेरहंज प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को भाजपा कार्यकताओं ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान स्वतंत्र भारत का एक ऐसा बलिदान है। जिसने पूरे देश को जोड़ने का कार्य किया उन्होंने आंदोलन कश्मीर के लिए किया और कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाई जा रही तुष्टिकरण की नीति के खिलाफ आवाज उठाते हुए कहा कि एक देश में दो विधान दो निशान नहीं चलेंगे । इसी के तहत आज के ही दिन सन 1953 में कश्मीर मुद्दे पर अपना जीवन बलिदान दिया था।

### मादक पदार्थ के विरुद्ध निकाली गई जागरूकता रैली



**कुंदा(चतरा)।** मादक पदार्थ के विरुद्ध कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुंदा की बच्चियों द्वारा रविवार को जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान बच्चियों द्वारा ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई की सबसे पहले गांव के हर नागरिक को नशे से बचाने का काम करेंगे, बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, जय जवान जय किसान के नारे लगाए। इस दौरान बच्चियों ने हाथ में जो लोग शराब बेचने का काम करते हैं, वह समाज का सबसे बड़ा दुश्मन हैं के स्लोगन लिखे तख्ती लिए हुए थे।वार्डेन इंदु भारती ने कहा की नशा समाज को खोखला कर देती है। उन्होंने कहा की युवा पीढ़ी देश के विकास में बड़ी भूमिका अदा करती है, अगर युवा ही नशे की गर्त में चले जाएंगे तो देश की तरक्की में बाधा बन जाएंगे। मादक पदार्थ जागरूकता अभियान में हर व्यक्ति को योगदान देते हुए सरकार का सहयोग करना चाहिए।

### अरशद बने मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष आमिर सचिव

**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड अंतर्गत फतहा गांव में मोहर्रम अंजुमन कमेटी की एक बैठक आयोजित की गई। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मो०अरशद, उपाधक्ष पद के लिए मंजूर अली, सचिव मो०आमिर, उपसचिव एजाज अंसारी को बनाया गया। बैठक में तय हुआ कि मोहर्रम 17 जून को शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस एवं धार्मिक कार्य सरकारी गाइडलाइन का पालन करते हुए शानो-शौकत के साथ निकाला जाएगा। वहीं मो. अरशद ने मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की बात कही। मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक मनाने हेतु सभी समुदायों के लोगों से आपसी समन्वय एवं सहयोग की भावना रखते हुए मनाने की अपील की गई।

### मुखिया के मिट्टी मंजिल में हजारों की संख्या में लोग हुए शामिल

**हंटरगंज।** हंटरगंज के जोरी कला पंचायत के मुखिया मोहम्मद शमशाद के निधन के बाद उनके मिटटी मंजिल के कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता सहित सभी समुदाय से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके पैतृक आवास जोरी नूर मोहल्ला में लोगों का हुजूम उमर पड़ा। लोग अपने आंसू को रोक नहीं पा रहे थे। वहीं मुखिया के मासूम बेटियों के करून चित्कार ने वहां मौजूद हर लोगों के दिल को झकझोर कर रख दिया। अंतिम यात्रा में शामिल हजार लोगों की संख्या मुखिया शमशाद के व्यवहार और लोगों के साथ उनके कुशल , मधुर तालुकात को बयां कर रहा था।

---

### बालूमाथ पुलिस ने विभिन्न जगहों पर की छापेमारी

# पांच बाइक के साथ छह अपराधियों को गिरफ्तार

**1** गिरफ्तार चोर रांची के मैक्लुस्कीगंज व खलारी के रहने वाले

**2** सादे लिवास में पुलिस टीम का किया गया था गठन

**3** पुलिस ने एक संदिग्ध को किया था गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

थाना पुलिस ने विभिन्न जगहों पर छापामारी कर अंतर जिला बाइक चोर गिरोह के 6 सदस्यों को पांच चोरी के बाइक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इसकी जानकारी देते हुए प्रेस वार्ता में बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ ने बताया कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में बाइक चोरी की घटनाओं को लेकर सादे लिवास में पुलिस टीम का गठन किया गया था। जिसके द्वारा 21 जून को बालूमाथ थाना क्षेत्र के सेरेगड़ा ग्राम में संदिग्ध हालत में चोरी की बाइक बेचने तथा चोरी करने आए एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया था कड़ाई से पूछताछ की गई। जिसके निशानदेही पर अन्य जगहों पर छापामारी करते हुए चार अन्य चोरी की बाइक बरामद की गई तथा इस बाइक चोर गिरोह में शामिल अन्य पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया।



गिरफ्तार अंतर जिला बाइक चोर गिरोह के अपराधियों में रांची जिले के मैकलूसकीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति नगर मोहल्ला निवासी ओमप्रकाश गिरी के पुत्र सचित गिरी शंभू दास का पुत्र मुकेश दास, उदन उरांव का पुत्र जागेश्वर उरांव मायापुर सरना टोला निवासी देवनारायण गंझु के पुत्र रोशन कुमार गंझु तथा खलारी थाना क्षेत्र के महावीर नगर निवासी रामवृक्ष केसरी के पुत्र जोशील केसरी तथा खलारी को ऑपरेटिव सीमेंट फैक्ट्री मोहल्ला निवासी सहदेव मुंडा के पुत्र लालू मुंडा शामिल है। जिन्हें बालूमाथ थाना पुलिस ने भारतीय दंड विधान की धारा 379. 411.414.34 के तहत कांड संख्या 74/2024 दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया है।

### छूटे हुए लाभुकों को राशन कार्ड बनाने के लिए शिविर का किया जायेगा आयोजन

**बालूमाथ।** राज्य सरकार ने गरीब जरूरतमंद राशन से वंचित लोगों के लिए सुनहरा अवसर दिया गया है। इसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव बतलाया कि जेएसएफएसएस अंतर्गत छूटे सुयोग्य लाभुकों को राशन कार्ड से लाभान्वित करने के लिए शिविर का कार्यक्रम विभिन्न पंचायत सचिवालय में रोस्टर के अनुसार आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के झाबर में 24 जून ,बालू और चेताग में 25 जून , मासीयातू रजवार में 26 जून को बसिया और मारंगलोईया में 27 जून को मुरपा और भगिया में 28 जून को धाधु में 29 जून को गणेशपुर और शेरगड़ा में एक जुलाई को शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी योग्य प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों से अनुरोध करते हुए कहा कि ससमय संबंधित पंचायत पर राशन कार्ड के लिए आवेदन संबंधित कागजात के साथ जरूर करें।

## तीन अलग-अलग दुर्घटना में तीन लोग घायल, दो रिम्स रेफर



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग तीन दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं **पहली घटना** गोनिया निवासी सुमन कुमारी उम्र 13 वर्ष पिता अजीत राम का है जो जामुन पेड़ से गिरकर घायल हो गई थी जिसका बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया गया वहीं **दूसरी घटना** बारियातू थाना क्षेत्र के महादेव कुमार उम्र 9 वर्ष कर से टकराकर घायल हो गया है जिसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया वहीं **तीसरी घटना** बारियातू थाना क्षेत्र के छताबार में घटी है। मकईटाड तार निवासी रामविलास गंझू जो अपने घर से बाइक द्वारा बालूमाथ की ओर आ रहा था कि बाइक का संतुलन खो बैठा और दुर्घटना हो गई जिससे महादेव कुमार घायल हो गया है डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया गया है।



## बरवाडीह में वरीय अनुभाग अभियंता को दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

बरवाडीह रेलवे के वरीय अनुभाग अभियंता (कार्य) विवेकानंद बासु के हजारीबाग टाउन स्थानांतरण के बाद रविवार को आइओडब्लू कार्यालय में कर्मियों के द्वारा उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में वरीय अनुभाग अभियंता विवेकानंद बासु को विदाई देते हुए प्रभारी आइओडब्लू अनिल कुमार समेत अन्य कर्मियों के द्वारा शॉल के साथ-साथ उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं श्री बासु और उनकी धर्मपत्नी अर्पिता बासु के द्वारा दो दर्जन से अधिक कर्मियों को उपहार भेट किया गया। मौजूद अधिकारी और कर्मियों को संबोधित करते हुए वासु ने कहा कि बरवाडीह से जीवन का हम जुड़ाव अपने घर परिवार की तरह बना हुआ है जो सरकारी सेवा से सेवानिवृत होने के बाद भी बना रहेगा और भविष्य मे यहां के लिए कुछ बेहतर करने का प्रयास करुंगा।

## मंत्री ने किया दीपक बेकरी एवं केक शॉप का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

लावालौंग प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य चौंक के समीप श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने रविवार को दीपक बेकरी एवं केक शॉप का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि लावालौंग से मेरा पुराना संबंध रहा है। एक समय था जब अच्छी मिठाइयां लाने के लिए लोगों को चतरा जाना पड़ता था। परंतु आज लावालौंग में ही केक के दुकान का भी खुलना प्रखंड के विकास की गति को दिखाता है। दुकान संचालक राजू कुमार ने बताया कि इस दुकान से एक वर्ष से लेकर पांच वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों को 5 वर्षों तक लगातार मुफ्त में केक एवं जन्मदिन मनाने के लिए सभी सामग्री दी जाएगी। दीपक बेकरी के पूरे



परिवार का संकल्प है कि दिव्यांग मासुमों की खुशियों के लिए यथासंभव तत्पर रहकर उनकी दुआ का भागी बनूं। उद्घाटन के दौरान मंत्री प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से भी रूबरू हुए।साथ ही समस्याओं के निदान का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर जिप सदस्य प्रसाद भारती, देवनंदन साहु, प्रमुख मनीषा देवी, उप प्रमुख महमूद खान, बीससूत्री अध्यक्ष छठु सिंह भोगता, भाजपा नेता गोविंद ठाकुर, मुखिया नेमन भारती उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

# खेल के क्षेत्र में झारखंड ने देश और दुनिया में कई पदक जीते हैं: श्रम मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के तत्वाधान में रविवार को पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम चतरा में जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्य के श्रम नियोजन, कौशल एंव उद्योग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उपायुक्त रमेश घोलप व जिप उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी. ने संयुक्त रुप से किया। वहीं मुख्य अतिथि श्रम मंत्री ने झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



खेल के मामले में राज्य काफी आगे है। झारखंड ने खेल के क्षेत्र में कई पदक जीतकर राज्य का नाम देश और दुनिया में रोशन किया है। खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूनामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को बधाई देते हुए विश्व पटल पर राज्य और देश का नाम रोशन करने पर जोर दिया। वहीं उपायुक्त श्री घोलप ने कहा कि क्षेत्र का विकास और खेल उनकी प्राथमिकताओं में है।

### सड़क दुर्घटनाओं से लोग हुए परेशान

**प्रतापपुर (चतरा)।** दिन प्रतिदिन शहर से लेकर गांव तक सडक बढ़ती जा रही दुर्घटनाएं लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। इन सड़क दुर्घटनाओं में बडी संख्या में लोग असमय काल के गाल मे समा रहे हैं। इसमें युवा पिढी की संख्या अधिक है। चुकि वाहन चालक अधिक युवा हीं होते हैं। जबकि युवा ही हमारे देश की रीढ भी हैं, सडक दुर्घटना के रोकथाम के लिए सरकार द्वारा नियम, कानून तो बना दिए गये हैं, परन्तु इसका पालन नही होना सड़क दुर्घटना का पहला कारण साबित हो रहा है। वाहन चलाने के दौरान लापरवाही तथा तेज गति से भी लोगों को क्षति हो रही है। दुसरी ओर प्रशासन यातायात नियमों के अनुपालन सख्ती से करवाने में विफल रही है। नाबालिग बच्चे बेखौफ दो पहिया, चार पहिया वाहन लेकर उड रहे हैं, यातायात नियमों से अनभिज्ञ उन्हें न अपनी जान की परवाह है न औरों की।

### एसवीएम में प्रांतीय मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन

# टॉपर विद्याथीयों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर लातेहार में 23 जून दिन रविवार को प्रांतीय मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

जिसमें प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि ख्याली राम (क्षेत्रीय संगठन मंत्री उत्तर पूर्व क्षेत्र) अजय कुमार तिवारी( प्रदेश सचिव) अनिल कुमार ठाकुर (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक ) राजीव रंजन पांडे, (स्थानीय विद्यालय के प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष)नरेंद्र कुमार पांडे ( प्रबंधकारणी समिति के सचिव व कार्यक्रम संयोजक )के द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती वंदना से प्रतिभा सम्मान समारोह की शुरूआत हुई। तत्पश्चात विद्यालय



के प्राचार्य अरुण कुमार चौधरी ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम की भूमिका देते हुए विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा कि प्रतिभाशाली पहचान के लिए मोहताज नहीं होते। वे हमेशा पथ प्रदर्शक होते हैं।

उनके पद चिन्हों पर उनके बाद की पीढ़ी उनका अनुकरण करती है। हमें बड़ा सपना देखना चाहिए और उसे अंदर पालकर उसे पाने के लिए सर्वस्व न्योछावर कर देना चाहिए। अभिनंदन समारोह उपलब्धि का छोटा सा विराम है उसे याद रखना है आधुनिक शिक्षा हम प्राप्त करेंगे परंतु मानव मूल्य को नहीं भूलेंगे।समारोह में 10 जिलों के जैक बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड के दशम व द्वादश के कुल 43 टॉपर विद्यार्थी सहित एक युवा वैज्ञानिक एक एसजीएफआई क्वालिफाइड विद्यार्थियों को चांदी का सिक्का ,प्रशस्ति पत्र, और उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र व रामायण की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।

### जिला ओलंपिक संघ ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता का किया आयोजन

**चतरा।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर चतरा जिला ओलम्पिक संघ के तत्वाधान में 23 जून से 29 जून तक जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में विभिन्न खेलों का आयोजन होगा। इस निमित रविवार को हंटरगंज, टंडवा प्रखंड के मिश्रौल और पिपरवार के बचरा में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तहत गोला फेंक, चक्का फेंक, 2000 मीटर, 1600 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के आसपास के बालक एवं बालिका शामिल हुए। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव सह एथलेटिक्स कोच दीपक कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

### भाजपा कार्यकताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रुप में मनाया

# उनका पूरा जीवन राष्ट्र की एकता व अखंडता को समर्पित रहा : महेंद्र प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा रविवार को स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत कि गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहु ने की वंही मंच का संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति के नक्षत्र अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक राजनीति व शिक्षा के क्षेत्र में सुविख्यात श्रधेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का पूरा जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता को समर्पित रहा। वे एक प्रखर राष्ट्रवादी थे और अपने सिद्धांतों से कभी पीछे नहीं हटे। जिला मंत्री कुलामन साव ने कहा की डॉ मुखर्जी अखण्ड भारत एक भारत के लिए कश्मीर को देश की मुख्यधारा में लाना चाहते थे। उनका कहना था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। धारा 370 को हटाने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया और अपने जीवन का बलिदान किया। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त कर डॉक्टर मुखर्जी जी के सपने को साकार कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सासंद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव,मंडल उपाध्यक्ष संजय साहु, बिनोद गंझु, शुभम कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डॉ श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई गयी

**बारियातू।** मंडल कार्यालय में रविवार को मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह की नेतृत्व मे समर्पण दिवस मनाया गया। समर्पण दिवस मे उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए लव कुमार सिंह ने कहा की संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि है। बीजेपी इसे बलिदान दिवस के तौर पर मना रही है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के निधन को 71 साल हो चुके हैं। लेकिन आज भी उनकी मौत का रहस्य सिर्फ रहस्य बनकर रह गया है। सियासतदानों का एक धड़ा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मौत को साजिश मानता है। जबकि दूसरा उनकी मौत को प्राकृतिक बताता रहा है। मौत की असल वजह क्या रही? यह किसी को नहीं पता, लेकिन उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई और मौत से पहले क्या हुआ? ये जान लेना बेहद जरूरी है। इसके पश्चात पूर्व सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा की 23 जून 1953 को जनसंघ के संस्थापक और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

### भाजपाइयों ने मनाया बलिदान दिवस

**लातेहार।** भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने जनसंघ के संस्थापक शिक्षाविद महान चिंतक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अखंड भारत के पक्षधर थे उन्होंने संसद में अपने भाषण में धारा 370 को समाप्त करने की जोरदार वकालत की थी। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने कहा था कि मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस देश की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा 23 जून 1953 को रहस्यमय स्थिति में जेल में ही उनकी मृत्यु हो गई।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित की गई

**बरवाडीह।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बरवाडीह भाजपा मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद के नेतृत्व में छेंचा पंचायत के बूथ संख्या 42 पर बलिदान दिवस के अवसर पर देश के विचारक, दर्शनशास्त्री एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। वहीं वहा मौजूद पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा भी डॉ मुखर्जी को नमन करते हुए उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। वहीं इस दौरान बरवाडीह भाजपा मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने कर्मक्षेत्र के रूप में 1939 से राजनीति में भाग लिया और आजीवन इसी में लगे रहे।

## न्यूज बॉक्स

### ग्रीन राशन कार्ड व आधार सीडिंग करने के लिए शिविर का हुआ आयोजन



**बारियातु।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी पंचायत में सुयोग्य लाभुकों का ग्रीन राशन कार्ड निर्गत करने और आधार कार्ड सीडिंग करने को लेकर 24 जुन से 01जुलाई तक पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबन्ध में जानकारी देते हुए बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने बताया कि उपायुक्त लातेहार के निदेर्शानुसार झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत छुटे हुए सुयोग्य लाभुकों को ग्रीन राशन कार्ड निर्गत व आधार सीडिंग करना है। उन्होने बताया कि शिविर में राशन कार्ड धारियों का आयुषमान कार्ड भी निर्गत करना है व आयुषमान कार्ड धारियों का ई केवाईसी भी करना है। प्रखंड क्षेत्र में 24 जुन को बारियातू एवं साल्वे 26 जुन को अमरवाडिह एवं टोंटी 28 जुन को शिबला एवं गोनिया एव अंत में 01 जुलाई को डाढा ,फुलसु और बालुभांग पंचायत मे शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### घर से अपहरण कर युवक को चाकू मार कर किया जख्मी



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के लुब्धिया गांव से एक युवक के अपहरण कर हत्या करने का प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। वहीं अपनी सूझबूझ से युवक ने अपनी जान बचाने में कामयाब हुआ है। बताया जाता है कि लुब्धिया गांव के तुलसी यादव के पुत्र दिनेश यादव 39 वर्ष अपने दो बच्चे व अपनी मां के साथ अलग-अलग चारपाई पर घर के बाहर सो रहा था। तभी शनिवार देर रात करीब 1 बजे एक बाइक से दो नकाबपोश युवक उसके पास आए और पानी पीने को लेकर बाल्टी-लोटा मांगने पर पास हैंड पंप पर पानी पिलाने को लेकर दिनेश दोनों को ले गया। जहां से दोनों नकाबपोश गर्दन पर चाकू रख कर बाइक पर बैठाकर ले जाया जा रहे थे कि बाइक चिरैया जंगल में खराब हो गया। इस बीच दिनेश अंधेरा व जंगल का लाभ उठाकर भागने का प्रयास किया, तो उसपर चाकू से वार कर बुरी तरह से घायल कर दिया गया। किसी तरह जान बचाकर एक गड्ढे में युवक जा छुपा। रविवार सुबह लड़खड़ाते व खून से लतपथ जैसे-तैसे गांगपुर गांव पहुंच गया। इसके पश्चात ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी तो थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता गांगपुर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी लेते हुए युवक को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर भेज दिया। जहां से बेहतर इलाज के लिए चतरा रेफर कर दिया गया। इस बाबत दिनेश यादव ने तीन नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध अपहरण कर हत्या करने के प्रयास की प्राथमिक की दर्ज को ले थाना में आवेदन दिया है।

### श्रम मंत्री ने विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र समेत करोड़ों रुपए के परिसंपत्तियों का किया वितरण



**प्रतापपुर(चतरा)।** राज्य के श्रम नियोजन कौशल विकास मंत्री सत्यानन्द भोक्ता चतरा प्रवास के दौरान एक दिवसीय दौरे पर रविवार को प्रतापपुर प्रखंड पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री भोक्ता ने प्रतापपुर प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में मंत्री के आगमन पर अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके उपरांत मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि आज राज्य में विकास कार्यों की झलक राज्य के लोगों के चेहरों पर मुस्कान है। हमारी सरकार सबके लिए कुछ न कुछ योजनाएं चला रही है। लोगों को जागरूक हो कर योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। लोगों को देखते हैं कि सुबह से शाम तक जिला मुख्यालय तो कभी प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाते रहते हैं। ऐसे लोगों का कभी भला नहीं हो सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा और हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य हर हाथ को काम हर चेहरे पर मुस्कान शिक्षित व बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। सरकार जन्म से मृत्यु तक सभी के लिए कुछ न कुछ योजनाएं चला रही है। सरकार शिक्षा में और भी गुणात्मक सुधार के लिए शीघ्र शिक्षकों की बहाली करेगी। साथ ही जिस विद्यालय में शिक्षकों की कमी होगी वहां तत्काल घंटी शिक्षक की बहाली की जाएगी।

## एक नजर

### डायन विसाही को लेकर मारपीट, एक गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर।** एक ओर सरकार एवं अन्य सामाजिक संगठनों के द्वारा बड़े पैमाने पर डायन विसाही के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन गांव समाज में इसका असर नहीं के बराबर है, आए दिन कहीं न कहीं डायन विसाही को लेकर मारपीट एवं हत्या जैसी खबरें सुनने को मिलती रहती है। ताजा मामला चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र का है। जहां ओरामार गांव के महाबीर गोप पिता शंकर गोप ने गांव के ही राजेन्द्र अहीर को डायन विसाही का आरोप लगाते हुए। लाठी से उसकी पिटाई कर दी घटना के संबंध में पिड़ीत राजेन्द्र अहीर ने बताया कि वह अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। तभी महाबीर गोप वहां आया और अपने घर चलने को कहा जब मैं उसके घर पंहुचा तो उसने बोला की मेरे बच्चे को तुम ही जादू टोना किए हो। इसको ठीक करो फिर उसने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी मैं किसी प्रकार अपने घर पंहुचा और इसकी शिकायत थाना को देने के लिए। घर से निकला तभी महाबीर गोप अपने घरवालों के साथ लाठी डंडा लेकर मुझे घेर लिया और थाना जाओगे बोलकर मुझे दुबारा पिटने लगे।

### सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक घायल, इलाजरत

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट थाना क्षेत्र के बघिमा गांव के समीप चलती ट्रैक्टर से गिरने से चालक सह सोगड़ा सिसई ग्राम निवासी अजय खड़िया (26) घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल गुमला में भरती कराया गया। जहां इनका इलाज चल रहा है।

### बकरी चराने गई महिला सर्पदंश से घायल

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के नीचे बगडू गांव में रविवार सुबह बकरी चराने गई सुजीत उरांव की 30 वर्षीय पत्नी सविता उरांव को जहरीला सांप ने काट लिया। घायल सविता उरांव तत्काल भाग कर घर पहुंची और परिजनों को इसकी जानकारी दिया। तत्काल परिजनों ने उसे सदर अस्पताल इलाज के लिए ले आया। सदर अस्पताल में स्थिति गंभीर देख महिला का फौजी इलाज किया गया। इलाज के बाद चिकित्सको ने महिला को खतरे से फिलहाल बाहर बता रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की तरह सविता उरांव घर के निकट के जंगल में अपने बकरियों के झुंड को चराने ले गई थी। जंगल की झाड़ियों में छुपा जहरीला सांप ने उसे इस दौरान काट लिया। ल्लेखनीय है कि तेज गर्मी के बाद वर्षा होने से ग्रामीण इलाकों में दंश की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है।

### कांग्रेसियों ने धर्मेंद्र प्रधान और पीएम के खिलाफ किया प्रदर्शन

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी ने देश भर के छात्रों के महत्वपूर्ण परीक्षा नीट, यूजी के प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और नरेंद्र मोदी का विरोध प्रदर्शन किया। वही पीएम के खिलाफ प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलता है तब तक कांग्रेस का आंदोलन पूरे देश में जारी रहेगा। राहुल गांधी छात्रों के साथ हैं। वे छात्रों को पूरा न्याय दिलाएंगे। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश सचिव जगदीप भगत, आलोक कुमार साहू, राजू कुरैशी, तारीक अनवर, रफीक अंसारी कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला सचिव आफताब आलम शरीफ अंसारी, युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी प्रत्यूष पांडे, सैफ अहमद, कबीर अंसारी, मनोज भगत, रमेश उरांव, दिनेश उरांव, लाल राजेश शाहदेव, संदीप साहू, अंसारी सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।


---

नही थम रहा जिले में हाथियों का आतंक

# हाथियों को भगाने के दौरान कुंए में गिरकर किशोर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा।** हाथियों के झुंड को भगाने में शनिवार की रात एक बड़ा हादसा हो गया जिसमें कैरो थाना क्षेत्र के कुडू कैरो सीमाना के एड़ादोन गांव के समीप कुडू प्रखंड के तान गांव निवासी राजकुमार उरांव के पुत्र उमेश उरांव 18 वर्ष की जान चली गयी। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों को सूचना मिली थी कि इलाके में हाथियों के झुंड विचरण कर रहा है। जिसके बाद सैकड़ों ग्रामीण शोर मचाते हुए और हाथों में मशाल जलाकर हाथियों को भगाने लगे। भीड़ के साथ उमेश उरांव भी हाथियों को भगाने के लिए उनके पीछे-पीछे दौड़ लगाने लगा। शोर शराबे से बौखलाए हाथी आक्रामक हो गए। हाथियों ने



अचानक ग्रामीणों पर हमला कर दिया, जिसके बाद ग्रामीण इधर-उधर भागने लगे। उमेश भी जान बचाकर भाग रहा था इसी क्रम में वह एड़ादोन स्थित खेत के कुएं में गिर गया। कुएं में गिरने के दौरान उसके सिर में चोट लगी और पानी में डूब गया। रात होने के कारण ग्रामीणों को पता नहीं चला। रविवार की सुबह खोजबीन करने पर उसका शव कुंवे में तैरता मिला। ज्ञात हो कि हाथियों को भगाने के क्रम में ही इसी वर्ष बीते 22 अप्रैल की रात ककरगढ़ पंचायत के चडरा गांव में जंगली हाथीयो ने प्रखण्ड क्षेत्र के चंदलासो गांव निवासी शुक्रा उरांव का पुत्र महावीर उरांव 35 को कुचल कर मार डाला था। वहीं 5 मार्च को बरवाटोली जंगल मे लकड़ी लाने गए लोहरदगा के दिवंगत विधायक कमल किशोर भगत के चाचा विनोद टाना भगत को हाथी ने उठाकर पटक दिया था। जिससे उनके शरीर की कई हड्डियां टूट गयी थी। हालांकि हाथीयों द्वारा घनी झाड़ियों में फेंके जाने के कारण उनकी जान बच गयी थी।

#### छेड़ने से और अधिक आक्रमक हो रहे हाथी

जिला प्रशासन और विभाग द्वारा हाथियों से निश्चित और सुरक्षित दूरी बनाकर रखने और उन्हें नही छेड़ने की अपील के बावजूद ग्रामीण इलाकों में इसका कोई असर नही पड़ा है। खासकर कम उम्र के लड़के तो सारी चेतावनी को अनदेखा कर हाथियों के साथ फोटो खिंचाने के लिये और सेल्फी लेने तक से बाज नही आरहे है। वहीं रात में सैंकड़ो और हजारों की संख्या में मशाल लेकर निकलते ग्रामीणों को देखकर हाथी और भी गुस्से में हैं। जिससे हमेशा अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

---

झुंड से बिछड़े एक हाथी के आतंक से दहशत में हैं कुडू व चंदवा के ग्रामीण

# तीन दिनों में दर्जनों घरों को तोड़ा फसलों को रौंदा, अनाज किए चट

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू - लोहरदगा।** लोहरदगा जिले में पिछले एक पखवाड़े से विचरण कर रहे हैं 22 हाथियों का झुंड और झुंड से बिछड़ा एक विशालकाय हाथी पूरे इलाके में उत्पात मचा रहा है। हाथियों ने तीन दिनों के अंदर चंदवा और कुडू प्रखंड के लगभग दर्जन भर घरों को ध्वस्त कर दिया और घर में रखें अनाज चट कर गए हैं। वहीं किसानों के खेतों में लगे फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचाया। शुक्रवार की रात झुंड से बिछड़ा एक विशाल हाथी कुडू से सटे राजरोम के उढरा टोली पहुंचा और जम कर उत्पात मचाया। स्थानीय निवासी दान लकड़ा, किशोर लकड़ा के घर और दयामनी लकड़ा के बोरिंग घर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान हाथी ने घर मे रखे अनाज, बाड़ी में लगे आम और कटहल को भी चट कर लिया। जब किसी



तरह ग्रामीणों ने हाथी को भागाया तो वह जमुआरी और जमुआरी के टैयाबर गांव पहुंच गांव के जीवन उरांव, रामकिशन उरांव, प्रहलाद उरांव, सुनील उरांव, श्याम उरांव, भैरव उरांव,भैरो उरांव के घरों को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। और घर मे रखे अनाज भी खा गए। वही शनिवार को सुबह कुडू प्रखंड के इटरा गांव में हाथियों ने सोनू उरांव और मनोज उरांव का घर को ध्वस्त कर अनाज खा गए। इसके अलावे कई गांव के सैकड़ो किसानों के खेतों में लगे फसलों को हाथियों ने भारी नुकसान पहुंचाया है।

#### न तो वन विभाग और न ही पंचायत प्रतिनिधि ही लेते हैं सुध

उढरा टोली निवासी बुजुर्ग महिला दयामनी लकड़ा ने बताया कि हाथियों हमारे घरों को तोड़ रहे हैं। घर मे रखे अनाज खा जा रहे हैं। हमारी साल भर की कमाई खेतो में लगी फसलों को खा जा रहे हैं। हमारे समक्ष रहने से लेकर खाने तक की समस्या उत्पन्न हो गई है। लेकिन न तो विभाग और न ही पंचायत के मुखिया या और कोई जनप्रतिधि हमारी सुध नही ले रहे हैं। ऐसे में हम कहाँ जाएं। हादसे की रात की बात बताते हुए दयामनी ने बताया कि गांव के पुरुष तो जान बचाकर भाग गए परंतु वे घर मे बच्चों के साथ रोकर रात बिताई है।

---

चैनपुर में बस ड्राइवर ने फादर के साथ की मारपीट

## आक्रोशित लोगों ने चैनपुर मुख्य मार्ग को किया जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के बारवे उच्च विद्यालय के सह प्राचार्य फा।अजित कुजूर के साथ वैभव बस के ड्राइवर के द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। जिसके बाद रविवार की सुबह आक्रोशित लोगों ने चैनपुर गुमला मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार फा।अजित कुजूर शनिवार की रात अपने जरूरी काम से बस स्टैंड के समीप खड़े थे, तभी पीछे से वैभव बस आकर लगी और किसी कारणवश दोनों की गाड़ी आपस में सट गई। जिसके बाद बस ड्राइवर ने गाड़ी से उतरकर फादर के साथ धक्का मुक्की कर दी। जिससे फादर जमीन पर गिर गये और उनको हाथ में चोट लगी जिसके बाद स्थानीय लोगों ने फादर को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इधर फादर



के साथ मारपीट की घटना पूरे चैनपुर में आग की तरह फैल गई। जिसके बाद आक्रोशित रविवार को लोगों ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर चैनपुर गुमला मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जिसके बाद मौके पर चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव अपने दल बल के साथ जाम स्थल पर पंहुच कर लोगों को समझाया और कहा कि आप थाना में आवेदन दे। पुलिस कार्रवाई जरूर करेगी जिसके बाद लोगों ने जाम को हटा लिया गया। इधर लगभग दो घंटे से लगे जाम में दोनों ओर गाड़ी की लंबी कतार लग गई थी।

---

## बरसात में सभी नागरिक अपने आसपास के क्षेत्र में पेड़ अवश्य लगाएं : सत्यम कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** विहिप के नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम कुमार ने कहा कि जिस तरह गर्मी से बेहाल हो रहे हैं मनुष्य के साथ-साथ पक्षी, छोटे-छोटे जानवर, केंचुआ इत्यादियों का पानी के कारण मृत्यु हो जाना यह बहुत गंभीर विषय है। इसलिए मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि इस बरसात में पेड़ अवश्य लगे। पेड़ लगाने से जल का भी स्रोत बढ़ता है। बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार साहू ने कहा कि आज ऐसा स्थिति हो गया है कि जल का भी संकट गहराता जा रहा है यह सब का एक ही उदाहरण है कि हम सब मिलकर पेड़ अवश्य लगाऐं। क्योंकि अगर पेड़ दिन प्रतिदिन शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेड़ की बहुत कटाई हो रही है। मैं प्रशासन से अनुरोध करता हूं कि पेड़ की कटाई को रोके। जब एक पेड़ बड़ा होता है तो उससे जो वायु निकलती है वह जीवन को बढ़ाती है। तो क्यों ना हम सब मिलकर इस बरसात में



समय निकालकर पेड़ अधिक से अधिक लगाएं। प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि आज हमें और जीव जंतु को भी वायू पानी की बहुत आवश्यकता है। मैं जिला के सभी विभागों और जिला प्रशासन एवं वरीय पदाधिकारी से भी निवेदन करता हूं कि इस बार सभी सरकारी स्कूलों और प्राइवेट स्कूलों में जो जगह खाली पड़ी हुई हो उस जगह पर पेड़ अवश्य लगाएं ताकि अगले साल इस तरह के भीषण गर्मी ना लगे। प्रांतीय पदाधिकारी सीताराम स्वामी ने कहा कि आज विश्व में पृथ्वी का तापमान बढ़ते जा रहा है जिससे ग्लेशियर भी धीरे-धीरे पिघल रहा है। क्योंकि पहले कभी इतना अधिक गर्मी धरती पर पड़ा नहीं था आज की स्थिति बहुत दयनीय है। जिला उपाध्यक्ष अशोक कांस्यकर ने कहा कि इस बरसात के समय बजरंग दल के द्वारा अधिक से अधिक जगहों पर पेड़ लगाया जाएगा। मौके पर शांति आश्रम के पदाधिकारी एवं बच्चों के द्वारा पेड़ लगाने के समय में मंत्र उच्चारण भी किया गया। बिहार एवं झारखंड के प्रांतीय पदाधिकारी भी पौधारोपण कार्यक्रम पर मौजूद थे। सभी ने इस कार्यक्रम की सरहाना की। सभी ने संकल्प लिया कि इस बार हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे।

---

## झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की गुमला शाखा की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, गुमला जिला शाखा की कार्यकारिणी की बैठक मुरारी प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में कई प्रखंडों एवं विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की शुरूआत में, अध्यक्ष की अनुमति से भूषण कुमार, जिला सचिव, ने विस्तार से अपनी बात रखते हुए कहा कि जिले में कर्मचारियों पर कई पदाधिकारियों द्वारा दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है, लेकिन जिला प्रशासन चुप्पी साधे हुए है और उन पदाधिकारियों को संरक्षण प्रदान कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गोलबंद होकर आंदोलन करने की आवश्यकता है, क्योंकि



कई कर्मचारियों का वेतन महीनों से रोका जा रहा है। जिला सम्मेलन के आयोजन के लिए स्वागत समिति का गठन भी आवश्यक बताया गया। इसके बाद, मुरारी प्रसाद सिंह ने कहा कि आज भी कर्मचारी शोषण के खिलाफ आंदोलन के लिए तैयार हैं। अन्य प्रतिनिधियों, जैसे रामनरेश सिंह, सीताराम साहू, राममोहन साहू, हरिदास राम, आशीष भगत, फुलझरी भगत, रघुनंदन वैद्य, मनोरंजन कुमार सिंह, और सुनील कुमार ने भी संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि शोषण करने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध आंदोलन चलाया जाएगा और जिला सम्मेलन के आयोजन से संगठन को और मजबूती मिलेगी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 8 सितंबर, 2024 को जिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। स्वागत समिति के लिए निम्नलिखित सदस्यों का चयन किया गया - स्वागत सचिव - जीतबहन उरांव -अध्यक्षः जितेंद्र कुमार महतो - कोषाध्यक्षः मनोरंजन कुमार सिंह साथ ही, पालकोट प्रखंड अंचल अंतर्गत चल रही समस्याओं के समाधान को लेकर उपायुक्त गुमला से मिलने का निर्णय लिया गया।

---

## हिंडाल्को के विरुद्ध सशक्त आंदोलन की जरूरत : रितेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार ने बयान जारी कर कहा कि विगत कुछ दिनों से बाजार में यह बात बहुत ही तेजी से फैली है कि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज प्रबन्धन खनिज उत्खन्न व ट्रकों के संचालन में मनमानी रवैया अपनाये हुए है। परन्तु यह भी सच है कि लोहरदगा जिला में जो भी जनप्रतिनिधि हैं वे किसी ना किसी रूप में अपनी स्वार्थों की पूर्ति में लगे रहते है अन्यथा जिस कम्पनी द्वारा लोहरदगा जिला में आजादी के पहले से खनिजों का दोहन कर अरबों खरबो रुपये का कमाई करने के बावजूद जिला के विकास तथा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में खानापूर्ति मात्र करते आ रही हो, फिर भी किसी भी संगठन या राजनीतिक पार्टी द्वारा हिंडाल्को के विरुद्ध गम्भीरतापूर्वक ना ही आवाज उठाया गया है और ना हीं कोई गम्भीर आंदोलन किया गया। वैसे में अचानक अब कोई करिश्मा की उम्मीद नहीं की जा सकती है, स्थानीय को रोजगार देने की बात तो दूर की कौड़ी है। आज हमारे बीच हमारे अभिवावक सह इंटक महासचिव पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू की अगुवाई में हिंडाल्को के मनमानी रवैये के विरुद्ध कल से प्रारम्भ हुई आंदोलन में जो जोश व जुनून दिखा वह बहुत ही प्रशंसनीय है एवं स्वागतयोग्य भी है। किसी भी कम्पनी के द्वारा यदि किसी क्षेत्र से कमाई की जाती है तो उसका फर्ज होता है कि वह स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दे तथा रोजगार की सृजन करे वही साथ ही साथ क्षेत्र के विकास में अपनी सहभागिता भी सुनिश्चित करे।

---

पालकोट प्रखंड के कन्हरकोना ग्राम जाने वाले जर्जर मार्ग का पहला चरण का निर्माण कार्य हुआ पूर्ण

# 690 मीटर का पीसीसी मार्ग बन कर तैयार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा सितंबर 2023 में किए गए क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उन्होंने पालकोट के एक सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित कन्हरकोना ग्राम का दौरा किया था। उक्त गांव तक पहुंचने के लिए लगभग 4 किलो मीटर की दूरी उन्हें बाइक एवं पैदल चल कर तय करनी पड़ी थी। गांव पहुंचते ही ग्रामीणों की पहली और सबसे बड़ी समस्या सड़क के जर्जर अवस्था की थी एवं ग्रामीणों ने सड़क निर्माण करने हेतु उपायुक्त से आग्रह भी किया था। इस समस्या को समझते एवं नजदीकी से देखने के पश्चात उपायुक्त ने आरइओ विभाग को उक्त क्षेत्र में जाकर सड़क निर्माण करने हेतु प्राक्लन तैयार करने का निर्देश दिया था। जिसके पश्चात






विभाग द्वारा विभिन्न खंडों (ए - टू-एम) में प्रकलन तैयार कर उपायुक्त को समर्पित किया गया था एवं लगभग 2 माह पूर्व सभी आवश्यक कार्रवाई के पश्चात पीसीसी पथ निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया था एवं अब लगभग 690 मीटर के पीसीसी पथ निर्माण का कार्य पूर्ण कर दिया गया है।

प्रथम चरण में पालकोट प्रखंड अंतर्गत स्थित बनयीडेगा से कन्हरकोना ग्राम जाने वाले जर्जर मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया।

#### ग्रामीणों के बीच हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला : जे.ई., ई.आर.

आरईओ विभाग के जे.ई., ई.आर. इमाम द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि लगभग 2 माह पूर्व उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में बनाईडेगा से कन्हरकोना ग्राम जाने वाले सबसे अधिक जर्जर मार्ग का कार्य प्रथम चरण में खंड अ एवं खंड इ जो क्रमशः 0 से 445 मीटर एवं 445 से 690 मीटर की दूरी है के पथ निर्माण का कार्य किया जाना था। जिसका कार्य अब पूर्ण हो चुका है। खंड अ में केवल पीसीसी पथ का निर्माण किया गया है वहीं खंड ई के कुल 235 मीटर मार्ग में पीसीसी पथ,60 मीटर का गार्डवाल (तालाब के समीप) एवं 1/1 मीटर का पुलिया भी तैयार किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क निर्माण के क्रम में ग्रामीणों की भी सराहनीय सहायता मिली है, ग्रामीणों ने भी अपने स्तर से हर संभव सहायता किया एवं सड़क के बन जाने से उनके आवागमन में सुविधा होते देख ग्रामीणों ने बेहद ही हर्ष एवं उपायुक्त के प्रति आभार प्रकट किया।

---

## न्यूज बॉक्स

### गुमला नगर परिषद ने चलाया गया नशा मुक्ति अभियान

**गुमला।** राज्य में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगर परिषद गुमला के द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सहयोग से रविवार को अपराह्न 04:00 बजे मानव श्रृंखला का निर्माण करते हुए नशा मुक्ति रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से नशा के विरुद्ध नागरिकों के बीच जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न नशा विरोधी नारों से गूंज उठा शहर। रैली में नगर परिषद कार्यालय के कर्मियों सहित विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर प्रबंधक हेलाल अहमद खान, नगर मिशन प्रबंधक राहिल डुंगडुंग, सामुदायिक संगठनकर्ता बिमला देवी, कार्यालय सहायक रौनक कृष्ण पाण्डेय, कर्मी मुन्ना कुमार, प्रदीप राम, सीआरपी गण सहित विभिन्न स्वयं सहायता समूह की लगभग 250 महिलाओं ने सहभागिता निभाई।




### भाजपा ने डॉ श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

**लोहरदगा।** भाजपा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी ही नहीं, एक महान शिक्षाविद्, देशभक्त, राजनेता, सांसद, अदम्य साहस के धनी और सहृदय और मानवतावादी थे। भारत के राष्ट्रवादी महापुरूष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के विचारों में संपूर्ण भारत दिखता है। वे सम्पूर्ण भारत को एक मानते थे। डॉ. मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। हम सब एक ही रक्त के हैं। एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है। श्रीचंद प्रजापति ने कहा कि भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए उन्होंने जो अभियान शुरू किया, इसके लिए उन्हें अपने प्राणों को त्यागना पड़ा। कार्यक्रम के बाद भाजपा कार्यालय में पौधरोपण कर पौधरोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। भाजपा का हर एक कार्यकर्ता अपनी मां के नाम पर एक वृक्ष जरुर लगाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष चंद्र प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष राज किशोर महतो, जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, विमलकांत सिंह, मोहन साहू, पशुपतिनाथ पारस, सजल कुमार, मनीष शिखर ,सुरेश बैठा, प्रकाश नायक,सुरेश लोहारा, सुधांशु कुमार,शंकर लोहारा, सहित अन्य उपस्थित थे।

### देवी मंडप और सार्वजनिक कूप बेचने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**गुमला।** गुमला सदर थाना स्थित असनी पंचायत के भलदम चट्टी वार्ड नंबर चार के देवी मंडप, सार्वजनिक कूप की जमीन दलालो द्वारा बिक्री करने व खरीदार द्वारा उसकी चारदीवारी निर्माण का ग्रामीणों ने विरोध किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उक्त स्थल पहुंचकर काम को रूकवाया। उसके बाद मुखिया गौरी किंडो व जमीन मालिक बघिमा निवासी अनिल नाग को बुलाया। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि उक्त जमीन को रातू महाराजा ने हम ग्रामीणों को दान स्वरूप दिया था। जहां देवी मंडप व सार्वजनिक कूप लगभग 30 वर्ष पुराना है। ग्रामीण देवी मंडप व कूप का प्रयोग करते है। उक्त भूमि रैयत नहीं होने के बावजूद आप इसे कैसे खरीदारी की। इसका हम विरोध करते है। आपने जिससे भी खरीदारी की है। उससे मिलकर अपना पैसा वापस ले लें। हम ग्रामीण आपको कुछ नहीं बोलेंगे। अगर आप इस जमीन को बल से कब्जा करना चाहेंगे, तो हम ग्रामीण भी आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। यह हमारी पूर्वजों का मंदिर व कूप है। जिसे हम किसी कीमत में नहीं छोड़ेंगे। इस संबंध में जमीन मालिक अनिल नाग ने कहा कि एक माह पूर्व रातू महाराजा के आदमी द्वारा सवा ग्यारह डिसमील जमीन को मैने 22 लाख रुपये में खरीदारी की है। जिसकी रजिस्ट्री भी हो चुकी है। रविवार को मैने जमीन की बाउंड्री के लिए काम शुरू करवाया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया।

### सेवा भारती ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 106 वां सप्ताह के रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 41 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा बदलते मौसम पर अपने स्वास्थ के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है और कहा कि जीव सेवा- मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, इससे आगे कुछ नहीं। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप अवश्य कराते रहना चाहिए। जिससे होने वाले कई बीमारीयों की जानकारी मिल सकती है। जिससे कि समय पर उसका इलाज कराकर स्वस्थ हो सकते हैं। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,शशि भुषण सिंह, सचिव जयप्रकाश शर्मा, सह सचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर अपने स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है। लोगों ने शुगर,बी.पी.,ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए डॉक्टर से परामर्श भी लिए। शिविर में शशि भूषण सिंह, सुबोध महतो, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, अंजलि सर्राफ, मीना देवी,पायल अग्रवाल, अतुल सर्राफ, मनमोहन प्रसाद, राजीव कुमार सिंह, रेखा देवी, देवनारायण प्रसाद गुप्ता, सूरज साहू आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### बिल्डर ने एक माह का पानी का बिल आठ लाख थमाया, भड़का गुस्सा



**जमशेदपुर।** नगर निगम के वार्ड 20 स्थित श्रीनाथ ग्लोबल विलेज में पानी की घोर किल्लत हो गई है। रविवार को सोसाइटी वासियों के सब्र का बांध उस वक्त टूट गया जब बिल्डर ने एक महीने के पानी का बिल आठ लाख रुपये का थमा दिया गया। इस पर सोसायटी वासियों ने बिल्डर और नगर निगम के खिलाफ आक्रोश जताया है। श्रीनाथ ग्लोबल विलेज एक बड़ी रिहायशी सोसायटी है। यहां करीब तीन सौ फ्लैट और डुप्लेक्स हैं। पिछले तीन महीने से यहां पानी की घोर किल्लत है।

### बंद पड़े जलमीनार से बेंद गांव में गहराई पेयजल समस्या

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड की बनकाटा पंचायत के बेंदा गांव स्थित जल मीनार पिछले कई माह से खराब पड़ा है। गांव में लगभग तीस परिवार रहते हैं। इससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में सुभम राना, रूपाली राना, दुर्गा सरदार, सोनधा राना, आलोचना प्रधान, तपती नायक, कमला नायक आदि का कहना है कि गांव की ओर से कई बार संबंधित विभाग के संवेदक को भी सूचना दी गई है लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुआ है। ग्रामीण पेयजल के लिए दूर स्थित एक कुएं पर निर्भर हैं जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**चाईबासा।** विश्व ओलंपिक दिवस 2024 के अवसर पर जिला मुख्यालय चाईबासा में जिला प्रशासन एवं जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में क्रॉस कंट्री, रग्बी, ताइक्वांडो, बैडमिंटन एवं बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की, ओलंपिक संघ अध्यक्ष नितिन प्रकाश, उपाध्यक्ष नीरज संदवार, महासचिव अजय कुमार नायक एवं संयुक्त सचिव पंकज चिरानिया ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर किया। दौड़ बिरसा मुंडा इंडोर स्टेडियम के प्रांगण से आरंभ होकर पुलिस लाइन, चर्च रोड, गांधी टोला, मधु बाजार, शहीद पार्क चौक होते हुए पुनः इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में समाप्त हुआ। क्रॉस कंट्री दौड़ पुरुष वर्ग में नारायण बिरुवा (मंझारी) प्रथम, सन्नी कोड़ह (सोनुवा) द्वितीय और आकाश लागुरी (टोंटो) तृतीय स्थान पर रहे।

### बीसीसीएल वर्कशॉप में लूट के सामान के साथ दो गिरफ्तार

**धनबाद।** कतरास के बाघमारा के अंगारपथरा ओपी अंतर्गत बीसीसीएल के अंगारपथरा ऑटो वर्कशॉप में गत 18 जून को हुई लूट मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घटना में संलिप्त दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले से जुड़ी पूरी जानकारी बाघमारा एसडीपीओ आनन्द ज्योति मिंज ने रविवार को सिजुआ स्थित कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित कर दी। जानकारी देते हुए डीएसपी ने कहा कि घटना को लेकर सम्बंधित बीसीसीएल अधिकारी के लिखित शिकायत के बाद पुलिस की एक टीम गठित कर लगातार छापेमारी की गई। जिसमें जोगता निवासी मो कासिम अंसारी और मो अमजद अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर लूटे गए समान मोटर बैटरी रेडियेटर सहित अन्य बरामद कर लिए गया है। फिलहाल दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# विदेशियों को साइबर ठगी का शिकार बनाने वाले सात गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

एक बार फिर साइबर ठगों ने जमशेदपुर को अपना ठिकाना बनाना शुरू कर दिया है। इसका खुलासा तब हुआ जब जमशेदपुर पुलिस ने गोलमुरी मुस्लिम बस्ती में छापेमारी कर साइबर ठग गिरोह के कुल सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में गोलमुरी टुइलाडुंगरी निवासी अमरीक सिंह उर्फ रिंकू, कोलकाता दत्ता लेन निवासी विवेक गुप्ता, कोलकाता बगोई पाड़ा निवासी तनुप दास, हावड़ा निवासी गौरव चौधरी, मनीष चौधरी, संदीप कुमार राम और प्रवीण चौधरी शामिल हैं।



### एसएसपी को मिली थी गुप्त सूचना

एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी कि गोलमुरी में साइबर ठगी का काम किया जा रहा है। सूचना पर बिष्टुपुर थाना में रमीज रजा खान के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। इसके बाद बिष्टुपुर थाना प्रभारी उमेश कुमार ठाकुर और गोलमुरी पुलिस ने संयुक्त रुप से मुस्लिम बस्ती स्थित रमीज रजा खान के घर छापेमारी की। मौके से पुलिस ने सातों आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस ने मौके से साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाले कई सामान भी जब्त किए। पुलिस सभी को गिरफ्तार कर थाना ले आई जहां पूछताछ करने के बाद सभी को रविवार को जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 13 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप,7 लैपटॉप चार्जर, 1 स्वाप मशीन और 13 एटीएम कार्ड जब्त किए हैं। हालांकि गिरोह का मुख्य सरगना टेल्को घड़ी पार्क के पास रहने वाला सौरभ कुमार सिन्हा और साइबर क्राइम के लिए जगह उपलब्ध कराने वाला रमीज रजा खान पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। वहीं पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश के लिए छापेमारी कर रही है।

### साइबर ठगी के तीन आरोपित गिरफ्तार

**गिरिडीह।** जिले के सरिया और गांडेय से तीन साइबर ठगों को साइबर डीएसपी आबिद खान ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में देवघर के मधुपुर थाना इलाके के जमीर अंसारी, मागोमुंडा थाना इलाके के डुमरिया गांव निवासी बॉबी गुप्ता और गांडेय के रक्सकुटो गांव का उदय मंडल शामिल हैं। तीनों बेहद शातिर अपराधी बताए जा रहे हैं। तीनों को साइबर पुलिस ने उस वक्त दबोचा जब वे अलग-अलग इलाके में अपराध की योजना बना रहे थे। पुलिस ने तीनों अपराधियों के पास से 2 बाइक, 5 मोबाइल और छह सीम कार्ड जब्त किये हैं। तीनों अपराधी एसबीआई का योनो लिंक भेजकर बैंक खाता धारक का अकाउंट खाली कर देते थे। इसके अलावा ठगी करने के लिए एयरटेल पेमेंट एप का भी इस्तेमाल करते थे। तीनों ने अब तक 25 लाख से अधिक की ठगी की है।

### इस्कॉन ने मनाया भगवान जगन्नाथ का स्नान उत्सव

**धनबाद।** धनबाद के कुसुम विहार स्थित इस्कॉन की ओर से शनिवार को भगवान जगन्नाथ का महास्नान उत्सव मनाया गया। रिजॉर्ट में आयोजित अनुष्ठान में भक्तों ने भगवान के अभिषेक, महाभोग, कथा व कीर्तन का आनंद लिया।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे सोलर जलमीनार

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड में जल जीवन मिशन के तहत सैकड़ों जलमीनार लगाये गये हैं। हर घर नल योजना में करोड़ों खर्च किया गया है ताकि ग्रामीणों को पीने के लिए शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जा सके। प्रखंड में सोलर जलमीनार लगाने की योजना ठेकेदार और अधिकारियों के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं। बमुश्किल तीन से छह माह के अंदर सोलर जलमीनार से पानी निकलना बंद हो गया है। प्रखंड के डुमरिया मुख्य बाजार बस स्टैंड स्थित जलमीनार, बंद उर्दू स्कूल परिसर की जलमीनार, पांडुसाई स्थित जलमीनार समेत दर्जनों स्थान पर जलमीनार से पानी नहीं निकल रहा है। इसकी मुख्य वजह घटिया क्वालिटी के मोटर और स्टार्टर को बताया जा रहा है। निर्माण कार्य से जुड़े संवेदक जैसे तैसे काम पूर्ण कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

# पुराने विवाद में युवक को मारी गोली,गंभीर

**दो युवक हिरासत में**



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जिले के जुगसलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत बलदेव बस्ती निवासी करण सिंह (19) को पुराने विवाद में एक युवक ने रविवार सुबह गोली मार दी। गोली करण के सिर में लगी। इसके बाद वारदात में शामिल युवकों ने ही करण को टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) के आईसीयू में भर्ती कराया। करण की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को हिरासत में लिया है।

घटना के संबंध में बताया गया है कि बलदेव बस्ती स्थित घर के बाहर बलदेव पानी भर रहा था। इसी दौरान छाया नगर के दो युवक बाइक से आए और उससे कहा कि बलदेव बस्ती के ही प्रह्लाद के घर चलना है। प्रह्लाद के घर जाने के बाद किसी पुराने विवाद की वजह से युवकों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान एक युवक ने हथियार निकालकर करण के सिर में गोली मार दी। सूचना है कि घटना के बाद गोली मारने वाले वारदात में शामिल युवकों ने ही करण को जमशेदपुर के टीएमएच अस्पताल पहुंचाया और सभी वहां से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलने के बाद करण की मां और आस-पड़ोस के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। यहां उन्हें मालूम हुआ कि युवकों के बीच मारपीट हुई और बाद में गोली चली। इसके बाद सभी लोग टीएमएच पहुंचे। फायरिंग की सूचना मिलने पर जुगसलाई थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। आसपास और परिवार के लोगों ने बताया कि करण पीएनएम मॉल में काम करता है। वह अपनी मां के साथ जुगसलाई बलदेव बस्ती में रहता है।

### फरार गणेश सिंह के घर पर पुलिस ने चस्पाया इश्तेहार



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने कई मामलों में फरार चल रहे आरोपी गणेश सिंह के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रविवार को टेल्को पुलिस ने रंजीत सरदार हत्याकांड मामले में गणेश सिंह के मानगो डिमना रोड स्थित आवास पर इश्तेहार चस्पा किया। इस दौरान पुलिस ढोल-नगाड़ों के साथ मौके पर पहुंची थी। वहीं मौके पर क्यूआरटी को भी तैनात किया गया था। इसके पूर्व उक्त मामले में कोर्ट से गणेश सिंह के खिलाफ वारंट भी जारी हुआ था, पर गणेश सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। इसके बाद प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अभिषेक कुमार की अदालत ने गणेश सिंह के खिलाफ इश्तेहार जारी किया था। इश्तेहार चस्पा करने के एक माह के अंदर गणेश सिंह कोर्ट में प्रस्तुत नहीं होता तो पुलिस कुर्की जब्ती की कार्रवाई करेगी।

### कुलाधिपति के जन्मदिन पर साई महोत्सव सह स्थापना दिवस समारोह आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय पोखारी प्रांगण में साई महोत्सव सह स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नेताजी ग्रुप ऑफ स्कूल, नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय, नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज और अस्पताल और नेताजी सुभाष ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के तहत संचालित सभी संस्थानों के विभिन्न संकाय सदस्य, पदाधिकारी और अन्य कर्मचारी शामिल हुए।

यह आयोजन के अध्यक्ष मदनमोहन सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय स्थित साई मंदिर में भव्य आरती सह मंगल हवन के साथ हुई। इसके पश्चात विश्वविद्यालय सभागार में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने कहा कि कुलाधिपति मदनमोहन सिंह का व्यक्तित्व हमारे लिए बहुत बड़ा है। आज हम जिस उत्कृष्टता के साथ आगे बढ़ रहे हैं, यह इनकी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है। ये न सिर्फ हमारे अभिभावक हैं, बल्कि मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत भी हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारियों, संकाय सदस्य, उनके परिजन, मित्र समेत गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

### जामिद गांव में तालाब से 30 एकड़ खेतों की होगी सिंचाई : सुखराम

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड की जामिद पंचायत के जामिद गांव में रविवार को भूमि संरक्षण विभाग की ओर से जीर्णोद्धार किये गये सरकारी तालाब का विधायक सुखराम उरांव ने रविवार को उद्घाटन किया। चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर तालाब का उद्घाटन किया। विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर तालाब का जीर्णोद्धार कराया गया है। इस तालाब से लगभग 30 एकड़ खेतों में सिंचाई होगी। इससे क्षेत्र के किसान बेहतर खेती कर अच्छी आय कर सकते हैं। तालाब के जीर्णोद्धार से ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा। स्थानीय ग्रामीणों ने तालाब के समीप स्नानाघाट निर्माण कराने की मांग की। इस पर विधायक ने कहा कि जल्द ही तालाब के किनारे स्नानाघाट का निर्माण कराया जाएगा। मौके पर जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी एसएन सिंह, भूमि संरक्षण पदाधिकारी लोकेश यादव, पर्यवेक्षक राजदेव, मानकी चाकी इत्यादि समेत स्थानीय महिला-पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।

### बुरुडीह में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज को लेकर दो पक्ष भिड़े, बवाल

**नवीन मेल संवाददाता। गम्हरिया**

गम्हरिया प्रखंड के बुरुडीह में डिग्री कॉलेज प्रस्तावित है. डिग्री कॉलेज खोलने को लेकर वहां के ग्रामीण दो पक्ष में बंटे हुए हैं. एक पक्ष कॉलेज खोलने तो दूसरा पक्ष इसके विरोध में है।

इसके लिए रविवार को ग्राम सभा बुलाई गई थी। इसमें दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और जमकर बवाल किया। बता दें कि झारखंड गठन के 23 साल बाद मुख्यमंत्री बनते ही चंपाई सोरेन ने क्षेत्र के युवाओं को डिग्री कॉलेज की सौगात दी है, मगर यहां के कुछ ग्रामीण इसके विरोध में उतर गए हैं। बता दें कि बुरुडीह पंचायत में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के लिए सरकार ने अनाबाद झारखंड सरकार की करीब 15.20 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करने की स्वीकृति दी है। पहले चरण में करीब 5 एकड़ जमीन का सीमांकन कार्य शुरू हुआ है। लेकिन कुछ ग्रामीणों ने इसके विरोध में मोर्चा खोल दिया है। विरोध कर रहे पक्ष के ग्रामीणों ने बताया कि कब्रिस्तान ग्राम सभा की सहमति के हम जमीन नहीं दे सकते। जो ग्राम सभा बुलाई गई है वह फर्जी है। इसमें पारंपरिक माझी बाबा अनुपस्थित हैं। इस जमीन पर विवाद है, वह आदिवासी लैंड है। ग्राम सभा वहां होनी चाहिए थी, मगर सरकार उनको बेदखल करना चाहती है। इसी बात को लेकर ग्राम सभा में दोनों पक्ष के ग्रामीण आपस में उलझ गए। हालात इतने बिगड़े की दोनों तरफ से हाथापाई शुरू हो गई। इस विषय में गम्हरिया अंचलाधिकारी (सीओ) कमल किशोर ने बताया कि जितने भी भूखंड हैं, वह अनाबाद झारखंड सरकार की भूमि है। एक इंच जमीन भी मूल रैयतों की नहीं ली जा रही है। जो विरोध कर रहे हैं उनकी मांग उचित नहीं है। बावजूद इसके उन्हें भरोसा दिलाया गया है कि किसी का भी मकान टूटने नहीं दिया जाएगा। हालांकि हंगामे के बीच कांड्रा थाना प्रभारी, सीओ, मुखिया, और ग्राम प्रधान की मौजूदगी में ग्राम सभा संपन्न कराई गई। सभी से रजिस्टर में हस्ताक्षर लिए गए हैं।

## न्यूज बॉक्स

### विधायक सरयू राय ने जेम्को आजाद बस्ती का किया दौरा



**जमशेदपुर।** टेल्को स्थित जेम्को आजाद बस्ती शिव मंदिर रोड में रविवार को भाजमो की एक बैठक हुई। इसमें स्थानीय विधायक सरयू राय मुख्य अतिथि थे। बैठक के पश्चात उन्होंने संपर्क, समस्या समाधान के तहत बस्तिवासियों के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बस्तीवासियों की समस्याएं सुनी तथा समाधान का आश्वासन दिया। आजाद बस्ती शिव मंदिर लाइन में लोगों ने बताया कि यहां नाला की सफाई नहीं होती है। विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमेटी के अधिकारियों को फोन पर निर्देश दिया साथ ही कहा कि नाले की जल्द से जल्द सफाई की जाये भाजमो नेता नवीन कुमार के अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें रोड, नाला और टाटा स्टील यूआईएलएल की बिजली के मुद्दे पर चर्चा हुई। विधायक सरयू राय ने सभी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मोर्चा के लक्ष्मीनगर मंडल अध्यक्ष विनोद राय, समारु, मुन्ना देवी, सुमन, राजू, अमित शर्मा, राजेश, करनदीप सिंह, अनिल, राम मूर्ति, राजेश मिश्रा एवं कई बस्तीवासी उपस्थित थे।

### पुल नहीं बना तो 10 गांव विधानसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार



**बंदगांव।** बंदगांव प्रखंड के अति दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र सावनिया नदी पर पुल नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। साथ ही गांव को जोड़ने के लिए अच्छी सड़क भी नहीं है। इस समस्या को लेकर रविवार को चतमा गांव में ग्राम मुंडा भरमी मुंडा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई भी थे। बैठक में ग्राम मुंडा भरमी मुंडा और ग्रामीणों ने कहा कि सावनिया नदी पर पुल नहीं बनने के कारण 10 गांव के लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। बरसात के दिनों में यह 10 गांव प्रखंड मुख्यालय से कट जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर नदी पर पुल और सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो 10 गांव के ग्रामीण विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। मौके पर विश्राम मुंडरी, बुधवा हेम्ब्रम, गंगु मुंडरी, दुर्गा प्रधान, एसएल प्रधान, गणेश प्रधान, बिरसा प्रधान, लीठा प्रधान, सुरेश मुंडरी, राम मुंडरी, पातर मुंडरी, बसंत मुंडरी, सोमा मुंडरी, जॉन मुंडरी, हिंदू मुंडरी, नंदू मुंडरी, मनाय मुंडरी समेत अन्य मौजूद थे।

### दंदासाई में डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मून स्टार बना विजेता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के वार्ड संख्या पांच दंदासाई स्थित राजाबगान में स्व। राजन सिंह मेमोरियल के तत्वाधान में संग्राम क्लब ने दो दिवसीय डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया था। इसका समापन रविवार को हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच दंदासाई की बेवड़ा 11 व वार्ड संख्या 10 की मून स्टार क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। इसमें मून स्टार की टीम विजेता बनी। इससे पहले शनिवार की रात प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ था। इसमें मुख्य रुप से भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मालती गिलुवा, गिरिराज सेना के संरक्षक स्व। कमलदेव गिरि के बड़े भाई उमाशंकर गिरि, भाजपा नेत्री विमला प्रसाद उपस्थित थे। मौके पर अतिथियों ने स्व। कमलदेव गिरि, पूर्व सांसद स्व। लक्ष्मण गिलुवा, स्व। राजन सिंह की तस्वीर के समीप दीप प्रज्वलित कर व फूल माला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ ही खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें शामिल हुईं। वहीं रविवार शाम प्रतियोगिता के समापन समारोह में अतिथि समाजसेवी विक्रम सिंह ने विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कार दिया। मौके पर आयोजन समिति के बैजू रवानी, राकेश जयसवाल समेत अन्य सदस्य व खेलप्रेमी मौजूद थे।

### पुलिस ने बालू लदा तीन हाइवा किया जब्त

**धनबाद।** गोविंदपुर पुलिस ने शनिवार रात बरवापुर दलदली रोड में हेरिटेज पब्लिक स्कूल के पास बालू लदा तीन हाइवा को जब्त किया। वहीं बालू परिवहन में शामिल दो कारों को भी जब्त कर लिया। इस संबंध में खान निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक ने बिना परिवहन चालान के अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर परिवहन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई।

# जिला कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

**नवीन मेल संवाददाता। पूर्वी सिंहभूम**

नीट यूजी में भ्रष्टाचार के खिलाफ पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी ने रविवार को साकची गोलचक्कर पर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी की ओर से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र की एनडीए सरकार में भारत के छात्र नौजवानों का भविष्य लगातार अंधकारमय होता जा रहा है। नीट यूजी 2024



के परिणाम में संगठित भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी राष्ट्रव्यापी आंदोलन चला रही है।

**सुप्रीम कोर्ट है पूरा भरोसा**

उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार की आंख के नीचे इतने बड़े घोटाला और भ्रष्टाचार को लगातार संरक्षण दिया जा रहा है। हमें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है कि इस संगठित भ्रष्टाचार का एक-एक पहलू उजागर होगा और दोषी सलाखों के पीछे होंगे। इस दौरान पार्टी के प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, अवधेश सिंह, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, फिरोज खान, रजनीश सिंह, धर्मा राव, अतुल गुप्ता,गुरदीप सिंह, सुखदेव सिंह मल्ली, अरूण कुमार सिंह, शिबु सिंह, बीरेंद्र सिंह, निजाम, रविंद्र शर्मा, वैभव उपाध्याय समेत अन्य उपस्थित थे।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को करें आत्मसात : नायक

**बोकारो।** भाजपा कसमार प्रखंड कार्यालय में रविवार को प्रखर राष्ट्रवादी,भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मंडल अध्यक्ष राजेश पांडेय की अध्यक्षता में मनाया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व जिला बीस सूत्री कमेटी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# राधा गोविंद विवि के भूगोल विभाग ने चलाया नशामुक्ति अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड सरकार द्वारा 19-25 जून 2024 के दौरान मादक पदार्थों के दुरुपयोग के रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके उपलक्ष्य में राधा गोविंद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया।

यह अभियान विश्वविद्यालय परिसर से शुरू होकर बुढाखुखरा गांव तक पहुंचकर मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूक किया गया। इस अभियान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी .एन साह ने कहा कि नशा समाज का सबसे बड़ा शत्रु है। अतः इसे समाप्त करना अत्यंत आवश्यक है। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा की आज के युवा पीढ़ी को मादक पदार्थों से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक करना अति आवश्यक है। कुलपति प्रो.(डॉ.)समरेंद्र नाथ





साहा ने कहा कि नशा करने का प्रभाव व्यक्ति तक ही सीमित नहीं होता अपितु समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रति कुलपति प्रो डॉ रश्मि ने 18 से 25 वर्ष के विद्यार्थियों में नशाखोरी की वृद्धि हो रही है।

हम सब को मिलकर समाज को किस तरह से नशामुक्त किया जाए, इस पर सभी को गहन विचार करना चाहिए इस उद्देश्य से ही आज हमारे द्वारा नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। कुलसचिव प्रो. (डॉ. )निर्मल कुमार मंडल ने अपने संबोधन में कहा मादक पदार्थों के सेवन को रोकने के लिए सभी को जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं एवं ग्रामीण को प्रेरित करना अति आवश्यक है साथ ही उन्हें स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने पर भी बल दिया। जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के शिक्षक बुद्धदेव महतो , डॉ अनुराधा लकड़ा,अक्षय प्रसाद सोनी एवं मासूम सिंह के योगदान रहा। मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो.(डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार,डॉ अनिल कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवम छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

# 70 घंटे बाद बंद चानक से निकाला गया शव

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

झरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल के ईस्ट भगतडीह के 9 नंबर बंद चानक में गिरे युवक कृष्णा भगत के शव को बीसीसीएल की माइंस रेस्क्यू की टीम ने आखिरकार लगभग 70 घंटे के बाद बाहर निकाल लिया. जिसके बाद टीम के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। जिसके बाद शव को झरिया थाना की पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया। वहीं शव निकाले जाने के बाद स्थानीय लोगों ने मृतक के परिजन को मुआवजा देने की मांग की। बता दें कि गुरुवार की रात करीब 10 बजे कृष्णा भगत चानक में गिर गया था। उस दिन रात हो जाने के कारण राहत और बचाव कार्य शुरू नहीं किया जा सका। शुक्रवार को बीसीसीएल की माइंस रेस्क्यू की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन माइंस काफी खतरनाक होने के कारण और जुगाड़ नहीं के कारण वापस चली गई। जिसके बाद जिला प्रशासन की ओर से एनडीआरएफ को की टीम को बुलाया गया। शनिवार को एनडीआरएफ की टीम ने चानक में उतरने का काफी प्रयास किया। लेकिन चानक काफी गहरा होने, उसमें पानी और गैस होने के कारण नीचे नहीं उतर सकी। टीम के लोगों ने कहा की चानक में जाने के लिए जुगाड़ नहीं है।

वहीं अधिकारियों जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों के दबाव के बाद बीसीसीएल की माइंस रेस्क्यू की टीम एक बार फिर चानक पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। दिनभर काफी मशक्कत के बाद देर शाम चानक से कृष्णा के शव को निकाला गया। पहले ही बताया जा रहा था कि शव को पानी में तैरते देखा जा रहा है। वहीं माइंस रेस्क्यू टीम के अधिकारी कोमोद रंजन मुखर्जी ने बताया कि चानक काफी गहरा और खतरनाक था। जिस कारण चानक में जाने के लिए कई इक्विपमेंट की आवश्यकता थी। जैसे-जैसे रेस्क्यू कार्य आगे बढ़ता गया, कई चीजों की आवश्यकता पड़ी। उसे मंगाया जा रहा था। जिस कारण देर हुआ। लेकिन शव को निकाल लिया गया।

# सिर्फ हंगामा नहीं वादे निभाने का समय

**संसद** का सत्र प्रारंभ होने वाला है पूर्व के अनुभव के उलट इस बार हंगामा के बजाय गंभीर चर्चा अपेक्षित है ताकि देश की समस्याओं का हल ढूंढा जा सके। 2024 के लोकसभा चुनाव ने सत्ता दल और विपक्ष दोनों को संसद की गौरवमयी परंपराओं को जीवित रखने का एक बार फिर से मौका दिया है। यही लोकतंत्र का स्वरूप भी है और सार भी। इस बार विपक्ष सवा दो सौ से अधिक सीटों के साथ मजबूती से खड़ा है। विपक्ष कांग्रेस के 2024 के मेनिफेस्टो 'न्याय पत्र' से शुरू कर सकता है, जिसमें निम्नलिखित वादों को शामिल किया गया था : हम यह वादा करते हैं कि संसद के दोनों सदन साल में 100 दिनों तक चलेंगे और संसद की प्राचीन परंपराओं को उसी तरह ईमानदारी से निभाया जाएगा। हम यह वादा करते हैं कि सप्ताह में एक दिन, विपक्षी बेंच द्वारा सुझाए गए एजेंडे पर बहस करने के लिए समर्पित होगा। हम वादा करते हैं कि दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारी चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल के हों, उन्हें राजनीतिक दलों से अपने संबंध तोड़ने होंगे, उन्हें तटस्थ रहना होगा और संसद की बरसों पुरानी परंपरा 'स्पीकर को नहीं बोलना चाहिए' को स्वीकार करना होगा। इंडिया ब्लॉक इस बात को अपनाने और उसे पूरा करने के लिए मजबूती से लड़ता रहेगा। भारतीय जनता पार्टी को इस 100 दिनों की बैठक, सप्ताह में एक दिन विपक्ष के एजेंडे पर बहस और निष्पक्ष पीठासीन अधिकारी वाले मामले पर कोई वैध आपत्ति नहीं हो सकती है। नरेंद्र मोदी की तरह भाजपा भी अब 240 सीट के आंकड़ों से उबर चुकी होगी। हालांकि भाजपा का लक्ष्य 370 का था और एनडीए का 400 से ज्यादा का था। उन्होंने जश्न मनाने की कोशिश तो की, लेकिन सीटों की संख्या उन्हें यह इजाजत नीं दे रहा था। 'कम संख्या' का टैग भाजपा नेतृत्व को सताता रहेगा और वह इससे पार करने की हर संभव कोशिश करेगी। जिन्हें वह अपने पक्ष में कर सकती है, उनमें वाईएसआरसीपी-4, आप-3, आरएलडी- 2, जेडीएस-2, एजीपी - 1, आजसू -1 एचएएम-1 और एसकेएम- 1 शामिल हैं। यहां तक की जेडीयू अपनी 12 सीटों के साथ भी सुरक्षित नहीं है। इनमें से कुछ पार्टियां तो पहले से ही एनडीए का हिस्सा रही हैं, लेकिन भाजपा यहीं नहीं रूकेगी। याद रखें कि शिवसेना के साथ क्या हुआ था। संविधान की दसवीं अनुसूची में अनेक खामियां हैं, जिससे छोटी पार्टियों के सांसद हट सकते हैं या गायब हो सकते हैं। कांग्रेस के 2024 के घोषणा पत्र में एक ऐसा फॉमूर्ला था, जो भाजपा की योजना को ध्वस्त कर सकता है : हम संविधान की दसवीं अनुसूची में संशोधन करने का वादा करते हैं और दलबदल (जिस मूल पार्टी से विधायक या सांसद चुने गए थे, उसे छोड़ कर किसी और पार्टी में जाना) को विधानसभा या संसद की सदस्यता के लिए स्वतः अयोग्य घोषित करने का प्रावधान करेंगे। नौकरियों के एजेंडे को आगे लाएं अर्थव्यवस्था के प्रबंधन के मामले में भाजपा को स्थिति सुधारनी है। हालांकि बुनियादी ढांचे के विकास के मुद्दे पर कोई झगड़ा नहीं हो सकता है। सभी आर्थिक नीतियों का उद्देश्य हजारों रोजगार पैदा करना और मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने जैसे दोहरे लक्ष्यों को प्राप्त करना होना चाहिए। भाजपा-एनडीए दो मौकों पर असफल हुई, जिसका खामियाजा उसे लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ा। क्या भाजपा का नेतृत्व अपनी रणनीति में बदलाव लाएगा, यह तो राष्ट्रपति के भाषण और बजट में ही पता चलेगा। जबकि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक को अपने 2024 के घोषणा पत्र में किए गए नौकरियों वाले इन एजेंडे को आगे बढ़ाना चाहिए। उनका घोषणा पत्र कहता है : हम एकाधिकार, अल्पाधिकार और सांठ-गांठ वाले पूंजीवाद के विरोधी हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी कंपनी या व्यक्ति अपने लिए वित्तीय या भौतिक संसाधनों या व्यावसायिक अवसरों के लिए रियायत न पाए , सभी उद्यमियों को समान अवसर मिलने चाहिए।हमारी नीतिगत प्राथमिकता उन व्यावसायिक उद्यमों के पक्ष में होगी, जो बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा करते हैं। केंद्र सरकार में विभिन्न स्तरों पर स्वीकृत पदों की लगभग 30 लाख रिक्तियों को भरेंगे। नियमित गुणवत्ता वाली नौकरियों में अतिरिक्त भर्ती, टैक्स क्रेडिट का लाभ लेने और कॉरपोरेट्स के लिए एक नई रोजगार-लिंक्ड प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना बनाई जाएगी। हम शहरी बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण और नवीनीकरण के लिए शहरी रोजगार गारंटी योजना शुरू करेंगे। जल निकाय पुनरुद्धार कार्यक्रम और बंजर भूमि पुनरुद्धार कार्यक्रम शुरू करके कम शिक्षा और कम कौशल वाले युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे ग्राम पंचायतों और नगर पालिकाओं के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा। विपक्षी दलों को अवसरों को ध्यान में रखते हुए एक नैरेटिव तय करना चाहिए।

महान स्वाधीनता सेनानी बाबू राम नारायण सिंह की 60वीं पुण्यतिथि पर विशेष

# बाबू रामनारायण सिंह की राजनीति का आधार स्तंभ राष्ट्रवाद



विजय केसरी

**बाबू** राम नारायण सिंह की राजनीति का आधार स्तंभ राष्ट्रवाद रहा था। वे अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के कट्टर समर्थक जरूर रहे थे। उन्होंने इसी कांग्रेस पार्टी के बैनर तले अंग्रेजी हुकूमत की ईंट से ईंट बजा दी थी। लेकिन वे एक सच्चे राष्ट्रवादी थे। वे संपूर्ण कश्मीर को भारत के मानचित्र पर देखना चाहते थे। इसी उपदेश की पूर्ति के लिए बाबू राम नारायण सिंह, श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित कई राष्ट्रवादी साथियों के साथ जम्मू कश्मीर की ओर कूच किए थे। बाबू राम नारायण सिंह एवं अन्य साथियों को बीच में ही गिरफ्तार कर उन्हें वापस भेज दिया गया था। लेकिन श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जम्मू कश्मीर में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। एक साजिश के तहत कश्मीर के जेल के अंदर ही उनकी हत्या 23 जून, 1953 को कर दी गई थी। बाबू राम नारायण सिंह, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की गिरफ्तारी के विरोध में जमकर आंदोलन किया था। उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की नीतियों का जमकर विरोध किया था। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कश्मीर के जेल में एक साजिश के तहत हत्या किए जाने के विरोध में भी जमकर जवाहरलाल नेहरू की सरकार की आलोचना की थी। बाबू राम नारायण सिंह, जम्मू कश्मीर में एक राज्य दो विधान के कट्टर विरोधी थे। जवाहरलाल नेहरू सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर को विशेषाधिकार के तहत धारा 370 और 35 के माध्यम से अतिरिक्त शक्ति दिए जाने का उन्होंने कई मंचों द्वारा कड़ा विरोध दर्ज किया था। वे आजीवन धारा 370 और 35 का विरोध करते रहे थे । 5 अगस्त, 2019 को नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35 सदा सदा के लिए हटा दिया था। जम्मू कश्मीर भी देश के अन्य प्रांतों की तरह ही एक राज्य के रूप में भारत के मानचित्र पर अंकित हो गया। जम्मू कश्मीर को लेकर बाबूराम नारायण सिंह, श्याम प्रसाद मुखर्जी एवं अन्य साथियों ने जो संघर्ष और शहादत दिया था, उन सबों की आत्मा बहुत प्रसन्न हुई होगी। बाबू राम नारायण सिंह एक महान स्वाधीनता सेनानी के साथ एक राष्ट्रवादी विचारधारा के व्यक्ति थे। वे देश के जाने-माने बैरिस्टरों में एक थे। स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़ने के कारण उन्होंने बैरिस्टरी को सदा सदा के लिए अलविदा कह दिया था। 1953 में जवाहरलाल नेहरू सरकार की तानाशाही नीतियों के विरुद्ध में उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में बाबू राम नारायण सिंह एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया था। इस आंदोलन का राष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ा था। इस आन्दोलन के क्रम में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से गिरफ्तार कर लिया गया था। बाबू राम नारायण सिंह ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की गिरफ्तार के विरोध में देश के उच्चतम न्यायालय में हैबियस कॉपर्स अरजी दाखिल किया था। बाबूराम नारायण सिंह उच्चतम न्यायालय में बहुत ही विद्वता और तर्क पूर्ण ढंग से अपनी बातों को रखा था । फलस्वरुप उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को रिहा कर दिया था। इस रिहाई की खबर संपूर्ण देश में आज की तरह फैल गई थी। देश के लगभग सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता के साथ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की रिहाई की खबर को प्रकाशित किया था । इससे प्रतीत होता है कि बाबूराम नारायण सिंह एक महान स्वाधीनता के साथ एक बहुत ही बुझ वाले अधिवक्ता थे। बाबू राम नारायण सिंह,राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर भारतीय स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े थे। वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सत्ता का लाभ पहुंचाना चाहते थे । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तरह बाबू राम नारायण सिंह भी देश में ग्राम पंचायत व्यवस्था के तहत प्रधान सेवक अथवा राष्ट्रपति शासन प्रणाली के पक्षधर थे। जब संपूर्ण देश आजादी के अमृत महोत्सव की ओर बढ़ रहा था,, ऐसे में उड़ीसा प्रांत की जनजातीय समुदाय की एक संघर्षशील महिला द्रोपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना बड़े ही हर्ष और गौरव की बात है । देश की आजादी के बाद यह पहला अवसर था, जब देश की सर्वोच्च पद पर एक जनजातीय समाज की महिला आसीन हुई । यह कल्पना देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबू राम नारायण सिंह जैसे महान नेताओं ने देखा था। उन सबों का सपना साकार हुआ। स्वाधीनता संग्राम के शिखर पुरुष, संविधान सभा के सदस्य एवं झारखंड अलग प्रांत के प्रथम पक्षकार बाबू राम नारायण सिंह का संपूर्ण जीवन भारत की आजादी एवं समाजोत्थान को समर्पित रहा था। वे देश की आजादी के बाद स्वाधीनता की रक्षा एवं समाज सेवा से आजीव जुड़े रहे थे । उनकी राजनीति का अर्थ सिर्फ सत्ता प्राप्ति न थी, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंच सके। वे देश के तमाम बड़े नेताओं महात्मा गांधी, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, आचार्य कृपलानी, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, सुभाष चंद्र बोस, विनोबा भावे, सरदार वल्लभभाई पटेल आदि नेताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर स्वाधीनता आंदोलन की लड़ाई लड़े थे। बाबू राम नारायण सिंह मंच पर पहुंचते ही, उन्हें देखने और सुनने वालों की भीड़ लग जाती थी। अंग्रेजो के खिलाफ बेबाक खुलकर बोला करते थे। ब्रिटिश हुकूमत को तुरंत भारत की धरती खाली करने का हुक्म सुनाया करते थे । उनका स्पष्ट मत था कि ब्रिटिश हुकूमत ने छलावा, कूटनीति- राजनीति के बल पर भारत को गुलाम बनाया था। भोले - भाले भारतीयों को अपने व्यवसाय के भंवर जाल में फंसाकर धीरे-धीरे ब्रिटिश हुकूमत ने सत्ता की बागडोर अपने हाथों में ले लिया। अब भारतीय उनके भंवर में फंसने वाले नहीं है, बल्कि करोड़ों हिंदुस्तानी मिलजुलकर अंग्रेजी हुकूमत को भारत से खदेड़ कर ही दम लेंगे। बाबू राम नारायण सिंह को आमजन की तरह रहना और भोजन करना उन्हें पसंद था । वे समय के बड़े पाबन्द थे। हर काम को समय पर किया करते थे । लोगों को भी समय से काम करने की सीख दिया करते थे। वे उद्योगों से ज्यादा खेती गिरस्ती को प्राथमिकता दिया करते थे। वे देशभर के किसानों के बिल्कुल निकट थे। स्वाधीनता आंदोलन में देशभर के किसानों को एक मंच पर लाने में हुए सफल हुए थे। वे मृत्यु से पूर्व तक भारतीय राजनीति में सक्रिय रहे थे। बाबू राम नारायण सिंह की राजनीति जनसेवा से ओतप्रोत रही थी। स्वाधीनता आंदोलन के क्रम में देश के विभिन्न राज्यों में बाढ़ और सूखा पड़ने पर उनसे मुकाबला करने के लिए पीड़ितों के साथ रहे थे। उनके पास जो कुछ भी रहता था, वह सब कुछ पीड़ितों को अर्पित कर दिया करते थे। देशवासियों से मदद लेकर बाढ़ सूखा पीड़ितों की मदद करने में कोई कोताही नहीं बरतते थे। देश में महामारी फैलने पर उन्होंने जिस तरह पीड़ितों की सेवा की थी, उसकी चर्चा आज भी होती है। संविधान सभा के सदस्य रहे। देश भर के अग्रणी नेताओं की पंक्ति में खड़े थे, किंतु उन्होंने इसका किसी भी तरह का लाभ अपने परिवार के किसी भी सदस्य तक नहीं पहुंचने दिया। वे चाहते तो अपने छोटे पुत्र ग्रेजुएट महादेव सिंह को किसी भी सरकारी नौकरी में ऊंचे पद पर भेज सकते थे, किंतु उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया । बल्कि अपने पुत्र को उन्होंने खेती गृहस्थी का मार्ग सुझाया।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



## काव्य कोना

### नया तर्ज

दिन बहर-हाल गुजर जाता है
शाम में न जाने क्यूँ रंग बदल
जाता है तन्हाई मौत की तरह
खामोश है पत्थरों की तरह तकती
निगाहें। रूठना और रूठ के मान
जाने की अदा आँखों में शरारत,
होंठों पर दबी-दबी हाँ दिल कहता
चल उड़ चल हवाओं के संग
अधरों के मिलने पर नया गीत
गुनगुनाऊँ। यकायक अचानक पता
नहीं कब हवा ने रुख बदल लिया
जिंदगी नये तर्ज पर झूम गई
लहराते आँचल संग लिपट के
सिमट गई ।

**नाग मणि**

## आपकी बात

# मस्तिष्क और हृदय में माइक्रोप्लास्टिक?



राकेश दुबे

**यह** अच्छी खबर नहीं है कि पर्यावरण को दूषित करने के पश्चात प्लास्टिक के अत्यंत सूक्ष्म कण अब मानव अंगों में भी प्रविष्ट हो चुके हैं। मस्तिष्क और हृदय में माइक्रोप्लास्टिक पाया गया है। प्लेसेंटा (नाल) और मां के दूध में भी प्लास्टिक के कण मिले हैं। इस वर्ष की शुरूआत में हुए एक बड़े अध्ययन में हृदय की अवरुद्ध धमनियों में जमा वसा के 50 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सों में माइक्रोप्लास्टिक पाए गए थे। यह माइक्रोप्लास्टिक और मानव स्वास्थ्य पर उसके प्रभाव के बीच संबंध स्थापित करने वाला अपनी तरह का पहला डेटा था। अब चीन के शोधकर्ताओं ने एक नए अध्ययन में हृदय और मस्तिष्क की धमनियों तथा निचले पैरों की नसों से शल्य चिकित्सा द्वारा निकाले गए रक्त के थक्कों में माइक्रोप्लास्टिक पाए जाने की जानकारी दी है। इस चीनी अध्ययन में 30 रोगियों को शामिल किया गया जबकि मार्च में प्रकाशित इतालवी अध्ययन में 34 महीनों तक 257 रोगियों का अनुसरण किया गया था। इतालवी विज्ञानियों की नेतृत्व वाली टीम ने पता लगाया था कि धमनियों की जमावट अथवा प्लेक में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी लोगों में दिल के दौरे या स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाती है। अब चीनी टीम ने भी रक्त के थक्कों में माइक्रोप्लास्टिक के स्तर और बीमारी की गंभीरता के बीच संभावित संबंध को रेखांकित किया है। अध्ययन में शामिल 30 रोगियों को स्ट्रोक, दिल का दौरा या डीप वेन थ्रोम्बोसिस का अनुभव होने के बाद रक्त के थक्कों को हटाने के लिए सर्जरी करानी पड़ी थी। डीप वेन थ्रोम्बोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें पैरों की गहरी नसों में रक्त के थक्के बनते हैं। अध्ययन में सम्मिलित औसतन 65 वर्ष की आयु के रोगियों में उच्च रक्तचाप या डायबीटिज जैसी विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थी और उनकी जीवनशैली में धूम्रपान और शराब का सेवन शामिल था। वे प्रतिदिन प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग करते थे। रक्त के 30 थक्कों का अध्ययन किया गया। इनमें से 24 में रासायनिक विश्लेषण तकनीकों का उपयोग करके विभिन्न आकारों के माइक्रोप्लास्टिक का पता लगाया गया। परीक्षण में उसी प्रकार के प्लास्टिक की पहचान की गई जो इतालवी अध्ययन में पाए गए थे। ये प्लास्टिक हैं पॉलीविनाइल क्लोराइड और पॉलीइथिलीन । यह आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि पीवीसी का अक्सर निर्माण में उपयोग किया जाता है। ये दो सबसे अधिक उत्पादित प्लास्टिक हैं। नए अध्ययन में थक्कों में 'पॉलियामाइड 66' का भी पता चला, जो कपड़े और वस्त्रों में इस्तेमाल होने वाला एक आम प्लास्टिक है। अध्ययन में पहचाने गए 15 प्रकारों में से, पीई सबसे आम प्लास्टिक था।। **(भोपाल)**

## राजनीति

# दक्षिण अफ्रीका चुनाव में भारतवंशियों ने गाड़े झंडे



आर.के. सिन्हा

**भारत** के लोकसभा चुनाव के नतीजे बीती 4 जून को आए और दक्षिण अफ्रीका के उससे मात्र दो दिन पहले 2 जून को। दोनों देशों में मिली-जुली सरकारें बन गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से भारत सिर्फ इसलिए अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखता है, क्योंकि वहां लगभग 21 सालों तक गांधीजी रहे। वहां रहकर उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाइयां लड़ीं। दक्षिण अफ्रीका भारत के लिए इसलिए भी विशेष है क्योंकि वहां करीब 15-16 लाख भारतवंशी बसे हुए हैं। संसार के शायद ही किसी अन्य देश में इतने भारतवंशी हों। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय मूल के लोग जीवन के हर क्षेत्र में अपनी ठोस उपस्थिति दर्जा करा रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका की संसद के लिए हुए हालिया चुनाव में भारतीय मूल के बहुत से उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से अपना भाग्य आजमा रहे थे। उन्होंने संसद और प्रांतीय असेबलियों में भी जीत दर्ज की। मेरगन शेट्टी लगातार तीसरी बार संसद के लिए चुने गए। क्वाजुलू-नाटाल प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शारा सिंह ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया और संसद सदस्य बन गईं। शेट्टी संसद में डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय मूल के सदस्य बताए जाते हैं। उन्होंने पहले 2006 में पीटरमारिट्जबर्ग नगर परिषद का प्रतिनिधित्व किया था। शारा सिंह ने संसद में चुने जाने के बाद स्थानीय सरकार की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। डीए के संसद के लिए 87 सदस्य चुने गए हैं। इनमें से चार भारतीय मूल के हैं। इस बीच, ए. सरूपेन ने लगातार दूसरी बार संसद के चुनाव में जीत हासिल की। सरूपेन के पूर्वज उत्तर प्रदेश से थे। वे गौतेंग प्रांतीय विधानसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इंकथा फ्रीडम पार्टी के नेता नरेंद्र सिंह अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की फासीहा हसन, अल जमा-आह के इमरान इस्माइल मूसा भी निर्वाचित हुए हैं। इनके अलावा, गोपाल रेड्डी और शुनमुगम रामसामी मूडली भी संसद पहुँचे हैं। अधिकांश चुने गए भारतीय मूल के सदस्य दक्षिण अफ्रीका में ही पैदा हुए हैं, लेकिन केरल के पथानमथिट्टा जिले के तिरुवल्ला के मूल निवासी अनिल कुमार केसवा पिल्लई ने 40 साल पहले दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय राजनीति में खुद को स्थापित किया था।

> **संसार के शायद ही किसी अन्य देश में इतने भारतवंशी हों। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय मूल के लोग जीवन के हर क्षेत्र में अपनी ठोस उपस्थिति दर्जा करा रहे हैं।**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## फेसबुक वॉल से

**Asha Lakra**
2 h ·

आज बाबा नगरी देवघर में देवाधिदेव महादेव की पूजा-पाठ की।
#जय_बाबा_भोलेनाथ। 🙏



390 · 100 comments 2 shares

Like · Comment · Send · Share

**Ramesh Singh**
Har Har Mahadeo
Like · Reply

**Rajshree Prasad**
🙏🙏 हर हर महादेव

## X- से

**Babulal Marandi** @yourBabulal · 2m

जलवा हो तो झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री @BannaGupta76 जैसा...
जहां खाली भवन देखो वहां अपना ताला लगा दो।

वैसे तो मंत्रियों विधायकों को एक ही आवास अलॉट करने का प्रावधान है।
भवन निर्माण विभाग द्वारा पहले से ही स्वास्थ्य मंत्री को आवास अलॉट किया भी गया है, परंतु जब आप प्रदेश में Show more

### मुख्य सचिव के लिए चिह्नित आवास पर स्वास्थ्य मंत्री ने ताला लगाया



अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# शिक्षा को ध्यान की दरकार है



गिरीश्वर मिश्र

**देश** के सामर्थ्य के लिए शिक्षा का महत्व सभी जानते हैं, मानते हैं और बखानते हैं। समकालीन चचाओं में 'युवा भारत' की भूमिका सभी लोग दुहराते हैं और 'डेमोग्रेफिक डिविडेंड' की बातें करते नहीं थकते। चुनावी घमासान में सबने एक स्वर से देश को आगे ले जाने की कसमें खाईं थीं किंतु शिक्षा की प्रासंगिकता तथा रोजगार के लिए शिक्षा के महत्व को लेकर लगभग सभी मौन ही धारण किए रहे। वे इसकी स्थिति से से संतुष्ट थे या फिर थक हार कर यह मान चुके हैं कि इस सिलसिले में कुछ भी मुमकिन नहीं है। मंहगाई, बेरोजगारी, आरक्षण की सख़्त जरूरत, पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते और भारतीय संविधान की सुरक्षा जैसे भारी भरकम मुद्दों के बीच शिक्षा और संस्कृति से जुड़े सवाल लगभग नदारद थे। घोषणा-पत्र, संकल्प-सूची और गारंटियों की काकली के बीच शिक्षा द्वारा मनुष्य के निर्माण और उसके संवर्धन और संरक्षण से जुड़े प्रश्न की कोई जगह नहीं थी। सभी नेता मौखिक रूप से देश को बचाने, बनाने, समता लाने तथा सबको सुखी बनाने के लिए तैयार थे। सभी नेता बढ़-चढ़ कर गरीबों को अनाज देने, मुफ़्त रुपये बाँटने और सभी तरह की भौतिक सुविधाएँ जुटाने की घोषणा करने और खटाखट खैरात बाँटने को तैयार थे, यह जान कर भी कि सरकार के पास कोई जादुई तिजोरी नहीं है कि फटाफट सब कुछ सब को मुहैया कर दिया जाये । वे यह भी नहीं सोच रहे थे कि सार्वजनिक मुफ़्तखोरी की लत का नुकसान सबको भुगतना पड़ेगा। आखिर अकर्मण्य बनाने में किसका भला होगा? मनुष्य बनने लिए संस्कार की आवश्यकता पड़ती है। यही समझ कर शिक्षा की संस्थाएँ बनी। भारत इस तरह के प्रयास में अग्रगण्य था। यहाँ के नालंदा और तक्षशिला के बहु अनुशासनात्मक और समावेशी विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय संसार में कहीं न थे। औपनिवेशिक दौर में शिक्षा की जो व्यवस्था रोपी गई उसके फलस्वरूप हम जिस तरह पिछड़े उससे अभी तक उबर न सके। यह बिडम्बना ही कही जाएगी कि विकसित भारत का नारा देते हुए आज देश में शिक्षा आज कई तरह की दुर्दशाओं के दौर से गुजर रही है। यह एक दुखद सत्य है कि स्वतंत्र भारत में चचाएँ होती रहीं, आयोग बनते रहे, शोध रपटें आती रहीं, योजनाओं का खाका भी बनता रहा, कुछ आधे-अधूरे कदम भी उठाए गए परंतु कभी भी शिक्षा की ओर समग्रता से तथा व्यावहारिक स्तर पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा सका था। इसके लिए ढुलमिल और टालू नजरिया ही अपनाया जाता रहा। मोदी सरकार के पहले दौर से ही वर्ष 2015 में शिक्षा में सुधार का वादा ही नहीं किया गया बल्कि बल्कि नई शिक्षा नीति का बनाने की कवायद भी शुरू की। सांकेतिक पहल के रूप में 'मानव संसाधन मंत्रालय' का नाम 'शिक्षा मंत्रालय' कर दिया गया था। दूसरे कार्यकाल में अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए सरकार ने 2020 में अंतरिक्ष विज्ञानी डॉ. कस्तूरीरंगन की अगुआई में लम्बे सलाह-मशविरे के बाद नई शिक्षा नीति आई। सबको आशा बंधी कि शिक्षा में एक नया सबेरा आने वाला है। उसकी कुछ झलक भी मिली थी पर अभी भी लम्बी दूरी तय करना शेष है। अब 2024 में मोदी सरकार की 71 मंत्रियों की फौज के साथ तीसरी पारी सौदिनी एजेंडे के साथ शुरू हो चुकी है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## बोधि वृक्ष

# दुनियाभर में फेमस है नालंदा का शीतला माता मंदिर

**माता** के दर्शन को आने वाले श्रद्धालु तालाब में स्नान करने के बाद ही पूजा-अर्चना करते हैं। मान्यता के मुताबिक तालाब में स्नान करने से चेचक रोग से मुक्ति मिल जाती है। शरीर में जलन की शिकायत है तो उससे भी राहत मिलती है।

**शीतला माता मंदिर से जुड़ी कथा :** माता शीतला का वर्णन स्कंद पुराण में मिलता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, भगवान शंकर जब अपनी पत्नी सती के मृत शरीर को लेकर तीनों लोकों में घूम रहे थे तब संपूर्ण सृष्टि भयाकूल हो गयी थी। तभी देवताओं के अनुरोध पर भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर को खंडित किया था। जहां-जहां सती के शरीर का खंड गिरा उसे शक्तिपीठ माना गया। कहा जाता है कि भगवान शंकर ने अपने कंधे पर सती के शरीर के चिपके हुए अवशेष को एक घड़े में रख बिहारशरीफ से पंचाने नदी के पश्चिमी तट पर धरती में छुपाकर अंतध्यार्न हो गए। बाद के दिनों में गांव के एक राजा वृक्षकेतु के स्वप्न में माता आईं। माता ने स्वप्न में पंचाने नदी किनारे की जमीन में दबे होने की बात बताई।



**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# जल्द आएगा व्हाट्सएप का नया फीचर



**क्यूआर कोड का लाभ मिलने की संभावना :** कथित तौर पर, आगामी सुविधा डिवाइसों के बीच चैट डेटा को सीधे स्थानांतरित करने के लिए क्यूआर कोड का लाभ उठाने की संभावना है। जब कोई उपयोगकर्ता नए फोन में अपग्रेड करता है, तो व्हाट्सएप पुराने डिवाइस पर एक क्यूआर कोड उत्पन्न करेगा, जिसमें सभी चैट इतिहास और डेटा शामिल होंगे। इस क्यूआर कोड को नए डिवाइस से स्कैन करके, उपयोगकर्ता चैट ट्रांसफर प्रक्रिया को सहजता से शुरू कर सकते हैं। यह विकास एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए लगातार असुविधा का समाधान करता है, जिन्हें पहले डिवाइस स्विच के दौरान वातार्लापों का बैकअप लेने और पुनर्स्थापित करने के लिए Google ड्राइव पर निर्भर रहना पड़ता था। Google ड्राइव बैकअप और रीस्टोर से जुड़ी पिछली बहु-चरणीय प्रक्रिया की तुलना में दफ कोड-आधारित स्थानांतरण विधि अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल होने की उम्मीद है। **अभी तक इस अपडेट परिचालन की जानकारी नहीं आई :** क्यूआर कोड ट्रांसफर प्रणाली की सुव्यवस्थित प्रकृति के बावजूद, कुछ परिचालन विवरण अस्पष्ट हैं। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.-0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अब मोतिहारी में निर्माणाधीन पुल गिरा

## बिहार में एक सप्ताह के अंदर तीसरा पुल हुआ धराशायी

एजेंसी

**पटना।** एक सप्ताह के अंदर बिहार में अब तीसरा पुल हादसा हुआ है। इस बार पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन प्रखंड में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा निमार्णाधीन पुल भरभरा कर गिर गया। अब इसका वीडियो वायरल हो रहा है। लोग बिहार सरकार पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि घोड़ासहन प्रखंड अमावा से चैनपुर स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर बन रहे पुल की ढलाई का काम कई दिनों से चल रहा था। शनिवार को पूल के एक हिस्से की ढलाई भी हुई थी। अचानक रात में करीब 40 फीट लंबा हिस्सा गिर गया।

**पुल निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल नहीं रखा गया:** लोगों का कहना है कि पुल निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल नहीं रखा गया था। पुल में इस्तेमाल की गई सामग्रियों की गुणवत्ता काफी खराब है।

इसलिए अररिया के बकरा नदी पर जैसे पुल हादसा हुआ था, वैसा ही हाल यहां भी हुआ।लोगों ने कहा कि अब सवाल उठता है कि ढलाई के वक्त ही पूल ध्वस्त हो जा रहा है। इसकी गुणवत्ता क्या होगी? इसके लिए कौन जिम्मेवार है? बिहार सरकार इस मामले की जांच करे और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करे।




### हादसे के विरोध में लोगों ने जमकर नारेबाजी की



इधर, पुल हादसे के विरोध में लोगों ने जमकर नारेबाजी की। गिरे हुए पुल के सामने ग्रामीण खड़े हो गए इसके बाद नारेबाजी करने लगे। उनका कहना है कि घोड़ासहन प्रखंड के अमवा से चैनपुर स्टेशन जाने वाली सड़क में 40 फीट पुल बनने का काम चल रहा था। ढलाई के कुछ घंटे बाद ही पुल ध्वस्त हो गया। उन्होंने बताया कि आरसीसी पुल का निर्माण धीरेंद्र कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा करवाया जा रहा है।

### 22 जून को सीवान में गिरा था पुल



सीवान के महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर पुल अचानक गिर गया। दरअसल, शनिवार सुबह अचानक पुल का एक पाया धंसने लगा। देखते ही पुल नहर में समा गया। हादसे के बाद दो गांव के बीच आवागमन बाधित हो गया है। इलाके में हड़कंप मच गया। लोग पुल के निर्माण कार्य पर सवाल उठा रहे हैं।

### 18 जून को बकरा नदी पर बना पुल गिरा था



बता दें कि 18 जून को अररिया जिले सिकटी प्रखंड में बकरा नदी पर बना पुल उद्घाटन से पहले ही पुल ध्वस्त हो गया था। 182 मीटर का पुल कुल तीन हिस्सों में बना था। दो पाए के साथ दो हिस्सा नदी में समा गया। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना के तहत बने इस पुल की लागत 7.79 करोड़ रुपये थी। 182 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण 2021 में शुरू हुआ था। शुरूआती दौर में यह 7 करोड़ 80 लाख की लागत का था।

## एक नजर

### जेल में मृत पाया गया विचाराधीन कैदी, सुसाइड नोट छोड़ा

**अररिया।** बिहार में अररिया जिले की एक जेल के अंदर 32 वर्षीय एक विचाराधीन कैदी फांसी पर लटका मृत पाया गया। जेल अधीक्षक जवाहर लाल प्रभाकर ने बताया कि मृतक ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है। उनके अनुसार वह नशीले पदार्थों के एक मामले का आरोपी था। उन्होंने कहा कि इस मामले में कर्तव्यहीनता को लेकर संबंधित वार्डन को निलंबित कर दिया गया है और होम गार्ड जवान के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई है। जेल अधीक्षक ने कहा, मृतक अमित भगत जिले के पटेल नगर इलाके का रहने वाला था। वह 15 मई से एनडीपीएस अधिनियम के एक मामले में जेल में था।

### ओडिशा में ट्रक से टक्कर के बाद एम्बुलेंस में लगी आग, चार घायल

**ओडिशा।** ओडिशा के बालासोर जिले में रविवार सुबह एक ट्रक से टक्कर होने के बाद एक एम्बुलेंस में आग लग गयी, जिससे चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ, जब एम्बुलेंस एक मरीज कोबस्ता से बालासोर जिला अस्पताल ले जा रही थी। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस की रुपसा पुलिस थाना क्षेत्र के तहत मुकीमुंडी छक के समीप पीछे से आ रहे एक कंटेनर ट्रक से टक्कर हो गयी। टक्कर के बाद एम्बुलेंस में आग लग गयी। पुलिस ने बताया कि मरीज और घायलों को बालासोर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे में एम्बुलेंस का फार्मासिस्ट गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसे बेहतर इलाज के लिए कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले जाया गया है।

## भारतीय वायु सेना का युद्धाभ्यास 'तरंग शक्ति' जोधपुर में होगा, 12 देशों को बुलाया

एजेंसी

**जोधपुर।** भारतीय वायु सेना पहली बार बहुपक्षीय हवाई अभ्यास अगस्त के पहले हफ्ते में जोधपुर आयोजित करने जा रही है। 'तरंग शक्ति' के नाम से होने वाले इस युद्धाभ्यास में दुनिया की 12 वायु सेनाओं के जांबाज फाइटर बॉम्बर और स्ट्रैटेजिक लिफ्ट विमान शामिल होंगे। वायु सेवा सूत्रों के अनुसार दो चरणों के इस अभ्यास की शुरूआत दक्षिण भारत के एयरबेस से होगी। इसके बाद अगस्त के मध्य से सितंबर के मध्य



तक यह अभ्यास जोधपुर में होगा। युद्धाभ्यास में स्पेन और यूएई समेत 12 देशों को बुलाया गया है। क्वाड देश अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के अलावा यूरोप की तीन बड़ी वायु सेनाओं ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के फाइटर जेट भी अभ्यास में हिस्सेदारी करेंगे। यह अभ्यास अमेरिका के 'रेड फ्लैग वॉर गेम' के स्तर का होगा।

## मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को फिर से बनाया अपना उत्तराधिकारी

एजेंसी

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद एक बार फिर से उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। आकाश आनंद को फिर से पार्टी का नेशनल कोऑर्डिनेटर बना दिया गया है। लखनऊ में बसपा की बैठक में खुद मायावती ने इसका ऐलान किया। इससे पहले आकाश आनंद को उत्तराखंड में होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी ने स्टार



प्रचारक बनाया था। इस लिस्ट में पहले स्थान पर बसपा मुखिया मायावती और दूसरे नंबर पर आकाश आनंद का नाम है। बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को पार्टी के सभी प्रदेश प्रमुखों के साथ करीब 3 घंटे तक बैठक की। इस बैठक में आकाश आनंद भी शामिल हुए। बैठक में भतीजे आकाश आनंद ने बसपा प्रमुख के पैर भी छूए। मायावती ने भी भतीजे की पीठ थपथपाई और सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। बसपा बिहार प्रदेश प्रभारी लाल जी मेधांकर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मायावती ने फिर से आकाश आनंद को उनके पद पर बहाल करते हुए नेशनल कोऑर्डिनेटर और अपना उत्तराधिकारी बनाया है।

## आज का राशिफल

**मेष:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी।

**वृषभ:** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**मिथुन:** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**कर्क:** शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहासुनी न हो यही ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**सिंह:** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है।

**कन्या:** संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें।

**तुला:** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक:** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**धनु:** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**मकर:** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**कुम्भ:** कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**मीन:** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

## शिक्षा का ढांचा भ्रष्टाचारियों के हवाले हो चुका है : प्रियंका गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीट (पीजी) की परीक्षा से एक दिन पहले शनिवार को उसे रद्द किये जाने की घोषणा के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार में 'समूची शिक्षा का ढांचा माफियाओं-भ्रष्टाचारियों के हवाले' कर दिया गया है। प्रियंका ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नीट (यूजी) का पेपर लीक हो गया, नीट (पीजी) की परीक्षा रद्द हो गई, यूजीसी नेट की परीक्षा रद्द हो गई और सीएसआईआर नेट की परीक्षा रद्द हो गई। उन्होंने लिखा, आज ये देश की कुछ सबसे बड़ी परीक्षाओं का हाल है। भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढांचा माफियाओं-भ्रष्टाचारियों के हवाले हो चुका है। लालची और चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में देश की शिक्षा और बच्चों का भविष्य सौंप देने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद्द, कैंपसों से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा-व्यवस्था की पहचान बना दिया है।

### नीट में बड़े लेवल पर धांधली, एनटीए के डीजी को हटाने से कुछ नहीं होगा : अखिलेश प्रसाद सिंह

**पटना।** एनटीए की ओर से आयोजित नीट में कथित धांधली को लेकर छात्रों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। परीक्षा को फिर से कराने की मांग को लेकर छात्र संघर्ष कर रहे हैं। इस मामले में छात्रों को विपक्षी दलों का भी साथ मिला है। मुख्य विपक्षी कांग्रेस इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को लगातार निशाने पर ले रही है। केंद्र सरकार ने पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है और एनटीए के डीजी को पद से हटा दिया है। एनटीए के डीजी को पद से हटाए जाने के बाद बिहार कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि इसका मतलब साफ है कि परीक्षा में बड़े लेवल पर धांधली हुई है। हमलोग जो कह रहे थे, वह साबित हो गया।

### यौन शोषण मामले में जद(एस) विधान पार्षद सूरज रेवन्ना गिरफ्तार

**हासन, (कर्नाटक)।** कर्नाटक पुलिस ने जनता दल (एस) के विधान परिषद सदस्य और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते सूरज रेवन्ना को जबरन अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के मामले में गिरफ्तार किया है। सूरज रेवन्ना, सेक्स वीडियो मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी और पूर्व जद(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई हैं। सूरज रेवन्ना को हासन जिले के होलेनरसीपुरा ग्रामीण पुलिस ने रविवार सुबह गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद शनिवार रात वह पुलिस के सामने पेश हुए थे। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात सूरज रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। जद(एस) के एक पुरुष कार्यकर्ता ने उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

## अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी : सीएम योगी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर की पुष्पांजलि

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रविवार को सिविल अस्पताल परिसर हजरतगंज स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सीएम ने डॉ. मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अखंड भारत का स्वप्नद्रष्टा बताया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान के मुद्दे और भारत की अखंडता को लेकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 23 जून 1953 को अपना बलिदान दिया था। देश 1947 में आजाद हुआ और 1950 में संविधान लागू किया गया। इसके बाद तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने देश



के संविधान में धारा-370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का कुत्सित प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी उस समय उद्योग व खाद्य मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे थे लेकिन सरकार की मंशा को ध्यान में रखकर उन्होंने पद छोड़ दिया और देश की प्रतिष्ठा व अखंडता के लिए कश्मीर से धारा-370 हटाने के लिए व्यापक आंदोलन प्रारंभ किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, लालजी निर्मल, इंजी. अवनीश सिंह, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने हटाई धारा-370

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने लिखा कि महान राष्ट्रभक्त, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, उत्कृष्ट शिक्षाविद, राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक, श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि ! भारत की एकात्मता और अखंडता के लिए समर्पित उनका सम्पूर्ण जीवन एवं बलिदान देशवासियों के लिए महान प्रेरणा है।

## ब्रीफ न्यूज

### केंद्र की कार्रवाई महज खानापूर्ति, नए सिरे से कराई जाए नीट परीक्षा : कमलनाथ



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ ने नीट परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने नीट परीक्षा को लेकर केंद्र सरकार की अब तक की कार्रवाई को खानापूर्ति बताकर नए सिरे से परीक्षा आयोजित कराने की भी मांग की है। कमलनाथ ने रविवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, नीट परीक्षा को लेकर केंद्र सरकार की अब तक की कार्रवाई खानापूर्ति जैसी प्रतीत हो रही है। अब तक इतनी बात स्पष्ट हो चुकी है कि नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ था और सरकार ने जिस तरह से एनटीए के महानिदेशक को हटाया है और परीक्षा में हुई कुछ गड़बड़ियों की जांच सीबीआई को सौंपी है। उसे स्पष्ट है कि सरकार ने भी पेपर लीक होना स्वीकार कर लिया है। कमलनाथ ने आगे कहा कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि पेपर लीक होने से सबसे ज्यादा नुकसान उन अभ्यर्थियों का हुआ है जो इस परीक्षा में शामिल हुए थे। सरकार की अब तक की कार्रवाई से अन्याय का शिकार हुए इन छात्रों को कोई भी न्याय मिलता प्रतीत नहीं होता। हो सकता है कि सरकार की कार्रवाई से परीक्षा में धाँधली करने वाले कुछ लोग कानून के शिकंजे में आ जाएं लेकिन इससे उन छात्रों को कोई फायदा नहीं होगा जो योग्य होने के बावजूद नीट परीक्षा में सफल नहीं हो सके। पूर्व सीएम ने मांग करते हुए कहा कि इन अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने का एक ही तरीका है कि नीट की परीक्षा को रद्द कर नए सिरे से आयोजित किया जाए। सरकार को इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाने के बजाय अभ्यर्थियों को न्याय देने का प्रश्न बनाना चाहिए और नए सिरे से परीक्षा करानी चाहिए।

### ओडिशा प्रशासनिक सेवा अधिकारी की अग्रिम बेल याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** ओडिशा प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बिजय केतन साहू की अग्रिम जमानत याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सोमवार को सुनवाई होगी। साहू ने ईडी द्वारा आय के ज्ञात स्त्रोत से अधिक संपत्ति रखने के लिए दर्ज धन शोधन मामले में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की है। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की अवकाश पीठ 24 जून को मामले की सुनवाई करेगी। इससे पहले, उड़ीसा उच्च न्यायालय ने 10 मई के अपने आदेश में साहू को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। उसने कहा था कि प्रथम दृष्टया अधिकारी के खिलाफ मामला बनता है, क्योंकि वह 'अपराध से प्राप्त आय' से निपटने के लिए संपत्ति के अधिग्रहण में शामिल था। हालांकि, उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति चित्तरंजन दास की पीठ ने निर्देश दिया था कि यदि साहू विशेष न्यायालय के समक्ष उपस्थित होते हैं और नियमित जमानत देने के लिए आवेदन करते हैं, तो उस पर उसके गुण-दोष के आधार पर विचार किया जाएगा। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ओडिशा की वित्तीय अधिकारी नलिनी प्रुस्ती, उनके पति साहू और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ कटक के विजिलेंस थाने में पांच करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में एफआईआर दर्ज होने के बाद जांच शुरू की है।

### राम मंदिर में अब कोई दर्शनार्थी नहीं होगा वीआईपी, सब होंगे एक समान

**अयोध्या।** अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर की व्यवस्था से जुड़े तीन अहम बदलाव किए गए हैं। अब कोई विशिष्ट व्यक्ति हो या अति विशिष्ट व्यक्ति, श्री राम मंदिर परिसर में उसको चंदन या तिलक नहीं लगाया जाएगा। दूसरा अब किसी को चरणामृत नहीं दिया जाएगा और तीसरा और सबसे अहम यह कि अब दर्शनार्थी पुजारी को पैसा देने के बजाय केवल दान पत्र में ही अर्पण कर सकेंगे। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में काफी दिनों से यह शिकायत श्री राम मंदिर ट्रस्ट के पास आ रही थी कि सभी राम भक्तों के साथ समान व्यवहार नहीं हो रहा है। कुछ लोगों को विशिष्ट सुविधा मिल रही हैं। जैसे उन्हें चंदन का तिलक लगाया जा रहा है और चरणामृत दिया जा रहा है। इस व्यवस्था को ट्रस्ट ने समाप्त कर दिया है और अब किसी को विशिष्ट व्यक्ति नहीं माना जाएगा और सभी को एक समान माना जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बदलाव कुछ नहीं हुआ है। कुछ व्यवस्थाओं में परिवर्तन किया गया है। इससे कुछ श्रद्धालुओं के मन में शंका भी होती थी और ट्रस्ट के प्रति रोष भी होता था। जैसे किसी को चरणामृत मिल रहा है। किसी को टीका लग रहा है। किसी को नहीं मिल रहा है।



### इंदौर में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के इंदौर में चिमन बाग चौक पर रविवार तड़के भाजपा की युवा शाखा के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान मोनू कल्याणे के रूप में हुई है। वह भाजपा की युवा शाखा का इंदौर जिला इकाई का नेता था। कल्याणे अपने साथियों के साथ रविवार शाम शहर में आयोजित होने वाली 'भगवा रैली' के लिए जगह-जगह बैनर लगवा रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मीडिया को बताया, मोनू और उसके कुछ दोस्त रविवार अल सुबह पोस्टर और बैनर लगवा रहे थे। इसी दौरान उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने दो संदिग्धों पीयूष और अर्जुन को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है। दोनों मोनू के पड़ोसी हैं। पुलिस के अनुसार, शुरूआती जांच में पता चला है कि हत्या का कारण व्यक्तिगत दुश्मनी है। भाजपा के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बेटे और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय समेत कई स्थानीय पार्टी नेता मृतक के घर पर पहुंचे हैं। सूत्रों ने बताया कि मोनू आकाश विजयवर्गीय का करीबी था। इस बीच, कुछ लोगों ने पीयूष तथा अर्जुन के घरों के बाहर पार्क वाहनों पर पथराव किया और उनमें आग लगा दी। खबर लिखे जाने तक पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही थी।

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएएसफ ने नाकाम की मवेशियों की तस्करी

**कोलकात।** भारत से सटी बांग्लादेश की सीमा पर आए दिन तस्करी से जुड़ी खबरें सामने आती रहती हैं। अब बीएसएफ के जवानों ने पश्चिम बंगाल में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार मवेशियों की तस्करी की कोशिश को नाकाम किया है। बताया गया है कि बांग्लादेश के कुछ नागरिकों द्वारा मवेशियों की तस्करी की जा रही थी। पश्चिम बंगाल के बरहामपुर सेक्टर में मधुबाना सीमा चौकी पर 146वीं बटालियन के जवानों ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। जवानों ने रविवार तड़के मौके पर पांच-छह लोगों को संदिग्ध हरकतें करते देखा। वे मवेशियों के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा के बिना बाड़ वाले क्षेत्र को पार कर भारत में घुसने की कोशिश कर रहे थे। जब बीएसएफ ने चेतावनी दी तो तस्करों ने हाथ में धारदार हथियार लेकर जवानों को धमकाया। जब एक जवान ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की तो बदमाशों ने जवान को घेर लिया। इसके बाद जवान पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। बयान में कहा गया है कि जवान ने आत्मरक्षा में दो राउंड गोलियां चलाईं। इसके बाद बदमाश अंधेरे और खेतों में ऊंची फसलों का फायदा उठाकर वापस बांग्लादेश की ओर भाग गए। बीएसएफ ने मौके से दो मवेशियों और धारदार हथियारों को बरामद किया है।

**एक जवान पर जानलेवा हमला कर फरार हुए बदमाश**



## टी-20 वर्ल्ड कप 2024

1 वेस्टइंडीज बनाम साउथ अफ्रीका
प्रातः 06.00 बजे से
स्टेडियम: सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम

2 ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत
शाम 08.00 बजे से
स्टेडियम: डैरन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम

## यूरो कप-2024

1 स्विट्जरलैंड बनाम जर्मनी
प्रात : 12.30 बजे से
स्टेडियम: फ्रैंकफर्ट एरिना, स्टेडियम

2 स्कॉटलैंड बनाम हंगरी
प्रात : 12.30 बजे से
स्टेडियम: एमएच एरिना, स्टेडियम

## एक नजर

### हम भी भारत के खिलाफ पहले बल्लेबाजी ही करते : शाकिब

**नार्थ साउंड (एंटीगा)।** भारत के हाथों टी 20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में 50 रन की हार झेलने के बाद बांग्लादेश के अनुभवी लेफ्ट आर्म स्पिन आलराउंडर शाकिब अल हसन ने कहा कि वह बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी करते देखना चाहते थे लेकिन कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। शाकिब ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, व्यक्तिगत रूप से यदि आप मुझसे कैरेबियन में पूछते हैं तो यह एक या दो मैच है - जब इंग्लैंड ने 180 रन का पीछा किया था। इसके अलावा अधिकांश टीमों के लिए पहले बल्लेबाजी करने का चलन रहा है और वे बहुत सफल रहे हैं।

### ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कैंट ताइक्वांडो के बच्चे रहे अव्वल

**लखनऊ।** कैंट ताइक्वांडो अकादमी ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत लखनऊ ओलंपिक गेम्स ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सर्वाधिक 86 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। लखनऊ ओलंपिक संघ के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देशीय हाल में संपन्न चैंपियनशिप में लखनऊ ताइक्वांडो अकादमी की टीम 48 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। वहीं यश ताइक्वांडो अकादमी को 46 अंक के साथ तीसरा स्थान मिला।

## टी-20 विश्वकप के इतिहास का सबसे बड़ा उलटफेर, इस बार नहीं चूका अफगानिस्तान

# 21 रनों से ऑस्ट्रेलिया को हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टी-20 विश्वकप में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए टीम अफगानिस्तान ने रविवार को किंग्सटाउन के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हरा कर इतिहास रच दिया। टी20 विश्वकप के 48वें मैच में सुपर-8 का अहम मुकाबला रविवार को ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान था।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में छह विकेट गंवा कर 148 रन बनाए। रहमनुल्लाह गुरबाज ने 60 रन और इब्राहिम जादरान ने 51 रनों की पारी खेली। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.2 ओवर में 127 रन पर सिमट गई। राशिद खान की अगुआई वाली अफगानिस्तान की टीम ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया है। पिछले साल हुए वनडे विश्वकप में अफगानिस्तान जीत की दहलीज तक पहुंचा था लेकिन मैक्सवेल की यादगार पारी ने उससे जीत छीन ली थी। इसबार अफगानिस्तान ने ऐसी कोई गलती नहीं की और ऑस्ट्रेलिया को किंग्सटाउन के मैदान पर 21 रनों से हरा दिया।



### पैट कमिंस ने लगातार दूसरे मैच में ली हैट्रिक, रचा इतिहास



**किंग्सटन।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ के मुकाबले में इतिहास रच दिया है। उन्होंने अपने लगातार दूसरे टी20 मुकाबले में हैट्रिक विकेट लिए हैं। कमिंस ने राशिद खान, करीम जन्नत और गुलबदीन नैब को आउट करके टी20 विश्व कप में अपनी दूसरी हैट्रिक बनाई। इस उपलब्धि के साथ कमिंस टी-20 विश्व कप क्रिकेट इतिहास में दो हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को आउट किया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अच्छी लेंथ पर थोड़ी शॉर्ट गेंद फेंकी, जिसकी गति धीमी थी और राशिद ने गेंद को सीधे लॉन्ग-ऑन फील्डर के हाथों में मार दिया। वनडे और टेस्ट कप्तान कमिंस को अफगानिस्तान की पारी का आखिरी ओवर फेंकने के लिए मिशेल मार्श ने वापस बुलाया और कमिंस ने लगातार दो गेंदों पर करीम जन्नत और गुलबदीन नैब का आउट कर अपनी लगातार दूसरे मैच में हैट्रिक पूरी की।

### राकेश गुप्ता बने दिव्यांग क्रिकेट पूर्वी जोन के कॉर्डिनेटर



**रांची।** डिफरेंटली कौंसिल ऑफ इंडिया डीडीसी द्वारा आयोजित एजीएम मीटिंग जयपुर राजस्थान में हुआ। जहां पर दिव्यांग क्रिकेट के पूर्वी जोन के कॉर्डिनेटर राकेश कुमार गुप्ता को बनाया गया है इस मौके पर झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी आफताब आलम ने भी शिरकत किया है। गुप्ता को पूर्वी जोन, भारत के कॉर्डिनेटर बनाए जाने का स्वागत झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी आफताब आलम ने किया हुआ। उन्होंने कहा कि गुप्ता के आने से पूर्वी भारत में दिव्यांग क्रिकेट को एक नई पहचान मिलेगी। इस मीटिंग में सभी राज्य के प्रतिनिधि मौजूद थे। इस मीटिंग में एक खेल कैलेंडर बनाया गया ।जो हर राज्य को अपने-अपने क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल करना है आने वाले दिनों में बड़े-बड़े आयोजन होंगे। सबसे बड़ा आयोजन नेशनल टूर्नामेंट होगा।

## डोपिंग रोधी नियम उल्लंघन

# बजरंग पुनिया फिर निलंबित : रिपोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ओलम्पिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा एक बार फिर अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया गया है। बजरंग ने मूत्र नमूना देने से इंकार करने पर नाडा ने उन्हें 'आरोप का नोटिस' थमाया था और उसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। पिछले महीने, पुनिया को 10 मार्च को सोनीपत में चयन ट्रायल के दौरान नाडा को अपने मूत्र का नमूना देने से इनकार करने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था। ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, "नाडा को ओर से ताजा आदेश गुरुवार को जारी किया गया और उनसे 11 जुलाई तक ताजा निलंबन पर जवाब देने को कहा गया है।" अपने प्रारंभिक अंतिम निलंबन आदेश की रिपोर्टों के बाद, पहलवान ने स्पष्ट किया था कि उन्होंने कभी भी अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया और नाडा अधिकारियों से उस समाप्त हो चुकी किट के बारे में प्रतिक्रिया मांगी जो उन्होंने उनका नमूना लेने के लिए भेजी थी। बाद में, डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीएपी) ने 30 वर्षीय पहलवान का निलंबन रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया कि नाडा ने इस साल मार्च में कथित तौर पर हुए डोपिंग रोधी नियम के उल्लंघन के लिए बजरंग पर औपचारिक रूप से आरोप नहीं लगाया था।

# हमें इसी तरह आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करनी चाहिए : रोहित

- टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अब तक भारतीय टीम एक भी मैच नहीं हारी है
- हर बल्लेबाज को अपनी भूमिका अच्छे से अदा करनी होती है : रोहित शर्मा



**एजेंसी। सेंट विंसेंट**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम की बल्लेबाजी अप्रोच को लेकर संतुष्ट हैं और उनका मानना है कि उनकी टीम को इसी तरह की आक्रामक शैली में बल्लेबाजी करनी चाहिए।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अब तक भारतीय टीम एक भी मैच नहीं हारी है। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के बाद रोहित ने कहा, मैं काफी लंबे समय से इस पर अपनी राय रखते आया हूं। हमने आज परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परखा। गेंद और बल्ले दोनों के साथ ही हमारी रणनीति सफल हुई। कुल मिलाकर यह बहुत बढ़िया टीम एफर्ट था। हमें मैदान में उतर कर उसी तरह का खेल खेलना है, जो हमसे उम्मीद की जाती है।

भारत ने स्कोरबोर्ड पर 196 रन बनाए। इस पारी में गेंदों के लिहाज से सबसे लंबी पारी विराट कोहली की थी, जिन्होंने 28 गेंदों पर 37 रन बनाए, जबकि सर्वश्रेष्ठ स्कोर हार्दिक पांड्या का था जिन्होंने 27 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाए। इस बीच पारी में ऋषभ पंत (24 गेंदों पर 36) और शिवम दुबे (24 गेंदों पर 34) की ओर से खेली गई कैमियो पारियां भी शामिल थीं। रोहित ने कहा, हर बल्लेबाज को अपनी भूमिका अदा करनी होती है। आज सिर्फ एक बल्लेबाज ने ही अर्धशतक लगाया, लेकिन इसके बावजूद हम 196 तक पहुंच गए।

# विकास बने झारखंड के पहले इंटरनेशनल मेडलिस्ट पहलवान

**संवाददाता। रांची**

अम्मान (जॉर्डन) में 21 जून से आयोजित अंडर-17 सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में राज्य के विकास कच्छप ने पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। 30 जून तक खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में रविवार को विकास ने कोरिया के पहलवान को हराकर भारतीय कुश्ती टीम की झोली में कांस्य पदक डाला। पदक जीतने के साथ ही वह झारखंड का पहला इंटरनेशनल पहलवान बना, जिसने





अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीता है। दिल्ली के आईजी स्टेडियम में आयोजित भारतीय कुश्ती टीम के चयन ट्रायल में विकास कच्छप ने 48 केजी भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया था और भारतीय कुश्ती टीम में अपना स्थान पक्का किया था। झारखंड के पहलवान विकास कच्छप को अंडर-17 एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, (भाप्रसे), अभिभावक के रवि कुमार (भाप्रसे), खेल निदेशक, झारखंड सुशांत गौरव, (भाप्रसे), संघ के मार्गदर्शक भोलानाथ सिंह, सीनियर प्रशिक्षक राजीव रंजन एवं सभी जिला कुश्ती अध्यक्ष, सचिव एवं झारखंड राज्य कुश्ती परिवार एवं खेल विभाग के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम ने कांस्य पदक जीता

**अंताल्या (तुर्किये)।** धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम ने वापसी करते हुए मेक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप चरण 3 में रविवार को कांस्य पदक जीत लिया। भारतीय जोड़ी पहले सेट में 0-2 से पीछे थी लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए 5-3 से हराकर पदक अपने नाम किया।

## रांची में 20 सितंबर से शुरू होगा सांसद खेल महोत्सव

**संवाददाता। रांची**



रांची में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 20, 21 और 22 सितंबर 2024 को किया जाएगा। रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय होने वाले इस महोत्सव में दर्जन भर खेल शामिल होंगे। इसका आयोजन का उद्देश्य 2036 में भारत में होने वाले ओलंपिक में झारखंड से अधिक से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस निमित्त केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ ने तैयारी का जायजा लिया। यह महोत्सव झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2036 में होने वाले ओलंपिक में भारत के खिलाड़ी अधिक से अधिक पुरस्कार जीते। अपनी सशक्त भागीदारी निभाएं। प्रधानमंत्री के इसी सपने को पूरा करने के उद्देश्य से रांची में 20, 21 और 22 सितंबर को संसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

### पानीपत के हैंडलूम निर्यात में 50 फीसदी की गिरावट

**पानीपत।** विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक हैंडलूम नगरी पानीपत का हैंडलूम निर्यात उद्योग जहां चार वर्ष से मंदी की मार झेल रहा है, वहीं अब इस उद्योग को सरकारी प्रोत्साहन की दरकार है। यह उद्योग इस समय अंतिम सांसें ले रहा है। पानीपत से यूरोप के करीब 20 देशों में हैंडलूम के सामान का निर्यात होता है, जिसमें मुख्य रूप से होम टेक्सटाइल, होम डेकोर के अंतर्गत आने वाले सामान जैसे- कारपेट, दरी, बाथ मैट, कार्टन, कुशन, बेड कवर, किचन टेक्सटाइल, कंबल, थ्रोडी बेडशीट सहित अनेक सामान यूके, यूएस, हंगरी, तुर्की, इटली, फ्रांस, रूस, यूक्रेन, स्विटजरलैंड, स्पेन, स्वीडन, पोलैंड, रोमानिया पुर्तगाल, यूनान, डेनमार्क, साइप्रस, बेल्जियम, बुलगारिया, फिनलैंड सहित अन्य देशों को भी निर्यात होता है।

### एनसीआर में अपना घर बनाने का सपना जल्द होगा पूरा

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अपना घर या व्यापारिक संस्थान बनाने का सपना देखने वालों के लिए अच्छी खबर है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) आगामी जुलाई महीने में अपनी विभिन्न आवासीय व व्यावसायिक योजनाओं में खाली संपत्तियों को नीलामी के जरिए बेचने की योजना बना रहा है। इसके लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। जुलाई के दूसरे सप्ताह में नीलामी शुरू हो जाएगी। नीलामी लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित की जाएगी।

## जीएसटी परिषद में गेमिंग सेक्टर की मांग पर नहीं हुई चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में गेमिंग सेक्टर की मांग पर किसी प्रकार की चर्चा नहीं हुई। गेमिंग कंपनियां लंबे समय से मांग कर रही हैं कि 28 प्रतिशत जीएसटी दांव पर लगाई जाने वाली पूरी राशि की बजाय इंडस्ट्री द्वारा हासिल किए जाने वाले सकल गेमिंग राजस्व (जीजीआर) पर लगाना चाहिए। गेमिंग कंपनियों के अनुसार, स्किल आधारित ऑनलाइन गेम्स पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगने से गेमिंग इंडस्ट्री पर काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इससे फंडिंग में कमी आई है। साथ ही, रोजगार के मौके घट रहे हैं और सेक्टर के भविष्य को लेकर दुविधा की स्थिति है। जेएसए एडवोकेट्स और सॉलिसिटर में पार्टनर मनीष मिश्रा ने कहा कि जीएसटी परिषद की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर टैक्स को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। सेक्टर उम्मीद कर रहा था कि टैक्स की दरों को लेकर कुछ राहत मिलेगी। ईवाई और यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) की ओर से जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अक्टूबर 2023 से नया जीएसटी रिजीम आने के कारण कुछ कंपनियों से वैश्विक निवेशक हट गए हैं। नया जीएसटी रिजीम आने से पहले जीएसटी की लागत कुल आय का 15.25 प्रतिशत थी। एक अक्टूबर, 2023 के बाद 33 प्रतिशत कंपनियों के लिए जीएसटी की लागत आय के 50 से 100 प्रतिशत तक हो गई है।

# स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा धन 70 प्रतिशत घटा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्विस बैंकों में स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा जमा धन, 2023 में 70 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक पर आ गया है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक की ओर से गुरुवार को जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के कुल धन में लगातार दूसरे वर्ष गिरावट आयी है। वह 2021 में 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पर पहुंच गया था। गिरावट का मुख्य कारण बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गये धन में तेज गिरावट है। आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा, ग्राहक जमा खातों में जमा राशि और भारत में अन्य बैंक



- जमा धन घट कर 9,771 करोड़ रुपये, चार साल के निचले स्तर पर
- 2006 में कुल राशि 6.5 अरब स्विस फ्रैंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर थी

शाखाओं के माध्यम से रखे गए धन में भी उल्लेखनीय गिरावट आयी है। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों द्वारा बताये गये आधिकारिक आंकड़े हैं और ये स्विटजरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गये बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह धन नहीं शामिल है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखा हो सकता है। एसएनबी द्वारा 2023 के अंत में स्विस बैंकों की कुल देनदारियों या उनके भारतीय ग्राहकों को बकाया राशियों के रूप में 103.98 करोड़ स्विस फ्रैंक बताये गये हैं। इनमें ग्राहक जमा में 31 करोड़ स्विस फ्रैंक अन्य बैंकों के माध्यम से रखे गये 42.7 करोड़ स्विस फ्रैंक, न्यासों या ट्रस्टों के माध्यम से एक करोड़ स्विस फ्रैंक और बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के रूप में ग्राहकों को देय अन्य राशियों के रूप में 30.2 करोड़ स्विस फ्रैंक (189.6 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम) शामिल हैं।

# केनरा बैंक का सोशल मीडिया अकाउंट हुआ हैक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के बड़े सरकारी बैंकों में से एक केनरा बैंक का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मौजूद अकाउंट हैक हो गया है। हैकर की ओर से बैंक के सोशल मीडिया अकाउंट का यूजरनेम बदलकर 'ईथरडॉटफी' कर दिया गया है। फिलहाल बैंक द्वारा इसे लेकर कार्रवाई किया जाना बाकी है। हैक होने के बाद दोपहर 1:30 बजे तक अकाउंट पर किसी भी प्रकार का कोई नया पोस्ट नहीं किया गया। 17 जून की देर रात को इसी प्रकार का साइबर अटैक एक्सिस बैंक पर हुआ था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मौजूद एक्सिस बैंक सपोर्ट अकाउंट को हैक कर लिया गया था। इस दौरान हैकर की ओर अरबपति कारोबारी एलन मस्क की कंपनी टेस्ला को लेकर कुछ पोस्ट की गई थी। एक्सिस बैंक ने 18 जून की पोस्ट में लिखा था, हम एक्सिस बैंक सपोर्ट हैंडल के संभावित हैक को लेकर जांच कर रहे हैं। इसे जल्द से जल्द सुलझाने की कोशिश जारी है। कृपया इस दौरान हुई सभी पोस्ट की अनदेखी करें और किसी गैर अधिकृत लिंक पर क्लिक न करें। एक्सिस बैंक ने अगली पोस्ट में कहा था, बैंक इंटरनेट बैंकिंग और फोन बैंकिंग पासवर्ड, ओटीपी, पिन, ईमेल, फोन और अन्य किसी भी प्रकार की निजी जानकारी अपने ग्राहकों से नहीं मांगता है। हमें इस असुविधा के लिए खेद है।

# 2030 तक 240 अरब डॉलर हो सकता है देश का इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट विनिर्माण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार की ओर से घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा दिए जाने के कारण देश के इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट और सब-असेंबली का बाजार 2030 तक 240 अरब डॉलर के आंकड़े को छू सकता है। इससे 2026 तक करीब 2.8 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी और 500 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के लक्ष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की रविवार को



जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि प्राथमिक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट और सब-असेंबली (पीसीबीए सहित) की मांग 2030 तक 30 प्रतिशत की औसत वार्षिक दर से बढ़ते हुए 139 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। पिछले वर्ष इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट और सब-असेंबली की मांग 45.5 अरब डॉलर पर थी जिसने करीब 102 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के विनिर्माण में मदद की। रिपोर्ट में बताया गया है कि बैटरी (लिथियम आयन), कैमरा मॉड्यूल, मैकेनिकल, डिस्प्ले और पीसीबी के लिए कंपोनेंट को सरकार ने उच्च प्राथमिकता में रखा है। वर्ष 2022 में देश की कुल इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट की मांग में 43 प्रतिशत का योगदान इन्हीं उत्पादों का था।

### भारतीय कपास के निर्यात में 67 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की मिलों में कॉटन (कपास) की बढ़ती मांग की वजह से भारत के कॉटन निर्यात में वृद्धि का अनुमान है। सितंबर में समाप्त होने वाले 2023-24 सीजन के लिए भारत के कॉटन का निर्यात में बांग्लादेश के मिलों की बढ़ती मांग के कारण दो तिहाई अधिक वृद्धि होने का अनुमान है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) को उम्मीद है कि शिपमेंट लगभग 26 लाख गांठ (प्रत्येक गांठ 170 किलोग्राम) तक पहुंच जाएगा जो पिछले सीजन में 15.5 लाख गांठ से 67.7 प्रतिशत अधिक है।

# भारतीय बाजार में लौटे विदेशी निवेशक, जून में अब तक 12 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम चुनाव के नतीजों के बाद मजबूत वापसी करते हुए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जून में अबतक (21 जून तक) भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 12,170 करोड़ रुपये डाले हैं। नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता और सतत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद में एफपीआई का भारतीय शेयर बाजारों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर अनिश्चितता के



बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। वहीं मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के बीच उन्होंने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निकाली थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि ताजा निवेश के बाद 2024 में एफपीआई की शेयरों से निकासी (21 जून) 11,194 करोड़ रुपये रही है। मोजोपीएमएस के मुख्य निवेश अधिकारी सुनील दमानिया ने कहा कि वर्तमान में भारतीय शेयर बाजार के उच्च मूल्यांकन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का प्रवाह प्रभावित रहेगा।

# 26 को रांची में जमकर बरसेंगे बादल, मिलेगी गर्मी से राहत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लंबे समय तक भीषण गर्मी झेलने के बाद मानसून पूर्व की झमाझम बारिश ने लोगों को बड़ी राहत दी। राज्य के संताल परगना वाले इलाके में 25 जून तथा 26 जून को संताल के साथ-साथ राजधानी रांची और आसपास के इलाके में भी भारी बारिश का अनुमान है। 24 जून को राज्य के कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 25 जून को राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि 26 जून को संताल के साथ-साथ राजधानी और आसपास वाले इलाकों में भी कई स्थानों पर भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट किया गया है।अभी मानसून संताल परगना वाले इलाके में ही सक्रिय है। अरब सागर से आने वाली मानसून की हवा कोल्हान के करीब पहुंच गयी है। अगले दो-तीन दिनों में इसका असर दिख सकता ह। मानसून और कई जिलों में प्री मानसून बारिश के कारण मौसम का मिजाज बदल गया है। पलामू प्रमंडल के कुछ जिलों को छोड़ शेष जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि से नीचे चला गया है।केवल डालटनगंज का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि के आसपास रिकार्ड किया गया। वहीं, सिमडेगा में कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई।



कोलेबिरा में 80 मिमी के आसपास बारिश हुई। तेनुघाट में 55 तथा गिरिडीह में भी 50 मिमी के आसपास बारिश हुई। पिछले 25 घंटे में राजधानी के टाटीसिलवे में भी अच्छी बारिश हुई। बारिश और बादल छाये रहने के कारण राजधानी का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेसि के आसपास रहा। नगर विकास विभाग बारिश में होनेवाले जल जमाव को लेकर गंभीर है। मुख्यमंत्री के सचिव सह नगर विकास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने सभी शहरी निकायों को जल जमाव रोकने की योजना बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने नाले-नालियों की सफाई कराते हुए जल-जमाव की समस्या की रोकथाम के उपाय करने के लिए योजना बना कर काम करने का निर्देश दिया है।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम का सायरन बजने पर दौड़ी पुलिस

**रांची।** राजधानी के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत किशोरगंज रोड पर स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम रूम का सायरन रविवार को अचानक बजने लगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। बताया गया कि मशीन के कार्ड स्ट्रिप को बदलने की कोशिश की गई थी। इसी वजह से सायरन बजने लगा था। सायरन बजने के बाद पुलिस ने बैंक के मैनेजर को बुलाया और उनसे एटीएम में छेड़छाड़ की जांच करने को कहा। एटीएम के कार्ड स्ट्रिप के जांच करने पर कोई गड़बड़ी नहीं मिली।

# आदिवासी चेहरे पर भाजपा ने जताया भरोसा डबल इंजन की सरकार बनाने का संकल्प



**उपेंद्र गुप्ता। रांची**
लोकसभा चुनाव 2024 की तरह ही राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में भी केंद्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर से बाबूलाल मरांडी पर ही भरोसा जताया है,जो पार्टी के सबसे बड़े चेहरे हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के हिमंत बिस्व शर्मा प्रांतीय बैठक में कहा कि पार्टी बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पूरी टीम काम करेगी। मैं और हिमंत इस टीम को सहयोग करेंगे। शिवराज सिंह चौहान कहा कि आज की बैठक में प्रदेश के नेताओं कार्यकताओं में जो मैंने आत्मविश्वास देखा, उनके चेहरे पर जो चमक दिखीं, विजय का जो संकल्प देखा उसके कारण हम पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि झारखंड में इस बार भारतीय जनता पार्टी अपनी सरकार बनाएंगी। इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारी , कोर कमिटी सदस्य, सांसद, विधायक, लोकसभा प्रत्याशी,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गण मौजूद थे। दोनों प्रभारियों ने प्रदेश के नेताओं के साथ आगामी चुनाव पर चर्चा के साथ रणनीति बनायी।

### जीते हुए बूथों पर अभिनंदन कार्यक्रम होगा आयोजित : शिवराज



प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने तय किया है कि, जहां-जहां बूथ जीते हैं वहां शानदार सफलता के लिए अभिनंदन कार्यक्रम किए जाएंगे। अब झारखंड को कुशासन से मुक्त कराने का संकल्प यहां के नेतृत्व और कार्यकताओं ने लिया है। विधानसभा चुनाव में पूरी टीम दिन और रात मेहनत, लगन के साथ परिश्रम करेगी। कार्यकताओं में आज जो विजय का आत्मविश्वास दिखाई दिया है, उससे हम आश्वस्त हैं कि, झारखंड में इस बार भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि ये देश का सौभाग्य है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार लगातार भारत के प्रधानमंत्री बने हैं। वर्ष 1962 के बाद यह चमत्कार पहली बार हुआ है। शिवराज सिंह चौहान ने आईसीएआर परिसर नामकुम में वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति दोनो जीवन के आधार हैं। दोनों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। प्रकृति भी मां के समान है।

### अपने संकल्प को सिद्धि तक ले जाने को हम तैयार : बाबूलाल



प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि शिवराज एवम हेमंत विश्व शरमा के मार्गदर्शन में भाजपा अपने संकल्प को सिद्धि तक ले जाने में सफल होगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का जनादेश राज्य सरकार के खिलाफ है। मुख्यमंत्री अपने क्षेत्र में प्रत्याशी को जीत नहीं दिला सके, ऐसे ही राज्य सरकार के सात मंत्री भी अपने अपने विधानसभा क्षेत्र में पिछड़े हैं।उन्होंने कहा कि करारी हार के बावजूद इंडी ठगबंधन के लोग सत्ता के अहंकार में डूबे हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बैठक में आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों की चर्चा की एवम आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। कोर कमिटी बैठक द्वितीय सत्र में कार्यालय में कोर कमिटी की बैठक हुई, जिसमें सांगठनिक कार्यक्रमों के साथ राज्य की राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तृत चर्चा की । बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज दुनिया की प्राथमिकता है। दुनिया बढ़ती गर्मी से परेशान है। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आत्म निर्भर भारत भी बनाना है और पर्यावरण को भी स्वस्थ करना है।



### झूठ और फरेब लंबे समय तक नहीं चलता : हेमंत विस्वा

सह प्रभारी और असम सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शरमा ने कहा झूठ और फरेब लंबे समय तक नहीं चलते। जनता ने कांग्रेस झामुमो राजद ठगबंधन की सरकार को परख लिया पहचान लिया। ऐसी भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने केलिए जनता तैयार है।

### श्यामा प्रसाद के बलिदान दिवस पर पौधारोपण

इसके पहले स्व. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर शिवराज सिंह चौहान , हेमंत विस्वा शर्मा, बाबूलाल मरांडी,रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अलग-अलग जगहों पर पौधारोपण किया। पौधारोपण के बाद प्रदेश चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवम सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शरमा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। जहां स्व. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के साथ दोनो केंद्रीय नेताओं ने सर्वप्रथम आज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## पृष्ठ एक का शेष

**बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में...**
लोकसभा चुनाव में भी जनता का भारी समर्थन मिला था, लेकिन विधानसभा चुनाव में पिछड़ गए, फिर पांच साल बाद 2024 में जनता भरोसा किया है और 52 विधानसभा सीटों पर भाजपा लीड की है, इसे आगामी चुनाव में बनाए रखना है और जिन सीटों पर पराजय हुई है उस पर जीत हासिल करना हमारा लक्ष्य है। इसी रणनीति के हम आगे कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में झारखंड के सीएम चंपई सोरेन अपने विधानसभा सीट से काफी मतों से भाजपा से पिछड़ गए थे, नौतिकता के आधार पर इसके लिए उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए था। हेमंत विस्वा ने साफ इंकार किया कि पार्टी में किसी तरह की कोई गुटबाजी है। प्रदेश के सभी नेता और कार्यकर्ताओं में आगामी चुनाव को लेकर उत्साह दिख रहा है।

**जनभावना के अनुरूप राज्य का...**
को ही आवास देने का लक्ष्य रखा गया था। इन्हें पहली किस्त के तहत 30-30 हजार रुपये काम शुरू कराने के लिए दिए गये हैं। वहीं, जिन्होंने पहले चरण का काम पूरा करके वेबसाइट में फोटो अपडेट किया है, उन्हें 50-50 हजार रुपये दिए गये हैं। इसकी संख्या अभी कम है। ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिन लाभुकों ने संतोषजनक काम किया है उन्हें अविलंब दूसरी किस्त की राशि आवंटित करें।

**आधारभूत संरचना के साथ हर सेक्टर का कर रहे हैं विकास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधारभूत संरचनाओं को मजबूत बना रहे हैं। लगभग 15 हजार किलोमीटर लंबी सड़के बना रही हैं । वहीं सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार समेत सभी सभी सेक्टर की व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम हो रहा है। लोगों को आगे बढ़ने के लिए के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर देने का प्रयास जारी है। खेतों में सालों भर पानी रहे, इसके लिए सिंचाई परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। राज्य में स्थित निजी क्षेत्र की कंपनियों में स्थानीय को नौकरी देने का कानून सरकार ने बनाया है। अब अभियान चलाकर यहां के युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी दिलाई जाएगी। शिक्षा व्यवस्था को उत्कृष्ट बना रहे हैं। यहां के गरीब बच्चे भी इंजीनियर डॉक्टर और अफसर बनें, इसके लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना समेत कई और योजनाएं चल रही है। इन तमाम योजनाओं के माध्यम से यहां के आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा, गरीब, मजदूर, बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला, युवा हर किसी को सशक्त करने का प्रयास निरंतर जारी है।

**राज्य के पिछड़ापन को दूर करने का संकल्प :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक और खनिज संसाधनों के मामले में काफी धनी है। यहां कोयला, तांबा, लोहा, सोना और यूरेनियम समेत कई खनिज प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, लेकिन अफसोस इस बात का है कि इस राज्य की गिनती देश के पिछड़े राज्यों में होती है । यहां के लोग गरीबी और अभाव की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आदिवासियों-मूलवासियों ने झारखंड अलग राज्य के लिए लंबा संघर्ष किया था। अलग राज्य की लड़ाई में कई आंदोलनकारी शहीद हुए थे। लेकिन अलग राज्य बनने के बाद उनके सपनों का झारखंड नहीं बन सका, लेकिन हमारी सरकार इस राज्य के आंदोलनकारियों और यहां की जनता की भावनाओं के अनुरोध राज्य का नवनिर्माण करने की दिशा में मजबूती कदम बढ़ा दिए हैं।

**पति ने ग्रामीणों के साथ मिलकर...**
ललितेश ने संपत्ति उराईन पर हमला किया। उसके बाद दो महिलाओं ने उसकी पिटाई की। फिर गांव वालों ने महिला के साथ मारपीट किया ।किसी ने इसी बीच टांगी से मार कर उसकी हत्या कर दी। वहीं बीच बचाव करने आई मृतका के मां सामिया उरांव पर भी हमला किया गया। मृतका के पिता पुनई उरांव ने बताया कि ललितेश उरांव पेशे से एक पारा टीचर है और पांच वर्ष पूर्व अपने पत्नी को छोड़ चुका है संपत्ति उराईन अपने दो बच्चों रामचंद्र उरांव,सलामी के साथ अपने मायके में ही रहती है।

**फर्जी एलपीसी निर्गत मामले में...**
जिस अंचल अधिकारी के समय यह फर्जी खेल हुआ इस पदाधिकारी को जांच का जिम्मा दिया जाना भी प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। एक तरफ अनुबंध कर्मियों को आरोपी बनाया जा रहा है, तथा दूसरी तरफ बड़े अधिकारियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। अगर इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जाती तो मुखिया संघ अंचल कार्यालय के समक्ष चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने को विवश होगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूणाडीह मुखिया गुड्डी देवी,चौरा मुखिया गुड्डू पासवान ,वीरेंद्र कुमार,शैलेश सिंह आदि उपस्थित थे। लेस्लीगंज थानाध्यक्ष राजू गुप्ता ने बताया कि चैनपुर सीओ के आवेदन पर एक अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई है जबकि दोनों बचे अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

**ठग अब 420 नहीं 316 कहलाएंगे...**
धोखाधड़ी या ठगी का अपराध 420 में नहीं, अब धारा 316 के तहत आएगा।कुछ विशेषज्ञों ने इन कानूनों पर सवाल उठाए हैं लोकतंत्र पर इनके प्रभाव को लेकर भी सवाल उठाए हैं कि पहले दंड देने की सेंट्रलाइज सोच वाले कानून थे और अब विक्टिम सेंट्रिक जस्टिस का उद्भव होने जा रहा है। मॉब लिंचिंग, यानी जब पांच या अधिक लोगों का एक समूह मिलकर जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करता है, तो समूह के प्रत्येक सदस्य को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। शादी का झूठा वादा करके सेक्स को विशेष रूप से अपराध के रूप में पेश किया गया है। व्यभिचार और धारा 377, जिसका इस्तेमाल समलैंगिक यौन संबंधों पर मुकदमा चलाने के लिए किया जाता था, इसे अब हटा दिया गया है। पहले केवल 15 दिन की पुलिस रिमांड दी जा सकती थी. लेकिन अब अपराध की गंभीरता को देखते हुए इसे 60 या 90 दिन तक दिया जा सकता है। छोटे अपराधों के लिए सजा का एक नया रूप सामुदायिक सेवा को शामिल किया गया है। जांच-पड़ताल में अब फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने को अनिवार्य बनाया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग, जैसे खोज और बरामदगी की रिकॉर्डिंग, सभी पूछताछ और सुनवाई ऑनलाइन मॉड में करना। एफआईआर, जांच और सुनवाई के लिए अनिवार्य समय-सीमा तय की गई है। उदाहरण के लिए, अब सुनवाई के 45 दिनों के भीतर फैसला देना होगा, शिकायत के 3 दिन के भीतर एफआईआर दर्ज करनी होगी। अब सिर्फ मौत की सजा पाए दोषी ही दया याचिका दाखिल कर सकते हैं। पहले गैर सरकारी संगठन या नागरिक समाज समूह भी दोषियों की ओर से दया याचिका दायर कर देते थे।

**वर्षो से उपेक्षित कचरवा डैम...**
वहीं शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा।

**86 एकड़ में फैला है कचरवा डैम :** कचरवा डैम करीब 86 एकड़ क्षेत्र में फैला है कि किंतु डैम के चारो तरफ अतिक्रमण होने से डैम का वास्तविक भू-भाग फिलवक्त सिकुड़ गया है। फिर भी अगर प्रशासन दृढ़ इच्छा शक्ति दिखलाए तब डैम की जमीन अतिक्रमण होने से बच सकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन व सरकार को ज्ञापन सौंपकर डैम की सौदर्यीकरण के लिए आग्रह किया है।

**सरकार की पहल से कचरवा डैम को मिल सकता है नया लूक :** पर्यटन को बढ़ावा देने की बात सरकार कर रही है। अगर प्रमंडलीय मुख्यालय के इस डैम का सौदर्यीकरण कार्य योजना तैयार कर सरकार कर दे तो शहरवासियों के लिए यह स्थल वरदान साबित होगा। साथ ही रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। फिलहाल डालटनगंज में नगरवासियों को परिवार के साथ बैठने घूमने फिरने का कोई स्थल नहीं है। बड़े शहरों की तरह इस पार्क को विकसित किया जाना है।

## नीट परीक्षा में धांधली के खिलाफ शिक्षा मंत्री का जलाया गया पुतला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर रविवार को रांची जिला एवं रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में नीट-यूजी-2024 परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ अल्बर्ट एक्का चौक, रांची में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर और रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा कहा कि प्रधानमंत्री अपनी चुप्पी तोड़कर अविलंब नीट यूजी परीक्षा को रद्द करें तथा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपना इस्तीफा दें। कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी डायरेक्टर को हटाकर एनडीए सरकार मामले को लीपापोती करने में लगी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए। देश में पिछले पांच सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक हुई है। भारत जैसे युवा देश में केन्द्र की एनडीए सरकार युवाओं के भविष्य को अधंकारमय बनाने पर तुली हुई है। करोड़ों होनहार मेहनतकश छात्रों के साथ खिलवाड करना घोर नाइंसाफी है। पेपर लीक का सबसे बड़ा कारण बीजेपी ने पूरे सिस्टम को अपनी गिरफ्त में कर रखा है।

## अस्थाई कर्मियों को भविष्य निधि के दायरे में लाने का निर्णय स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि राज्य सरकार का अस्थाई कर्मियों को भविष्य निधि के दायरे में लाने का निर्णय स्वागत योग्य है। उन्होंने रविवार को कहा कि राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों और अन्य सरकारी निकायों में संविदा, आकस्मिक, दैनिक वेतन एवं आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से काम करने वाले कामगारों को भविष्य निधि के दायरे में लाने का फैसला किया है। प्रकाश विप्लव ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों में जहां 20 से अधिक कर्मी काम करते हैं उन्हें पीएफ के दायरे में लाने का प्रावधान है लेकिन सरकार की इच्छाशक्ति की कमी और श्रम विभाग की उदासीनता तथा अधिकांश निजी प्रतिष्ठानों द्वारा इस प्रावधान को नजरअंदाज करने के चलते राज्य के लाखों कामगार भविष्य निधि की सुरक्षा छतरी के दायरे से बाहर ही हैं। विप्लव ने कहा कि पीएफ कामगारों का एक बड़ा सहारा है। उम्र हो जाने और सेवानिवृति के बाद पीएफ धारियों को ही अत्यंत कम लेकिन एक निश्चित राशि पेंशन के रूप में मिलती है, जिसे बढाए जाने की मांग ट्रेड यूनियनों द्वारा लगातार की जा रही है। इसके अलावा भविष्य निधि की जो राशि जमा होती है वह सेवा समाप्त होने के बाद ब्याज सहित एकमुश्त कामगारों को मिलती है जो उन्हें बुढापे में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। विप्लव ने कहा कि सीपीएम का राज्य सचिवमंडल चंपाई सोरेन सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए आग्रह करता है इस निर्णय को तत्काल और त्वरित गति से लागू किया जाए।

## न्यूज बॉक्स

### कल्पना सोरेन ने कथावाचक मोरारी बापू का लिया आशीर्वाद



**गिरिडीह।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन रविवार की सुबह मोरारी बापू की शरण में पहुंचीं। कल्पना गिरिडीह जिले के मधुबन में आयोजित श्रीराम कथा में भी शामिल हुईं और करीब एक घंटे बैठकर कथा सुनी। गांडेय विधायक ने मोरारी बापू के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

### रिटायर्ड सैनिकों के आश्रितों के पेंशन समस्याओं पर 25 को सम्मेलन

**रांची।** राजधानी रांची में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में 25 जून को सुबह 11 बजे से सम्मेलन आयोजित होगा। जिला सैनिक कल्याण निदेशालय के स्तर से आयोजित इस सम्मेलन में रिटायर्ड सैनिकों, विधवाओं एवं आश्रितों का जुटान होगा। इसमें पेंशन संबंधित समस्याओं के अलावा पारिवारिक एवं जमीन संबंधी समस्याओं पर विचार होगा। साथ ही वीर नारियों, विधवाओं तथा अनाथ बच्चों से संबंधित समस्याओं के अलावा भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं आश्रितों के कल्याणार्थ के लिए विचार एवं परामर्श पर विचार होगा।

### बदलाव संकल्प महासभा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

**रांची ।** आगामी 6 जुलाई 2024 को बुंडू पांच परगना हाई स्कूल मैदान में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा आयोजित बदलाव संकल्प महासभा कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफल बनाने के लिए रविवार को कुशवाहा भवन बुंडू में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मदन महतो ने किया गया। मौके पर जेबीकेएसएस महिला मोर्चा का केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा ने बताया कि बदलाव संकल्प महासभा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेबीकेएसएस केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो तथा विशिष्ट अतिथि केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो, अल्प संख्यक मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष रिजवान अंसारी , केंद्रीय उपाध्यक्ष संजय मेहता होंगे। कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी, कलाकार, बुद्धिजीवी व्यवसाय वर्ग के अलावा अन्य हजारों आदिवासी मूलवासी शामिल होंगे। कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफल बनाने के लिए आजोजक प्रबंधक कमिटी प्रभारी भागीरथ सिंह मुंडा, जयराम महतो, दमयंती मुंडा, प्रवीण प्रसाद, ग्राम प्रधान दोलगोविन्द मुंडा नियुक्त किया गया।



### मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल की ओर से एकदिवसीय वेबिनार का आयोजन

**रांची ।** मारवाड़ी कॉलेज रांची के प्लेसमेंट सेल ने रविवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया, वेबिनार के मुख्य वक्ता मुंबई से संजीव सिंह रहे, जो की एक सीरियल एंटरप्रेन्योर, एंजल इन्वेस्टर कम फाउंडर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप स्कूल एंड थिंकस्टार्टअप हैं और पूर्व में भारत सरकार के साथ सिविल सेवा में भी रहे। वेबिनर का शुरूआत विद्यार्थियों के साथ एक इंटरेक्टिव सेशन से हुआ, जिसमें छात्रों ने अपने अलग अलग बिजनेस आइडियाज को रखा और उसकी समीक्षा की गई। इस वेबिनार का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उद्यमिता के मौलिक सिद्धांतों, निवेश रणनीतियों और स्टार्टअप्स के लिए वृद्धि के अंदाजों पर जागरूक करना था। वेबिनार में छात्रों से उनके स्टार्टअप आईडिया पर चर्चा हुई जिसमें उन्हें आईडिया और मौका के बीच अंतर समझाया गया, साथ ही साथ आईडिया को एक्सेक्यूट करने के लिए क्या क्या चीज कि जरूरत होती है, क्या चीज पर काम करना है इत्यादि चीजों पर प्रकाश डाला गया। वेबिनार को अटेंड करने वाले छात्रों को प्रोत्साहन सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा, जो की उनके रिज्यूमे को अच्छा बनाने में मदद करेगी और भविस्य में जो इस फील्ड में काम करना चाहते हैं उनको एंजेल इन्वेस्टर के सामने पिच करने का मौके भी दिए जाएंगे। आगे की जानकारी के लिए, प्रस्तुत संपर्क विवरण का उपयोग करके प्रतिभागियों से संपर्क करने की प्रोत्साहना की गई।

### हक की लड़ाई में सप्लाई और स्थायी मजदूर साथ आएं

**रांची।** हटिया मजदूर यूनियन ने सप्लाई मजदूरों से एकजूट होकर भारी संख्या में मुख्यालय पहुंचने और संघर्ष में एकजुटता दिखाने का आह्वान किया है। कहा कि प्लांट में पहले सप्लाई मजदूर घुसेंगे इसके बाद अधिकारियों को मुख्यालय में घुसने दिया जाएगा। यूनियन ने स्थायी मजदूरों से भी अपील कि है कि वेतन भुगतान, पदोन्नति, पीएफ लोन आदि पर जो रोक लगाई गयी है, उसके लिए एकजुट होकर संघर्ष करें। कहा गया कि सप्लाई और स्थायी मजदूर आपसी द्वेष छोड़कर एक-दूसरे के साथ आएं। इसी कड़ी में स्थायी मजदूर छूट्टी होने पर कम से कम १५ मिनट के लिए मजदूर कैंटिन के पास आएं और एकजुटता दिखाऐं। सप्लाई मजदूर भी अपने पास आने वाले स्थायी मजदूरों का स्वागत करें। यह समय की पुकार है। हटिया मजदूर यूनियन की साफ समझ है कि एकता और संघर्ष को मजदूरों ने नहीं छोड़ा है, यह डरपोक यूनियन नेताओं का काम है। नौकरी और कारखाना बचाने गये थे, अबटूल डाउन का नारा देकर खुद नेता लोग बाहर घुम रहे हैं। मजदूर नेताओं को ढूंढ रहे हैं, लेकिन इनका कहीं पता नहीं चल रहा।
दुनिया में मजदूर एकता जिंदाबाद का नारा लगता है,नेता एकता जिंदाबाद नहीं लगता है। मुख्यालय और प्रशासनिक भवन में प्रवेश वर्जित है,जो लोग इसे तोड़ेंगे, मजदूर उसे नहीं छोडेगें। यह आह्वान सप्लाई मजदूरों का है।

### रांची के तिलता चौक के पास खराब सड़क के कारण दुर्घटना होने की आशंका

**रांची ।** शहर के तिलता चौक के पास सड़क की खराब स्थिति ने स्थानीय निवासियों और राहगीरों की समस्या बढ़ा दी है। खराब सड़क के कारण यहां गाड़ी पलटने की संभावना भी बढ़ गयी है, जिससे लोग काफी चिंतित हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। बारिश के बाद स्थिति और भी बिगड़ गयी है। इस सड़क पर से आने जानेवाले वाहन चालकों को कठिनाई होती है। दुर्घटना की संभावना बढ़ गयी है, यह सड़क काफी व्यस्त रहती है। जान लें कि यह सड़क काफी व्यस्त रहती है। यहां से रोजाना सैकड़ों गाड़ियां गुजरती हैं। गड्ढों के कारण गाड़ियां पलटने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन से शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कई बार नगर निगम के अधिकारियों को भी सूचना दी गयी है, लेकिन अभी तक सड़क की मरम्मत के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। लोगों ने मांग की कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत की जाये, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## ब्रिफ न्यूज

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बस खाई में गिरी, 25 जखमी



**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार को एक डबल डेकर बस बेकाबू होकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में 25 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 14 की हालत गंभीर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कन्नौज सड़क हादसे में घायल हुए लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर संबंधित अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। पुलिस की प्राथमिक जांच में हादसे की वजह चालक को नींद की झपकी आना बताया गया है।

### इजराइली बंदरगाह में जहाजों पर ड्रोन हमलों का किया दावा

**बगदाद।** इराक में एक शिया मिलिशिया ने रविवार को उत्तरी इजराइल और भूमध्य सागर में हाइफा बंदरगाह पर पांच जहाजों पर यमन के हौथी समूह के साथ संयुक्त ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी ली। शिया मिलिशिया ने एक ऑनलाइन बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने हौथी समूह के साथ दो संयुक्त अभियान चलाए। इस दौरान लड़ाकों ने हाइफा बंदरगाह में चार जहाजों और भूमध्य सागर में शॉर्टहॉर्न एक्सप्रेस जहाज पर ड्रोन से हमले किए। हमला तब किया, जब जहाज हाइफा बंदरगाह की ओर जा रहा था।

### भाजपा नेत्री माधवी लता ने किये बाबा महाकाल के दर्शन

**उज्जैन।** भाजपा नेत्री माधवी लता शनिवार देर रात को बाबा महाकाल के दर्शन किये। वह भगवान महाकाल की शयन आरती में शामिल हुईं और बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी श्रीराम गुरु ने गर्भगृह तक जाकर पूजन अर्चन कराया।हैदराबाद की बीजेपी से लोकसभा प्रत्याशी रही माधवी लता ने नंदी हाल में बैठकर शयन आरती देखी और इसके बाद गर्भ गृह की चौखट से भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। माधवी लता ने बाबा महाकाल को कमल पुष्प अर्पित किया। पुजारी राम गुरु ने माधवी लता को बाबा महाकाल का प्रसाद दिया और बाबा महाकाल को अर्पित दुपट्टा माधुरी लता के गले में आशीर्वाद स्वरुप डाला गया।

### इंडोनेशिया में बाढ़ से एक व्यक्ति की मौत, दो लापता



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के मध्य सुलावेसी प्रांत के परिगी माउतोंग रीजेंसी में बाढ़ आ गई। इस वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य लापता बताए जा रहे हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मोहरी ने रविवार को बताया, स्थानीय समयानुसार आज सुबह 4:38 बजे ऊपरी टोरि बुलु नदी क्षेत्र में भारी बारिश हुई। इस कारण कीचड़ से भरा पानी पास की बस्तियों में भर गया। बाढ़ की वजह से एक पुल टूटने से एक गांव का संपर्क टूट गया। करीब 120 परिवार प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा बाढ़ से घरों को भी नुकसान पहुंचा है। इसके चलते लोगों को गांव के कार्यालय में शरण लेनी पड़ी।

# शत्रुघ्न सिन्हा ने सोनाक्षी-जहीर को दिया आशीर्वाद

» मेरी बेटी जहीर के साथ सबसे ज्यादा खुश दिख रही है, उनकी जोड़ी सलामत रहे।

एजेंसी

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता और आसनसोल से टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने रविवार को अपनी बेटी सोनाक्षी और जमाई जहीर इकबाल को आशीर्वाद दिया। पत्नी पूनम के साथ अपनी बेटी के अपार्टमेंट में गए तृणमूल कांग्रेस के सांसद ने मीडिया से बातचीत में कहा, हर पिता इस पल का इंतजार करता है, जब उसकी बेटी को उसके चुने हुए दूल्हे को सौंप दिया जाता है। मेरी बेटी जहीर के साथ सबसे ज्यादा खुश दिख रही है। उनकी जोड़ी सलामत रहे।''

विवाह की कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के साथ ही लोगों का ध्यान मुंबई के लिंकिंग रोड पर रेस्तरां बैस्टियन पर गया। रविवार रात की पार्टी के लिए थीम ब्लैक एंड रेड रखी गई है। वहीं, डीजे गणेश रिसेप्शन में लाइव परफॉर्म करेंगे। इस बीच तब्बू ने अजय देवगन के साथ अपनी आने वाली फिल्म 'औरों में कहां दम था' के प्रमोशनल राउंड के दौरान पपराजी के सामने यह घोषणा करके जश्न का माहौल और भी बढ़ा दिया कि हम सब शादी में जा रहे हैं।



### सोनाक्षी व जहीर इकबाल पिछले सात सालों से कर रहे थे डेटिंग

शनिवार की रात सोनाक्षी के साथ उनकी करीबी दोस्त हुमा कुरैशी और साकिब सलीम भी मौजूद थे। यो यो हनी सिंह रविवार को शादी में शामिल होने के लिए मुंबई पहुंचे। वहीं, रितेश और जेनेलिया देशमुख ने भी कहा कि वे शादी की पार्टी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस बात को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान शादी में शामिल होंगे या नहीं। सोनाक्षी और जहीर इकबाल पिछले सात सालों से डेटिंग कर रहे हैं। ऐसा कहा जाता है कि दोनों की मुलाकात तब हुई जब जहीर सलमान खान द्वारा निर्मित 2019 की रोमांटिक ड्रामा 'नोटबुक' की शूटिंग कर रहे थे। जहीर इस फिल्म में अभिनेता मोहनीश बहल की बेटी और



# री-नीट की मांग को लेकर फिर धरना-प्रदर्शन पर छात्र

## हर्ष दुबे ने कहा- सीबीआई जांच से कुछ नहीं होगा




एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीट में कथित धांधली को लेकर छात्रों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। नीट को फिर से कराने की मांग के लिए छात्र एक बार फिर सड़क पर उतर चुके हैं। छात्रों की इस लड़ाई में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस भी शामिल है। परीक्षा फिर से कराने की मांग को लेकर नीट अभ्यर्थियों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान आईएएनएस ने धरना दे रहे नीट अभ्यर्थियों से बात की। जंतर-मंतर पर धरना दे रही एक छात्रा ने बताया कि यह मेरा दूसरा अटेम्प्ट था और मेरे 620 अंक आए हैं। हमारी मांग है कि नीट दोबारा कराई जाए, इस परीक्षा ने हम संतुष्ट नहीं हैं। इस सरकार के ऊपर जब विपक्ष का इतना प्रेशर पड़ा तब सीबीआई जांच के आदेश दिए गए। नीट फिर से कराना ही एकमात्र विकल्प है। हर्ष दुबे ने कहा कि हम चाहते हैं कि नीट दोबारा कराई जाए। सरकार अब यह मान रही है कि गलतियां हुई है, एनटीए के डीजी को हटा दिया गया, सीबीआई को जांच सौंपी गई। परीक्षा में अगर धांधली नहीं हुई तो फिर सरकार कार्रवाई क्यों कर रही है। सीबीआई को पहले भी जांच सौंपी जा सकती थी, जांच में देरी करने से आरोपियों को सबूत के साथ छेड़छाड़ करने का समय मिल गया है। हमारी मांग है कि परीक्षा फिर से कराई जाए, ताकि छात्रों को इंसाफ मिले।

धरने पर बैठे छात्र प्रशांत ने बताया कि हमारी मांग है कि नीट दोबारा कराई जाए। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, इसलिए आज फिर हम जंतर-मंतर पर आए हैं। इससे पहले भी हम यहां धरने पर बैठ चुके हैं। जो काम सरकार अब कर रही है, वह पहले किया जाना चाहिए था। अब तक तो सबूत के साथ छेड़छाड़ की जा चुकी होगी। सीबीआई जांच से कुछ नहीं होने वाला है, हमारी मांग है कि परीक्षा दोबारा कराई जाए। बता दें कि केंद्र सरकार ने नीट में हुई कथित धांधली की जांच सीबीआई को सौंप दी है और एनटीए के डीजी को भी पद से हटा दिया है।

### नीट पर बवाल के बीच शशि थरूर ने कसा उत्तर प्रदेश पर तंज

**नई दिल्ली।** पूरे देश में नीट पेपर लीक का मामला सुर्खियों में है। इसे लेकर सियासी पारा भी गमार्या हुआ है। विपक्षी पार्टियां केंद्र सरकार पर लगातार प्रहार कर रही हैं। विपक्ष का कहना है कि सरकार पेपर लीक रोकने में विफल साबित हुई है। इसी बीच सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफॉर्म पर भी इससे जुड़ा एक पोस्ट वायरल हो रहा है। यह पोस्ट उत्तर प्रदेश से जुड़ा है। इसी वायरल पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए कांग्रेस नेता शशि थरूर ने केंद्र सरकार पर तंज कसा। शशि थरूर ने एक्स पर लिखा, शानदार, परीक्षा पे चर्चा।

दरअसल, वायरल पोस्ट में सवाल है कि 'उत्तर प्रदेश किसे कहते हैं?' जवाब में लिखा गया, 'वह प्रदेश जहां परीक्षा से पहले उत्तर का पता चल जाए, उसे उत्तर प्रदेश कहते हैं।' जवाब के नीचे 10 में से 10 नंबर लिखे हैं। साथ ही रिमार्क में 'सम्मान लायक हो बेटा' भी लिखा गया है। इसी पोस्ट को कांग्रेस नेता शशि थरूर ने नीट पेपर लीक से

**शशि थरूर के पोस्ट से कांग्रेस का असली चेहरा उजागर** : नई दिल्ली। पेपर लीक को लेकर चल रहे विवाद के बीच शशि थरूर ने एक वायरल पोस्ट शेयर की। इसमें एक उत्तर पुस्तिका के साथ एक प्रश्न लिखा गया था। इसमें लिखा गया था कि उत्तर प्रदेश किसे कहते हैं? जवाब में लिखा गया कि 'वो प्रदेश जहां परीक्षा से पहले उत्तर का पता चल जाए, उसे उत्तर प्रदेश कहते हैं।



### राहुल ने वायनाड के लोगों को लिखी इमोशनल चिट्ठी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने रविवार को वायनाड की जनता के नाम एक इमोशनल चिट्ठी लिखी। राहुल गांधी ने अपनी चिट्ठी में लिखा, वायनाड के प्यारे बहनों और भाइयों, मुझे उम्मीद है कि आप ठीक होंगे। जब मैं मीडिया के सामने आपको अपने फैसले के बारे में बताने के लिए खड़ा था तब आपने मेरी आंखों में उदासी देखी होगी। तो, मैं दुखी क्यों हूं? मैं आपसे पांच साल पहले मिला था। पहली बार जब मैं आपसे मिलने आया था, तो मैं आपका समर्थन मांगने आया था। मैं आपके लिए एक अजनबी था और फिर भी आपने मुझ पर विश्वास किया। आपने मुझे बेपनाह प्यार और स्नेह से गले लगाया।

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस राजनीतिक दल का समर्थन करते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस समुदाय से हैं या आप किस धर्म को मानते हैं या आप कौन सी भाषा बोलते हैं। राहुल गांधी ने चिट्ठी में आगे लिखा, जब मुझे दिन-ब-दिन दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा, तो आपके बिना शर्त वाले प्यार ने मेरी रक्षा की। आप लोग मेरी शरण, मेरा घर और मेरा परिवार थे। मुझे कभी एक पल के लिए भी ऐसा नहीं लगा कि आपको मुझ पर शक है। मैंने बाढ़ के दौरान जो कुछ भी देखा, उसे कभी नहीं भूलंगा। लोगों ने परिवार और बहुत कुछ खो दिया। जीवन, संपत्ति, दोस्त सब चले गए और फिर भी आप में से किसी ने, यहां तक कि सबसे छोटे बच्चे ने भी अपनी गरिमा नहीं खोई। मुझे याद रहेगा, आपने मुझे जो अनगिनत फूल दिए और मुझे गले लगाए। हर किसी ने इतने सच्चे प्यार और कोमलता से साथ दिया। मैं कैसे भूल सकता हूं, वह बहादुरी, खूबसूरती और आत्मविश्वास जिसके साथ लड़कियां हजारों लोगों के सामने मेरे भाषणों का अनुवाद करती थी।



» जब मुझे दिन-ब-दिन दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा, तो आपके बिना शर्त वाले प्यार ने मेरी रक्षा की।

### दरबार साहिब में योग करने वाली लड़की के खिलाफ मामला दर्ज

» एसजीपीसी ने ड्यूटी पर मौजूद तीन कर्मचारियों को निलंबित किया

एजेंसी

**चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दरबार साहिब परिसर में योगा करके वीडियो वायरल करने वाली गुजराती लड़की अर्चना मकवाना के खिलाफ अमृतसर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पहले ही तीन कर्मचारियों को निलंबित किया है। अमृतसर पुलिस ने दरबार साहिब के प्रबंधक भगवंत सिंह की शिकायत पर यह कार्रवाई की है।

पुलिस को दी शिकायत में भगवंत सिंह ने कहा है कि 22 जून को यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल किया गया, जिसमें अर्चना मकवाना दरबार साहिब की परिक्रमा में शहीद बाबा दीप सिंह के स्थान के पास जगह पर योगा करते हुए फोटो खींची और जानबूझ कर वायरल किया, जिससे सिख भावनाओं को ठेस पहुंची है।

### ये मौत नहीं हत्या, तमिलनाडु में 32 दलित मारे गए, राहुल चुप क्यों

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने तमिलनाडु में नकली शराब पीने से हुई मौतों पर विपक्षी आईएनडीआई गठबंधन की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। पार्टी नेता संबित पात्रा ने कहा कि अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें से 32 दलित हैं, लेकिन इस घटना पर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, द्रमुक नेता और गठबंधन के अन्य नेता कुछ नहीं बोल रहे हैं। पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता और पुरी लोक सभा सीट से नवनिर्वाचित सदस्य संबित पात्रा ने कहा, अगर इस देश में 32 से ज्यादा दलित मारे जाएं तो मैं इसे हत्या कहूंगा, ये मौत नहीं है। पात्रा ने कहा कि तमिलनाडु के करुणापुरम नामक गांव में, जहां ज्यादातर अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं। 56 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और कई की हालत गंभीर है। कांग्रेस पार्टी और उनके इंडी गठबंधन के नेता इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? उन्होंने आगे कहा कि इसका मुख्य आरोपित द्रमुक से जुड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि नकली शराब का यह धंधा कल्लाकुरिजी में सालों से चल रहा था। वे भी पुलिस स्टेशन और जिला अदालत के नजदीक चल रहा था। आज के अखबार में साफ लिखा है कि इस घटना के सरगना गोविंद राज का गोदाम व्यस्त सड़क पर था।



# इसरो ने की आरएलवी 'पुष्पक' की लगातार तीसरी सफल लैंडिंग

» चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी. की ऊंचाई पर हवा में छोड़ा गया रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को सुबह लॉन्च व्हीकल पुष्पक का तीसरी बार पूरी तरह कामयाब परीक्षण किया। पुष्पक को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी. की ऊंचाई से हवा में छोड़ा गया। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में इस रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी) ने खुद ही आधा घंटे बाद जमीन पर लैंड किया। आखिरी परीक्षण में इसरो के 'पुष्पक' शटल ने साबित कर दिया कि यह बार-बार अंतरिक्ष में जाकर धरती पर सुरक्षित लौट सकता है। इसरो ने इससे पहले पिछले साल 02 अप्रैल को आरएलवी लेक्स-1 का सफलतापूर्वक संचालन किया था। इसके बाद इसी साल 22 मार्च को आरएलवी लेक्स-2 का सफल परीक्षण किया गया था।

इसी श्रृंखला में तीसरा और अंतिम परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में वैमानिकी परीक्षण रेंज (एटीआर) में आज सुबह 07:10 बजे किया गया। आरएलवी लेक्स-01 और लेक्स-02 मिशनों की सफलता के बाद आरएलवी लेक्स-03 ने अधिक चुनौतीपूर्ण रिलीज स्थितियों में और अधिक गंभीर हवा की स्थिति में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमता का फिर से प्रदर्शन किया। इसरो के मुताबिक पुष्पक नामक पंख वाले वाहन को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी. की ऊंचाई पर छोड़ा गया। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल धीमी गति से उड़ान भरने के बाद रनवे से 4.5 किमी दूर स्वायत्त रूप से क्रॉस-रेंज सुधार युद्धाभ्यास करने के बाद रनवे के पास पहुंचा और सेंटर लाइन पर लैंडिंग गियर के साथ खुद ही एटीआर में 7.40 बजे लैंड किया। लैंडिंग करते वक्त इसका वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, जबकि एक वाणिज्यिक विमान के लिए यह 260 किमी प्रति घंटे और एक सामान्य लड़ाकू विमान के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है। टचडाउन के बाद वाहन के वेग को उसके ब्रेक पैराशूट का उपयोग करके लगभग 100 किमी प्रति घंटे तक कम कर दिया गया था।




## अभियान में इसरो सहित कई संस्थाएं शामिल

लगातार तीसरी बार यह परीक्षण सफल होने के बाद साबित हो गया कि रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के सहारे रॉकेट को दोबारा लॉन्च किया जा सकता है। इस परीक्षण में इसरो के साथ भारतीय वायु सेना, वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई), हवाई वितरण अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (एडीआरडीई), सैन्य उड़ान योग्यता और प्रमाणन केंद्र (सीईएमआईएलएसी) के तहत क्षेत्रीय सैन्य उड़ान योग्यता केंद्र (आरसीएमए), राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशालाएं (एनएएल), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर, भारतीय एयरोस्पेस औद्योगिक साझेदार, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से महत्वपूर्ण समर्थन के साथ कई इसरो केंद्र शामिल थे। इसरो बीते कुछ सालों में लगातार एक के बाद एक कामयाबी की इबारत लिख रहा है। इस तीसरे मिशन के साथ इसरो ने अंतरिक्ष में लौटने वाले वाहन की उच्च गति स्वायत्त लैंडिंग करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकियों को फिर से मान्य किया है। इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने ऐसे जटिल मिशनों में सफलता की लय बनाए रखने के उनके प्रयासों के लिए टीम को बधाई दी।